सुप्रभात
रांची, सोमवार
01.04.2024
* * नगर संस्करण | पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 257

12 फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फर्स्ट के बीच है चुनाव : योगी

इफ्तार : शाम 6.01 (1 अप्रैल)
सेहरी : भोर 4.21 (2 अप्रैल)

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

HIND
INDUSTRIAL TECHNICAL INSTITUTE
NISHA APARTMENT, JAWAHAR NAGAR ROAD NO.11, MANGO, JAMSHEDPUR (TATA NAGAR), JHARKHAND
09234721984, 7050557786

इफ्तार : शाम 6.01 (1 अप्रैल)
सेहरी : भोर 4.21 (2 अप्रैल)

## गठबंधन की महारैली में हेमंत-केजरी की तुरंत रिहाई की उठी मांग

# झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रुकेगा नहीं : कल्पना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, नयी दिल्ली।** रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित इंडिया गठबंधन की महारैली में गठबंधन के सदस्य झामुमो की तरफ से कल्पना सोरेन और सीएम चंपई सोरेन ने भी लोगों को संबोधित किया। पार्टी की ओर से राज्यसभा सदस्य व झामुमो नेता महुआ माजी भी शामिल थीं। झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए सड़क पर आना होगा। कल्पना ने कहा कि मोदी सरकार तानाशाही कर रही है। केंद्र सरकार के खिलाफ जो लोग इनके खिलाफ बोलते हैं उन्हें जेल के अंदर डाला जा रहा है। विपक्ष के नेताओं को इडी और सीबीआई के जरिए गलत तरीके से फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन पर अब तक कोई भी आरोप साबित नहीं हो पाया है। रामलीला मैदान से कल्पना सोरेन कहा- झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रुकेगा नहीं। आने वाले दिनों में आप सबका आशीर्वाद हमें मिले, यही हम चाहते हैं। उन्होंने अंत में कहा- झारखंड झुकेगा नहीं और इंडिया रुकेगा नहीं। कल्पना सोरेन ने लोगों के साथ तीन बार जय हिंद, जय हिंद, जय हिंद के नारे लगाये और अपने भाषण का समापन जोहार से किया।



### मोदी सरकार तानाशाही पर उतरी

महारैली में कल्पना सोरेन ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार तानाशाही कर रही है। केंद्र सरकार के खिलाफ जो लोग इनके खिलाफ बोलते हैं उन्हें जेल के अंदर डाला जा रहा है। जो लोग उनकी पार्टी में आ रहे हैं उन्हें माफ किया जा रहा है। विपक्ष के नेताओं को बेवजह परेशान किया जा रहा है। विपक्ष के सभी नेताओं को परेशान किया जा रहा है। झूठे मामलों में जेल के अंदर किया जा रहा है। ईडी के द्वारा जबरदस्ती रेड करवाई जा रही है। सीबीआइ जांच करवाई जा रही है सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता सबसे बड़ी है। कोई नेता बड़ा हो जाये, तो वह सबसे बड़ा नहीं होता।

## झारखंड से बजेगा लोकतंत्र बचाने का बिगुल : चंपई



रामलीला मैदान में महारैली में सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड से ही बजेगा लोकतंत्र बचाने का बिगुल। उन्होंने कहा कि इडी व सीबीआइ का केंद्र सरकार गलत इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने ये भी कहा कि झारखंड से ही लोकतंत्र को बचाने का बिगुल बजेगा। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र बचाओ महारैली लोकतंत्र को बचाने के लिए है। लोगों को यह बताने के लिए है कि केंद्र की अभी की जो सरकार है, वो तानाशाही को बढ़ावा दे रही है। चंपई सोरेन ने कहा कि जिस जमीन के नाम पर हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया, उस जमीन का कहीं भी किसी किताब में जिक्र नहीं है। झारखंड में हेमंत सोरेन ने पिछड़े वर्गों और समुदायों का जो उत्थान किया, उससे भाजपा के पेट में दर्द शुरू हो गया। यही लड़ाई हमारे पूर्वजों ने भी झारखंड में लड़ी थी। हम सब एक हैं। हम झारखंड के साथ-साथ देश में भी भाजपा की विचारधारा को पनपने नहीं देंगे। अत्याचार के खिलाफ लड़ाई झारखंड से शुरू होगी और केंद्र की सरकार को हटा कर खत्म होगी।

**हमें कोर्ट पर भरोसा, जीतेंगे:**
कल्पना सोरेन ने कहा है कि दोषी कौन है यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा। न्यायपालिका पर हमें पूरा भरोसा है, हम यही चाहेंगे कि हमें इंसाफ जल्दी से जल्दी हमें न्याय मिले। उन्होंने कहा हम जरूर जीतेंगे। आज हम जितनी भी पार्टी यहां पर इकट्ठा हुए हैं, लोकतंत्र को बचाने के लिए यहां पर आये हैं। यही से हम संकल्प लेकर जा रहे हैं और यहां से हम एकजुट होकर केंद्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ लड़ेंगे। लोकतंत्र को बचाने के लिए हमें सड़क पर आना होगा।

**पांच बड़ी मांगे उठी :** महारैली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने आइएनडीए गठबंधन की पांच मांगें बतायी। पहली मांग -भारत के चुनाव आयोग को लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने चाहिए। दूसरी मांग विपक्षी राजनीतिक दलों के खिलाफ आइटी, इडी और सीबीआइ की कार्रवाई को रोकना चाहिए। गठबंधन की तीसरी मांग है कि हेमंत सोरेन और केजरीवाल की तत्काल रिहाई की जानी चाहिए। चौथी मांग चुनाव के दौरान विपक्षी दलों का आर्थिक रूप से गला घोटने की जबरन कार्रवाई तुरंत बंद हो। पांचवी मांग चुनावी बांड का उपयोग करके भाजपा द्वारा बदले की भावना, जबरन वसूली और धनशोधन के आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक एसआइटी गठित हो जानी चाहिए। महारैली में राहुल गांधी, मलिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती समेत तमाम बड़े नेता मौजूद थे।

## बंगाल, असम और झारखंड में आंधी पानी से भारी तबाही

# पांच की मौत, 100 से अधिक घायल

**एजेंसी**

कोलकाता, रांची। पश्चिम बंगाल, झारखंड, असम और मणिपुर सहित देश के कई इलाकों में रविवार को तेज बारिश और ओलावृष्टि से भारी तबाही मची है। चक्रवात की वजह से घरों, इमारतों और फसलों को भारी नुकसान की खबर है। बंगाल के जलपाईगुड़ी में चार लोगों की मौत हो गयी है, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो हो गये हैं। भारी बारिश और हवा के बाद हवाई सेवा प्रभावित, 6 उड़ानों के रूट बदलने पड़े। वहीं झारखंड के बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के एक पेड़ गिरने से मनबोध बारा (32) नामक एक युवक की मौत हो गयी। पश्चिम बंगाल में तो भारी तबाही की खबर है। (शेष 11 पर)

### रांची में आंधी-पानी से कई पेड़ गिरे



**झारखंड** में रांची सहित धनबाद, पलामू, जमशेदपुर समेत कई जिलों में रविवार को तेज आंधी-पानी में दर्जनों पेड़ सड़कों पर गिर पड़े। देर शाम अचानक आंधी-पानी से कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। शनिवार को भी बारिश हुई थी। रविवार को देर शाम गरज के साथ भारी बारिश हुई और बड़े-बड़े ओले गिरे। मौसम विभाग ने पहले 31 मार्च को बारिश और मेघ गर्जन का पूर्वानुमान लगाया था। वहीं बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय व आसपास के क्षेत्र में शनिवार की रात आयी आंधी से कई घरों को नुकसान पहुंचा। पेड़ गिरने से मनबोध बारा (32) की मौत हो गयी। चर्च के फादर देवनीश कुजूर ने बताया कि मनबोध बारा (जयगीर गुमला) चर्च के बाहर कुर्सी पर बैठा हुआ था। तभी आंधी की वजह से चर्च परिसर में लगा एक पेड़ गिर गया।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ न रुकेंगे और न ही झुकेंगे : मोदी

# भ्रष्टाचारियों को तो जेल जाना ही होगा

**एजेंसी**

**मेरठ।** पीएम मोदी ने क्रांतिधरा (मेरठ) से चुनावी शंखनाद करते हुए रविवार को कहा कि कितना भी बड़ा भ्रष्टाचारी हो, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी उन्हें जेल जाना होगा। ये मोदी झुकने वाला नहीं है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, ये इंडी गठबंधन लेकर आये हैं। मेरा भारत मेरा परिवार है। मैं अपने देश को भ्रष्टाचारियों से बचाने के लिए जो कदम उठाये जा रहे हैं उनके खिलाफ एक बहुत बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं। इसलिए बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचारी कान खोलकर सुन लें, ये मोदी है रुकने वाला नहीं है। बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। उनकी वही जगह होगी। उच्चतम न्यायालय तक से जमानत नहीं मिल रही है और उन्हें न्यायालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह (मोदी) भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहे हैं, तो कुछ लोग अपना आपा खो बैठे हैं। उन्होंने कहा, मोदी का मंत्र है, भ्रष्टाचार हटाओ! वे कहते हैं, भ्रष्टाचारी बचाओ! पीएम ने कहा, 2024 का चुनाव महज सरकार बनाने के लिए नहीं है, बल्कि दो खेमों की लड़ाई है। एक खेमा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का है, जो भ्रष्टाचार हटाने के लिये मैदान में है, जबकि दूसरा वह है, जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिये मैदान में है। इन भ्रष्टाचारियों ने, इन बेइमानों ने जिनका धन लूटा है, उनका धन मुझे वापस लौटाना है और इन्हीं लोगों ने मिलकर एक इंडी गठबंधन बना लिया है। पूरे देश में बिस्तर से नोटों के ढेर निकल रहे हैं, कहीं दीवारों से नोटों के ढेर निकल रहे हैं। (शेष 11 पर)

### कांग्रेस का देशविरोधी कारनामा



पीएम मोदी ने कहा, आज ही कांग्रेस का एक और देश विरोधी कारनामा देश के सामने आया है। तमिलनाडु में भारत के समुद्री तट से कुछ देर श्रीलंका और तमिलनाडु के बीच में समुद्र में एक टापू है, ये द्वीप सुरक्षा की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। देश आजाद हुआ तब हमारे पास था और ये हमारे भारत का अभिन्न अंग रहा है। लेकिन कांग्रेस ने चार-पांच दशक पहले कह दिया कि ये द्वीप को गैर जरूरी है, फालतू है, यहां तो कुछ होता ही नहीं है। ये कहते हुए मां भारती का एक अंग कांग्रेस के लोगों ने काट दिया और भारत से अलग कर दिया। उन्होंने कहा, भारत के मछुआरे मछली पकड़ने के लिए समुद्र में जाते हैं तो इन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। उनकी बोट को कब्जा कर लिया जाता है, ये कांग्रेस के पाप का परिणाम है कि हमारे मछुआरे आज भी सजा भुगत रहे हैं।

## चुनाव आते ही बिगड़ने लगी सरकारी कर्मियों की तबीयत

# पांच दिनों में 500 लोगों ने मांगी चुनावी ड्यूटी से छूट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चुनाव ड्यूटी शुरू होते ही सरकारी कर्मचारियों और बाबुओं की बीमारियां सामने आने लगी हैं। रांची में महज 5 दिनों के अंदर बीमारी का हवाला देकर चुनाव ड्यूटी से मुक्ति पाने के लिए 500 से ज्यादा आवेदन जिला प्रशासन के पास पहुंचे हैं। इन सभी आवेदनों की जांच की जा रही है। चुनाव का समय आते ही जहां आम लोग उत्साहित हो जाते हैं, वहीं सरकारी कर्मचारियों के चेहरे पर ड्यूटी के भय से उदासी छा जाती है। कुछ ऐसा ही माहौल रांची जिले में देखने को मिल रहा है। रांची जिला प्रशासन की ओर से करीब 13 हजार कर्मचारियों और अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी में तैनात किया गया है। चुनाव ड्यूटी में लगाये जाने की सूचना मिलते ही कर्मचारी व पदाधिकारी अपनी-अपनी बीमारी का हवाला देकर धड़ाधड़ आवेदन देने लगे हैं। रांची जिला सिविल सर्जन कार्यालय के कर्मचारी के मुताबिक, करीब 500 ऐसे आवेदन मिले हैं, जिनमें कहा गया है कि वह अपनी बीमारी के कारण चुनाव ड्यूटी नहीं कर पायेंगे।

### मेडिकल बोर्ड करेगी जांच

कर्मचारियों का आवेदन मिलते ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची उपायुक्त ने मेडिकल बोर्ड गठित कर प्राप्त सभी आवेदनों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। कहा गया है कि जो लोग वास्तव में बीमार हैं उन्हें ही चुनाव ड्यूटी से छूट दी जाये, बाकी सभी को चुनाव ड्यूटी में लगाया जाये। चुनाव में ड्यूटी पर रहने के बाद जिन लोगों ने मेडिकल बोर्ड को आवेदन दिया है, उन सभी कर्मचारियों को मेडिकल बोर्ड में शामिल डॉक्टरों के द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। रांची के सिविल सर्जन प्रभात कुमार के अनुसार कई आवेदन ऐसे हैं जो वाकई असली हैं। कई ऐसे कर्मचारी हैं जिन्हें कैंसर, विकलांगता और किडनी फेल्योर जैसी बीमारियां हैं। गौरतलब है कि कई बार कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी के लिए नक्सली बेल्ट और जंगली इलाकों में तैनात किया जाता है। उन इलाकों में गोलीबारी की आशंका बनी रहती है। इसी डर से सरकारी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी पर जाने से बचना चाहते हैं।

## आज से बदलेंगे कई नियम, जनता पर पड़ेगा बोझ

**रांची।** नये वित्तीय वर्ष 2023-24 एक अप्रैल से झारखंड समेत देशभर में कई नियम बदल जायेंगे। इसका सीधा असर देश की आम जनता पर पड़ेगा। जो नियम बदल रहे हैं, उनमें फास्टैग, पैन-आधार लिंकिंग, नेशनल पेंशन सिस्टम, इंश्योरेंस पॉलिसी, एसबीआई डेबिट कार्ड से जुड़े नियम शामिल हैं। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने वन व्हीकल, वन फास्टैग पहल के तहत बिना केवाईसी वाले फास्टैग को ब्लैकलिस्ट या डिएक्टिवेट करने की घोषणा की थी। एनएचएआई ने फास्टैग यूजर्स को केवाईसी अपडेट करने की डेडलाइन 31 मार्च 2024 तय की थी। अगर आपने अपना केवाईसी अपडेट नहीं किया हौ तो एक अप्रैल से फास्टैग बंद हो जायेगा। (शेष 11 पर)

### हॉकी इंडिया का छठा वार्षिक पुरस्कार

## झारखंड की सलीमा टेटे सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी



दीपिका सोरेंग अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। हॉकी इंडिया के छठे वार्षिक पुरस्कार-2023 का आयोजन रविवार को दिल्ली में किया गया। इसमें झारखंड की सलीमा टेटे को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सलीमा को हॉकी इंडिया की ओर से 25 लाख का चेक दिया गया। पुरुषों में हार्दिक सिंह को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। इस वर्ष हॉकी इंडिया की ओर से आठ श्रेणियों कुल 32 खिलाड़ियों को वार्षिक पुरस्कारों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया, जिनके बीच कुल 7.56 करोड़ की राशि दी गई। सलीमा टेटे के अलावा झारखंड की दीपिका सोरेंग को अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (अंडर-21 महिला) के लिए असुंता लकड़ा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जिसके तहत हॉकी इंडिया की ओर से 10 लाख रुपये का चेक दिया गया।

**हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार**

वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (पुरुष) के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार-25 लाख का चेक- हार्दिक सिंह। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (महिला) के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार-25 लाख का चेक- सलीमा टेटे। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार-5 लाख का चेक-पीआर श्रीजेश। वर्ष के डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार-5 लाख का चेक-हरमनप्रीत सिंह। वर्ष के मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार-5 लाख का चेक-हार्दिक सिंह। फॉरवर्ड ऑफ द ईयर के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लई पुरस्कार-5 लाख का चेक-अभिषेक। हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा वर्ष के आगामी खिलाड़ी का पुरस्कार (महिला-21 वर्ष से कम)-10 लाख का चेक-दीपिका सोरेंग। हॉकी इंडिया जुगराज सिंह वर्ष के आगामी खिलाड़ी का पुरस्कार (पुरुष-21 वर्ष से कम)-10 लाख का चेक-अरजीत सिंह हुंदल। मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

# गठबंधन सपोर्ट करे तो धनबाद से लड़ूंगा : सरयू राय

- ढुल्लू पर लगे कई आरोपों पर जवाब दे भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा है कि अगर इंडी गठबंधन समर्थन करे तो वे धनबाद से लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं। श्री राय रविवार को अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने धनबाद में संगीन अपराधों के आरोपी ढुल्लू महतो को अपना उम्मीदवार बनाया है। ढुल्लू को हराने के लिए उन्हें चुनाव लड़ने से परहेज नहीं है। श्री राय ने कहा कि वह इस मुद्दे पर कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम समेत कई नेताओं से बातचीत कर चुके हैं। मैंने, उन्हें कहा है कि आप धनबाद हर बार उम्मीदवार खड़ा करते हैं और वह हार जाता है। अगर ढुल्लू जैसे दुर्दांत व्यक्ति को संसद पहुंचने से रोकना है तो मुझे समर्थन दीजिये। या फिर किसी ऐसे नेता को खड़ा करिये, जो चुनाव जीत सके।

### ढुल्लू महतो चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य

सरयू राय ने कहा कि ढुल्लू महतो संगीन मामलों के मुकदमों का अर्धशतक पूरा कर चुके हैं। शुक्रवार तक उनपर 49 संगीन अपराधों के मुकदमे दर्ज थे। शनिवार को कृष्णा अग्रवाल ने उनपर मुकदमा किया है। ढुल्लू महतो पर दर्ज 21 मामले धारा 307 के हैं। 13 मुकदमे रंगदारी और दबंगई के हैं और 15 मुकदमे आर्म्स और एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत दर्ज हैं। इनमें से 4 मामलों में ढुल्लू सजायाफ्ता हैं। उन्होंने तीन मुकदमों में एक-एक साल और एक मुकदमे में डेढ़ साल सजा काटी है। कुल मिलाकर उन्हें साढ़े चार साल की सजा हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट केके प्रभाकरण बनाम पी जयराजन केस के जजमेंट के तहत देखें तो ढुल्लू चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं।

### भाजपा बताये कैसे दिया टिकट

सरयू राय ने यह भी कहा कि भाजपा जबाव दे कि आखिर इतने संगीन मामलों के आरोपी ढुल्लू को लोकसभा का टिकट क्यों और किस आधार पर दिया गया। उन्होंने इशारे-इशारों में ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि धनबाद में अभी जिस तरह की स्थिति पैदा हुई है, वह उन्हीं लोगों की शह पर हुई है। इन्होंने जमशेदपुर में उनके खिलाफ साजिश रची थी।

### स्क्रिप्ट किसी की, आवाज प्रिंस खान की

सरयू राय ने कहा कि ढुल्लू महतो खुद को ओबीसी का हितैषी बताते हैं, लेकिन अपने विधायक काल में उन्होंने ओबीसी समुदाय पर जितने अत्याचार किये हैं, उतना किसी और ने नहीं किया है। वहीं बीसीसीएल के बाघमारा क्षेत्र के एरिया संख्या 1 से 5 तक के सैकड़ों मजदूरों का शोषण ये प्रतिदिन करते हैं। शनिवार को अपराधी प्रिंस खान के वायरल ऑडियो को लेकर सरयू राय ने कहा कि वह आवाज प्रिंस खान की है, लेकिन स्क्रिप्ट किसी और की है। दो दिन पहले ढुल्लू महतो ने कृष्णा अग्रवाल को धमकाया था। उसकी और प्रिंस खान की ऑडियो में सिर्फ आवाज अगल है। जबकि स्क्रिप्ट एक जैसी है, पुलिस इसकी जांच करे।

### न्यूज डायरी

**पुलिस ने 4.30 करोड़ का डोडा जब्त किया**

रांची। पुलिस की एक टीम ने रविवार को तमाड़ के पास ट्रक से 175 बोरा डोडा जब्त किया। इसकी बाजार कीमत लगभग 4.30 करोड़ रुपये है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ये बरामदगी की।

**अगलगी में धनबाद की 13 दुकाने खाक , भारी क्षति**

धनबाद। शहर के पुराना बाजार स्थित जामा मस्जिद के पास रविवार तड़के करीब 13 दुकानों में भीषण आग लग गयी। आग के कारण सभी दुकानें जलकर खाक हो गयीं। कपड़ा, घड़ी समेत अन्य दुकानों में आग लगने की घटना घटी है। आग की इस घटना से करीब 50 लाख रुपए की संपत्ति की क्षति का अनुमान है।

**रांची में पीएलएफआइ का उग्रवादी गिरफ्तार**

रांची। पिठौरिया थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य सूरज महतो उर्फ सूरज गोप को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक पिस्टल, दो लोडेड मैगजीन, 10 गोली, दो मोबाइल फोन, 10 उग्रवादी पर्चा, एक बैग, वाहन रजिस्ट्रेशन कार्ड, पैन कार्ड और आधार कार्ड बरामद हुआ है।

**पूर्व सीएस सुखदेव सिंह रिटायर, दी विदाई**

रांची। पूर्व मुख्य सचिव सुखदेव सिंह रविवार 31 मार्च को सेवानिवृत हो गये। रविवार का दिन होने के बावजूद वह श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में बतौर महानिदेशक पहुंचे और अपने उत्तराधिकारी को जिम्मेदारी सौंप कर एक आम इंसान की तरह अपनी गाड़ी में बैठे और रवाना हो गये। इस मौके पर सहयोगियों ने उन्हें विदाई दी। उनकी पहचान एक ऐसे ब्यूरोक्रेट्स के रूप में होती है, जिनके सिर पर प्रशासन की हनक कभी सवार नहीं हुई। श्री सिंह ने 37 वर्षों तक बिहार और झारखंड को अपनी सेवा दी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 63800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79000 रु./प्रति किलो |



# कर आतंकवाद के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस का राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन आज

**कांग्रेस ने सरकारी एजेंसियों के दुरूपयोग करने का आरोप लगाते हुए अपने बैंक खाते को सीज करने के मुद्दे को जनता के बीच ले जाने का किया फैसला**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरूपयोग करने का आरोप लगाते हुए अपने बैंक खाते को सीज करने के मुद्दे को अब जनता के बीच ले जाने का फैसला किया है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि लोकसभा चुनाव से पहले ईडी, सीबीआई और आईटी का बेजा इस्तेमाल कर पहले विपक्षी दलों के नेताओं पर कार्रवाई की गई और अब कांग्रेस पार्टी के बैंक अकाउंट को सीज कर दिया गया। कांग्रेस अब चूप बैठनेवाली नहीं है। इसके खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की कड़ी में झारखंड प्रदेश कांग्रेस एक अप्रैल को पूरे झारखंड में कांग्रेस भाजपा की केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी।
बैंक अकाउंट सीज करने को कांग्रेस ने लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसे कर आतंकवाद का नाम दिया है। इस कर आतंकवाद के खिलाफ 01 अप्रैल को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के बैनर तले नेता-कार्यकर्ता प्रदेश मुख्यालय से प्रखंड मुख्यालय तक धरना-प्रदर्शन करेंगे और केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर केंद्रीय संवैधानिक एजेंसियों द्वारा की जा रही कार्रवाई का विरोध करेंगे।

**सभी जिलों में जोरदार धरना-प्रदर्शन की है तैयारी**

कांग्रेस आलाकमान से एक अप्रैल के कार्यक्रम के लिए मिले दिशा निर्देश को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने झारखंड ने अपने जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर तक पहुंचा दिया है। इसमें कहा गया है कि एक अप्रैल को भाजपा और केंद्र सरकार के कर आतंकवाद के खिलाफ अपने-अपने क्षेत्र में धरना-प्रदर्शन करने का निर्देश देते हुए कहा है कि लोगों को बताएं कि कैसे लोकतंत्र को कुचलने और तानाशाही व्यवस्था लाने के लिए साजिश रचकर विपक्ष को टारगेट किया जा रहा है।

**भाजपा के इशारे पर आईटी कर रही है कार्रवाई: रिंकू तिवारी**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति उर्फ रिंकू तिवारी ने कहा है कि भाजपा के इशारे पर आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस पर 1823 करोड़ का कर लगाया गया है। कांग्रेस के खाते से 135 करोड़ निकालना और खातों को फ्रीज करना कर आतंकवाद का ही उदाहरण हैं। कांग्रेस इस आतंकवाद के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के इशारे पर लोकसभा चुनाव के ठीक पहले हो रही इस कार्रवाई का विरोध पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से करेगी।

**अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने जारी किया है निर्देश**

रिंकू तिवारी ने कहा कि भाजपा की नीतियों का जनता के सहयोग से जोरदार विरोध करने का आदेश अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से मिला है। पार्टी आलाकमान से मिले इसी दिशा निर्देश के आलोक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों को अपने अपने जिला में एक अप्रैल 2024 को विरोध-प्रदर्शन, मशाल जुलूस, धरना-प्रदर्शन आदि आयोजित करने का निर्देश दिया है। सोनाल शांति ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार और केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ होनेवाले विरोध-प्रदर्शन में अनिवार्य रूप से सभी प्रखंड अध्यक्ष, पदाधिकारी, प्रदेश नेता, वरीय नेताओं, प्रदेश पदाधिकारी को शामिल होने का निर्देश दिया गया है। जिन-जिन लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई है वहां-वहां उनकी उपस्थिति में भाजपा और मोदी सरकार पर हल्ला बोला जाएगा।

## चुनाव से ठीक पहले विपक्षियों पर आर्थिक प्रहार की कोशिश

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि भाजपा कर आतंकवाद के अपने एजेंडे के तहत विपक्षी दलों पर चुनाव से ठीक पहले आर्थिक प्रहार करने की कोशिश कर रही है, ताकि चुनाव में इसका लाभ उठाया जा सके, लेकिन भाजपा के नेताओं को पता नहीं है कि जब पार्टी ने जनता के सहयोग से देश की आजादी से लेकर इसे संवारने के काम कर सकती है तो जनता के सहयोग लेकर लोकतंत्र बचाने की लड़ाई भी जीत सकती है।

**इंडिया गठबंधन से घबराई हुई है भाजपा**

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता ने कहा कि दरअसल, इन दिनों इंडिया के घटक दलों के बीच बढ़ते आपसी समन्वय और जनता के बीच इंडिया के प्रति बढ़ते विश्वास से भाजपा और आरएसएस के नेता घबराए हुए हैं। उन्हें अब चुनावी हार सामने दिख रही है। यही वजह है कि पहले ईडी का गलत इस्तेमाल कर विपक्षी दलों के नेताओं पर झूठे मामले बनाकर गिरफ्तारी की गई तो दूसरी ओर आयकर विभाग को हथियार बनाकर कांग्रेस को नोटिस भेजने, कांग्रेस का खाता फ्रीज करने की कार्रवाई की गई।

## खबर एक नजर में

### स्वामी दिव्यानंद बने रामायण रिसर्च कौंसिल के प्रदेश अध्यक्ष



**रांची।** रामायण रिसर्च काउंसिल की बठक रविवार को हुई। बैठक में रामायण रिसर्च काउंसिल के राष्ट्रीय संत संरक्षक मण्डल के सदस्य स्वामी दिव्यानंद महाराज को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई। रामायण रिसर्च काउंसिल की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी इस प्रकार है। मार्गदर्शक मंडल – स्वामी भूतेशानंद, स्वामी परिपूणार्नंद,महंत ओम प्रकाश ,स्वामी कृष्ण चैतन्य संरक्षक मंडल – पूर्व आईपीएस निर्मला कौर, चंद्रकांत रायपत, सूर्यभान सिंह, ए सी ठाकुर, हरि नारायण सिंह, विजय पाठक, चंदन मिश्रा, विनय चतुवेर्दी, दिव्यांशु झा, अमरकांत , संजय समर,प्रदेश अध्यक्ष -- स्वामी दिव्यानंद जी महाराज उपाध्यक्ष – पूर्व आईपीएस राजीव रंजन ,डॉ अभिषेक रामाधीन, मुरारी लाल गुप्ता, प्रेस सलाहकार – दीपक अम्बष्ठ सदस्य – उषा पांडे ,रूप लक्ष्मी मुंडा ,मुन्नी झा ,नम्रता सोनी ,रवि मेहता, मनीषा साईं ,डॉ रूबी ,कुमुद झा,नीलम चौधरी ,नूतन पाहन,कुमुद पांडे,संतोष मृदुला ,शीला साहू, रानी सिन्हा,रंजीता राठौर,विशेष कार्यरिणी समिति – निशा झा ,सागोरिका सरकार (वीना श्री), कल्याणी झा को रखा गया है।

### जेपीएससी महाघेराव स्थगित, नहीं मिली अनुमति

**रांची।** जेपीएससी कार्यालय महाघेराव को स्थगित कर दिया गया है। एक अप्रैल को अभ्यर्थियों ने जेपीएससी कार्यालय घेरने का एलान किया था। रांची अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कार्यालय ने घेराव करने की अनुमति देने से इंकार कर दिया है। यह बातें झारखंड यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष इमाम सफी ने प्रेस कांफ्रेंस में रविवार को कही। उन्होंने आगे कहा कि हमलोगों ने आवेदन में लिख कर दिया था कि किसी भी राजनीतिक पार्टी का इसमें किसी प्रकार का कोई दखल नहीं है और किसी को आने भी नहीं दिया जाएगा। इसके बावजूद भी अनुमति नहीं मिली। प्रशासन के स्तर पर हमारे मौलिक अधिकारों का हनन किया गया है। देश की राजधानी दिल्ली में राजनीतिक पार्टियों की रैली और जनसभा हो रही है। वहीं हमलोगों को अपने अधिकार की बात रखने के लिए अनुमति नहीं दी गयी। इससे अभ्यर्थियों में और भी उबाल है।

### नक्सली हिंसा में शहीद एसपी अमरजीत के बेटे की पढ़ाई के लिए राशि आवंटित

**रांची।** नक्सली हिंसा में शहीद हुए एसपी अमरजीत बलिहार के बेटे जैकब बलिहार की पढ़ाई के लिए 1.56 लाख रुपए की राशि आवंटित की गयी है। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने यह राशि अलॉट किया है। गौरतलब हो कि दो जुलाई 2013 को एसपी अमरजीत बलिहार दुमका में डीआईजी की बैठक में शामिल होकर पाकुड़ लौट रहे थे। इसी बीच काठीकुंड थाना के जमनी मोड़ के समीप जैसे ही उनकी गाड़ी पहुंची, नक्सलियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी थी। इस गोलीबारी में एसपी सहित अंगरक्षक चंदन थापा, वीरेंद्र श्रीवास्तव, मनोज हेम्ब्रम, राजीव कुमार शर्मा, संतोष मंडल शहीद हो गये थे।

### शिबू सोरेन परिवार की कठपुतली नही बनें मुख्यमंत्री चंपई सोरेन : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को एक्स पर पोस्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इंडी ठगबंधन की रैली लोकतंत्र बचाने की नहीं बल्कि परिवारवाद, भ्रष्ट तंत्र और भ्रष्टाचारियों को बचाने की मुहिम है। उन्होंने कहा कि अफसोस है कि चंपई सोरेन पारिवारिक अंदरूनी महाभारत की परिस्थितिवश सोरेन परिवार की अनुकंपा पर मजबूरी में मुख्यमंत्री बनाये जाने के बाद इनके हाथों की कठपुतली बने हुये हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में स्वांग रचने से बेहतर होता कि वे झारखंड के छात्रों की समस्या का निदान करते, जेपीएससी जेएसएससी परीक्षा में धांधली करने वाले लोगों के साथ सख्ती बरतते, उन्हें जेल भेजते, राज्य के मरणासन्न कानून व्यवस्था की समीक्षा कर उसे सुद्दढ़ करते। लेकिन वे भी हेमंत सोरेन के नक्शे कदम पर चलने की कसम खा रखे हैं। उन्होंने कहा यदि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अपने क्रियाकलापों में सुधार नहीं किया और उसी राह पर चलते रहे तो वो दिन दूर नहीं जब उन्हें भी होटवार जाना पड़ सकता है।

### सादा भोजन व नियमित व्यायाम का महत्व सर्वोपरि है : डॉ वीके जगनाणी

**रांची।** वाराणसी में अयोजित तीन दिनी कार्डायबकॉन चिकित्सीय सम्मेलन रविवार को सम्पन्न हो गया। समापन के मौके पर रांची के हृदय रोग व शुगर विशेषज्ञ डॉ वीके जगनाणी ने पायरोप्टोसिस पर व्याख्यान पेश किया। उन्होंने बताया कि हम सभी यह जानते हैं कि मधुमेह में वृक्क रोग होने की संभावना कई गुणा बढ़ जाती है। अनियंत्रित मधुमेह में इस स्थिति की अति हो जाती है। इसकी पहल सीरम क्रिएटिनीन बढ़ने से होती है औ रोग मेडिकल रीनल डिजीज (एमआरडी) से क्रॉनिक रीनल डिजीज (सीकेडी) होते हुए अन्ततः एण्ड स्टेज रीनल डिजीज (ईएसआरडी) पर पहुंच जाता है। इस स्थिति में औषधि के साथ रीनल डायलिसिस या वृक्क प्रत्यारोपण (रीनल ट्रांस्प्लाण्ट) करना पड़ता है। नूतन अनुसंधान में यह पाया गया है कि गास्डेमिन के कारण होने वाले इन्फ्लामेशन व फाईब्रोसिस के कारण वृक्क में पायरोपटोसिस होने लगता है। यह भी पाया गया है कि यदि पायरोपटोसिस के किसी भी चरण पर रोक लगा दी जाये तो वृक्क को इन्फ्लामेशन और फाईब्रोसिस से बचाया जा सकता है। यानि कि ऐसी औषधियों के उपचार से डायलिसिस व प्रत्यारोपण से बचा जा सकता है।

## शिबू सोरेन से मिले खूंटी प्रत्याशी कालीचरण मुंडा लिया आशीर्वाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने दिशोम गुरु एवं राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन से रविवार को मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया एवं उन्हें महागठबंधन प्रत्याशी चुने जाने के लिए आभार व्यक्त किया । कालीचरण मुंडा ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव आदिवासी अस्मिता को बचाए रखने का चुनाव है,जिस तरह से आदिवासी समाज के एक चुने हुए युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश के तहत केंद्र सरकार ने झूठे केस में फंसा कर जेल में डाला है, उसे आदिवासी समाज बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा एवं वह चुनाव के माध्यम से केंद्र की भाजपा सरकार को इसका जवाब देगा। कालीचरण मुंडा ने कहा कि मोदी सरकार आदिवासियों की जमीन लूटना चाहती है एवं जिस संघर्ष से गुरु जी ने झारखंड राज्य बनाया आज केंद्र सरकार पुनः वही आक्रमण करते हुए अपने मित्रों और बड़े बड़े कॉर्पोरेट घरानों को आदिवासियों की जमीन देना चाहती है। केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के कानूनों को बदलकर जल,जंगल, जमीन से आदिवासियों के हक को कम करने का काम किया है उसका जवाब देते हुए आदिवासी समाज भाजपा को हराने का काम करेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय, खूंटी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा,आदिवासी कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष विल्सन टोपनो, अनमोल होरो और अन्य समर्थक मौजूद थे।

## जेएमएम विधायक लोबिन का एलान

# पार्टी ने नहीं उतारा तो निर्दलीय उतरेंगे राजमहल लोकसभा से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने एलान किया है कि वे हर हाल में राजमहल से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने उतारा तो भी नहीं उतारा तो भी। नहीं उतारा तो निर्दलीय मैदान में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि राजमहल में मौजूदा सांसद विजय हांसदा के प्रति नाराजगी है। यदि उनको टिकट मिला तो पार्टी को नुकसान होगा।

**जनता चाहती है, मैं चुनाव लड़ूं**

उन्होंने कहा कि वह बीते एक सप्ताह से राजमहल लोकसभा क्षेत्र में घूम रहे हैं। वह राजमहल के विभिन्न इलाकों में लोगों से मिलकर उनकी राय ले रहे हैं। उनका कहना है कि इस बार राजमहल की जनता उन्हें उम्मीदवार के रूप में देखना चाहती है। इसलिए वे राजमहल सीट पर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।



**टिकट नहीं मिला निर्दलीय उतरेंगे**

लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि उन्होंने चुनाव लड़ने की बात पार्टी आलाकमान से की है। इसपर जवाब में पार्टी के शीर्ष नेताओं ने उन्हें टिकट देने पर विचार करने की बात कही। पार्टी आलाकमान का कहना है कि वे अभी इस पर मंथन कर रहे हैं। लोबिन ने कहा कि अगर उन्हें पार्टी टिकट नहीं देती है तो वह राजमहल लोकसभा सीट पर निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।

**विजय हांसदा की छवि नेता नहीं, व्यवसायी के रूप में है**

वर्तमान सांसद विजय हांसदा को लेकर लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि राजमहल लोकसभा में उनकी छवि एक नेता के रूप में नहीं बल्कि व्यवसायी के तौर पर है। कहा कि क्षेत्र के लोगों में उनकी पहुंच न के बराबर है। इस बार विजय हांसदा को टिकट दिया गया तो लोगों में नाराजगी देखने को मिलेगी।

## जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर घर-घर जायें : बालमुकुंद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** क्लस्टर प्रभारी बालमुकुंद सहाय ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को लेकर संगठन के माध्यम से घर-घर जाने की जरूरत है। श्री सहाय रविवार को अरगोड़ा तालाब के समीप सभागार में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्याशी संजय सेठ को इस बार पांच लाख मतो के अन्तर से विजयी बनाना है। इसके लिये प्रत्येक कार्यकर्ता को जो जिम्मेवारी मिली है, उसे बखूबी निभायें। भाजपा में कार्यकर्ता चुनाव लड़ता है। इसलिए अपना बूथ को दुरुस्त करना है। आप जिस बूथ के कार्यकर्ता है वहां आप ही नेता है।

हटिया विधान सभा के संयोजक नवीन जायसवाल ने कहा कि मोदी प्रत्येक लोगो को कुछ न कुछ लाभ दिया है। उनसे मिलकर उन्हें मोदी जी का ब्रांड एंबेसडर बनाना है। प्रत्येक शक्ति केंद्र में बूथ कमीटी के साथ बैठक कर जो कार्यकर्ता एक्टिव है। उसे जोड़ने का कार्य निरन्तर जारी रखे। मुहल्ले में रहने वाले लोगो के घरों में जाकर मोदी जी के योजनाओ की जानकारी देने का सांगठनिक कार्य करें। हटिया विधानसभा प्रभारी प्रदीप सिन्हा ने कहा कि एक दिन एक विधानसभा प्रवास कार्यक्रम अति लाभदायक कार्यक्रम है। इस माध्यम से हम अपनी अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त किए और जहां हमें और मेहनत की आवश्यकता है उसको हमलोग गंभीरता से योजना बनाकर कार्य करेगें। बैठक की अध्यक्षता और संचालन करते जिलाध्यक्ष वरुण साहु ने कहा कि जिन मंडलो में जिन शक्ति केन्द्र एवं बूथ पर जिस प्रकार की संगठनिक मजबूती की जरूरत होगी। इसे ठीक किया जाना है। केके गुप्ता ने कहा कि सरल एप्प जिनके मोबाइल पर डाऊनलोड नहीं है, वह अविलंब इसे डाऊनलोड कर लाभार्थियों से मिलकर इसकी विस्तृत जानकारी सरल एप पर अपलोड करें।

## राम जी की कृपा से श्री राम भरत मिलाप कार्यालय का जिर्णोद्धार : संजय सेठ

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** श्री राम भरत मिलाप समिति डोरंडा स्थित कार्यालय का जिर्णोद्धार सांसद संजय सेठ के द्वारा सांसद निधि से कराया जाएगा। रविवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि यह राम मंदिर के उद्घाटन का सप्ताह चल रहा है और इस अवसर पर श्री राम भरत मिलाप कार्यालय को नए रूप देने की तैयारी चल रही है। यह भगवान श्री राम की इच्छा से हो रहा है और डोरंडा के नागरिकों को आने वाले समय में इसका फायदा मिलेगा। इस अवसर पर विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि इस भव्य कार्यालय के निर्माण में अगर किसी चीज की कमी रहेगी तो उसे वह अपने मद से पूरा करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के संरक्षक बी के विजय सरदार अशोक सिंह ,सुरेश प्रसाद, जयनारायण विजय ,अध्यक्ष रोहित शारदा, महामंत्री अमित गुप्ता नम्रता सोनी, पीयूष विजयवर्गीय, प्रिया सिन्हा, विनय ठाकुर , जितेंद्र बरनवाल हरिप्रसाद विजय,अनिल विजय ,मयंक विजय ,अविनाश कुमार , कमल किशोर झा ,आंचल तिवारी, कार्तिक मिश्रा, अनीता मोटे ,विवेक कुमार , राजेश महतो, अमरदीप दुबे, अनीता गुप्ता, कुमुद झा ,पूजा सिंह, मीनू देवी, कुंदन सिंह, कुमार कुश, राजेश सिंह योगेश्वर दुबे ,बजरंग प्रसाद गुप्ता ,कुंदन सिंह ,विनय कुमार ,अवधेश यादव, भोलू कुमार, उदय यादव ,राजू चौरसिया, राकेश पाल, शंभू गुप्ता, विकास कुमार सहित अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मारपीट कर लूटपाट करनेवाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** बरियातू पुलिस ने जगतपति महतो के साथ लूटपाट कर पैसे और मोबाइल लूटने के आरोपी को धर दबोचा। पकड़े गये तीनों आरोपी सदर थाना एरिया के टुंकी टोला के रहनेवाले हैं। पकड़े गये आरोपियों में क्रमशः शिव भगत उर्फ शिव मिंज, विशाल टोप्पो और इंद्रजीत बड़ाईक का नाम शामिल है।बरियातू थानेदार सुरेश कुमार मंडल ने बताया कि रिम्स ट्रामा सेंटर के बाहर तालाब के पास मारपीट कर डीआइजी ग्राउंड ले गये और उसके पास से पैसे और मोबाइल लूट लिया। लूट से पहले एक दुकानदार के फोन पे पर दो हजार रूपये मंगवा लिया। पुलिस को रविवार को सूचना मिली कि तीनों संदिग्ध तालाब के पास घूम रहे हैं और पैसे की डिमांड कर रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों आरोपियों को दबोच लिया।

### झारखंड के तेली साहू वैश्य समाज को हल्के में न ले सरयू राय: महेश महतो



**रांची।** झारखंड तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो ने धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बाघमारा के लोकप्रिय विधायक ढुलू महतो से मिलकर बधाई और साथ ही जीत की शुभकामनाएं दी। भारतीय जनता पार्टी झारखंड व केंद्रिय नेतृत्व का आभार प्रकट किया। झारखंड में तेली साहू समाज की आबादी 50 लाख है। झारखंड के इतिहास में पहली बार किसी तेली साहू समाज को धनबाद लोकसभा सीट का टिकट मिला है जिससे पूरे झारखंड के तेली साहू समाज मे उत्साह का माहौल है। सरयू राय हमेशा से वैश्य साहू समाज को गाली देने का काम करते हैं। चाहे बन्ना गुप्ता हो या झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास। महेश महतो ने कहा कि सरयू राय को झारखंड में राजनीति करना भुला देंगे। एक बार तो कामयाब हो गए जमशेदपुर पूर्वी सीट पर अगर ऐसा दुबारा करते है तो तेली समाज अब चुप नही बैठेगा। वोट हमारा राज तुम्हारा नही चलेगा। नैतिकता के आधार पर सरयू राय को बक्सर बिहार से चुनाव लड़ना चाहिए न कि झारखंड से, झारखंड को लोग जाग रहे है मूलवासी अब आर–पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है।

# बोकारो से जहरीली शराब मंगाकर रांची में महंगे ब्रांड की बोतलों में भरकर बिहार में करता था सप्लाई

**रांची पुलिस का खुलासा पुलिस से बचने के लिए लगाता था भारत सरकार का लोगो**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बोकारो के जहरीली को महंगे ब्रांड के बोतलों में भरकर रांची से बिहार भेजा जाता था। बूटी बस्ती में रांची के सदर थाना पुलिस ने छापेमारी कर इसका खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने भारी मात्रा में शराब की बोतल समेत अन्य समान बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी में बूटी बस्ती में पवन सिंह के मकान में किरायेदार संतोष कुमार, बरियातू थाना क्षेत्र स्थित जोड़ा तालाब के पास रहने वाले राज कुमार, खेलगांव थाना क्षेत्र स्थित महावीर नगर निवासी आदर्श सिंह और बिहार के जहानाबाद जिले केहुलासगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले निखिल कुमार का नाम शामिल है। आरोपी के निशानदेही पर 100 पाइपर 45 बोतल, ब्लेंडर प्राइड 165 बोतल, ब्लैक टाईगर 235 बोतल, सिग्नेचर 20 बोतल, टाटा पंच कार, शराब बोतल का रैपर एवं खाली बोतल और भारत सरकार का कार में लगाने वाला नकली बोर्ड पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार एसएसपी को मिले सूचना पर सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठन किया गया। पुलिस की टीम बूटी बस्ती स्थित पवन सिंह के एसबेस्टस छतयुक्त मकान में छापामारी कर भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांड का शराब बरामद किया। मौके पर संतोष कुमार, राजकुमार, आदर्श सिंह, निखिल कुमार को पकड़ा गया। बरामद शराब के संबंध में पूछने पर बताया गया कि वे लोग बोकारो से नकली शराब लाते थे तथा यहां पर महंगे ब्रांड के बोतलों में भरकर बिहार के विभिन्न जिलों में बेचने का काम करते हैं। पुलिस विभिन्न ब्रांड के 455 बोतल नकली अवैध शराब तथा नकली शराब को भरने के लिए 181 खाली बोतल एवं अन्य सामग्री को जब्त करते हुए चारों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## हमारी जमीन पर कब्जा हो गया था, भाजपा ने हटा दिया औरों को भी हटाना है : राजेंद्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** धनबाद और चतरा लोकसभा प्रत्याशी को बदलने की मांग को लेकर एक जातीय संगठन के नेताओं ने चतरा और धनबाद के प्रत्याशी को बदलने की मांग की है। वहीं, धनबाद मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल के भी लोकसभा प्रत्याशी ढूल्लू महतो को बदलने की मांग करने पर मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रेस कांफ्रेस में रविवार को कहा कि हमारी जमीन को किसी ने कब्जा कर लिया था। भाजपा ने उसे मुक्त कर असली जमीन मालिक को वापस कर दिया है। परंतु अभी और कुछ जमीन को आगे मुक्त कराने की बात कही है। प्रसाद ने कहा कि धनबाद और चतरा के प्रत्याशी दोनों उसी लोकसभा के निवासी और धरतीपुत्र हैं। प्रसाद ने कटाक्ष करते हुए कहा जब कोई भी राजनीतिक दल प्रत्याशी घोषित करती है तो पिछड़ा ,दलित, सवर्ण को आधार बनाती है यदि हर जाति को प्रतिनिधित्व देने की बात होगी तो पच्चासों जातियां पिछड़ों में ही हैं ,तो क्या यह सम्भव है कि हर जाति को झारखण्ड में लोकसभा का प्रतिनिधित्व दिया जा सके ? यह सम्भव नहीं है। सवर्ण में भी ब्राश्रण ,भूमिहार, राजपूत , कायस्थ आते हैं दलित में भी कई उपजाति हैं ऐसे में अलग अलग सभी जातियों को टिकट दे पाना किसी भी राजनीतिक दलों के लिए सम्भव नहीं है। प्रसाद ने कहा कि भाजपा ने तीन सवर्ण को झारखंड में प्रत्याशी बनाया है ऐसे में सवर्ण समुदाय के आबादी को देखते हुए यह बहुत है। इसके बाद भी कुछ लोग सिर्फ अपनी जाति और गैर सदान के लिए टिकट मांग रहे हैं।

स्पीड न्यूज

# 85 की उम्र पार कर चुके मतदाता और 40 % से ज्यादा दिव्यांग घर बैठे कर सकेंगे मतदान

आवश्यक सेवाओं में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी बैलेट से मतदान का विकल्प रहेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** 09-जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन 2024 के लिए 25 मई को मतदान तिथि निर्धारित है। ऐसे में दिव्यांग और वृद्ध मतदाता जो मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने में अक्षम हैं, उनके लिए चुनाव आयोग घर बैठे मतदान करने की सुविधा मुहैया करा रहा है। दरअसल वे मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में अक्षम हैं उन्हें फर्म 12- डी भरना होगा जिसके जरिए वे लोग घर से ही मतदान दे सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी अनन्य मित्तल ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से अधिक के दिव्यांगजन को घर से मतदान का विकल्प दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें फर्म 12-डी भरना होगा। घर से मतदान का विकल्प चुनने वाले दिव्यांग मतदाताओं के पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र होना चाहिए। इसके अलावा आवश्यक सेवाओं में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी बैलेट से मतदान का विकल्प रहेगा। उन्हें भी फर्म 12-डी (थ्वतउ क) पर आवेदन करना होगा। इनके अलावा मतदान डयूटी पर तैनात होने वाले अधिकारी-कर्मचारी फर्म-12 या फार्म-12ए भरकर पोस्टल बैलेट या निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र के द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से फर्म 12डी उनके घर पर ही उपलब्ध कराया जाएगा जबकि अन्य के लिए ईसीआइ (म्ब्) के वेबसाइट से फर्म 12, 12 ए अथवा 12डी डाउनलोड करना होगा या निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में अवस्थित मतपत्र कोषांग से भी संबंधित फर्म प्राप्त किया जा सकता है।

इस फर्म को भरकर अपने एपिक एवं आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ बीएलओ को भी प्राप्त करवाया जा सकता है अथवा सीधे निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान की तिथि के पूर्व प्रशिक्षण केंद्र पर तथा निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में सुविधा केंद्र स्थापित किया जाता है जहां संबंधित पदाधिकारीकर्मी पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल।

## छूटे हुए योग्य मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वायें, अब मात्र 26 दिन शेष

जमशेदपुर। 1 अप्रैल, 2024 को जिन लोगों की उम्र 18 वर्ष हो गई हो या जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है वे अभी भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन दे सकते हैं। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 09-जमशेदपुर के नामांकन की आखिरी तिथि 06 मई 2024 एवं फर्म 6 प्राप्त करने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल 2024 है।

## कैसे जुड़वाएं अपना नाम

अनलाइन और अफलाइन दोनों तरीके से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं । इसके लिए अपने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करें या दएच पोर्टल (नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल) तथा1950 टोल फ्री नंबर की मदद ले सकते हैं, साथ ही स्थानीय बीएलओ से भी संपर्क कर फर्म-6 भर सकते हैं। चुनाव के बारे में अथवा मतदाता सूची में अपना नाम, बूथ पता करना हो तो सीधे भारत निर्वाचन आयोग से 1950 पर डायल करके पूछिए। यह कल सेवा मुफ्त है, इसका कोई चार्ज नहीं लगता।

## झारखंड स्टेट योगसना स्पोर्ट्स चौंपियनशिप 7 को

**जमशेदपुर।** वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन (डब्ल्यूएफएफ) अफ योगासना स्पोर्टस इंडिया के झारखंड चैप्टर द्वारा आगामी 7 अप्रैल को बिष्टुपुर मिलानी हॉल में एक दिवसीय 'झारखंड स्टेट योगसना स्पोर्ट्स चौंपियनशिप' का आयोजन किया जाएगा। इसके लिये संस्था द्वारा लगातार बैठकें कर इसकी तैयारी की समीक्षा की जा रही है। इसमें भाग लेने के लिये राज्यभर के स्कूल-कलेज व विभिन्न संस्थाओं से संपर्क साधा जा रहा है। संस्था को लोगों से बेहतर रिस्पांस भी मिल रहा है।
इस संबंध में वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन (डब्ल्यूएफएफ) अफ योगासना स्पोर्टस इंडिया के अध्यक्ष सह सरकार योगा एकेडमी के संस्थापक योगगुरु अंशु सरकार ने बताया कि दिनभर चलनेवाले उक्त प्रतियोगिता में कई इवेंट आयोजित किये जाएंगे। सभी प्रतियोगिताएं अलग-अलग आयु वर्ग की श्रेणी (कुल 12) में होंगे। सभी प्रतिभागियों को अनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना जरुरी है। श्री सरकार ने बताया कि प्रतियोगिता में सब जूनियर (सभी मे बयज एंड गर्ल्स) ग्रुप ए (5 से 9 वर्ष) और बी (10 से 14 वर्ष), जूनियर ग्रुप (15 से 18 वर्ष), सीनियर (सभी मे पुरुष व महिला) ग्रुप ए (19 से 22 वर्ष), बी (23 से 26 वर्ष) और सी (27 से 30 वर्ष), सुपर सीनियर ग्रुप (31 से 40 वर्ष पुरुष व महिला), मास्टर्स (सभी मे पुरुष व महिला) ग्रुप ए (41 से 50 वर्ष), बी (51 से 60 वर्ष) और सी (60 वर्ष से अधिक), मम्स कैटेगरी (सिर्फ महिला-ओपन ग्रुप) तथा स्टार कैटेगरी (सिर्फ दिव्यांग-ओपन ग्रुप) शामिल है।

## न्युवोको ने जोजोबेरा सीमेंट प्लांट जमशेदपुर की 30वीं वर्षगांठ मनाई



जमशेदपुर। न्युवोको विस्टास कर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह और पूर्वी भारत की प्रमुख कंपनी ने अपने जोजोबेरा सीमेंट प्लांट (जेसीपी) की 30वीं वर्षगांठ मनाई। 1994 में अपनी स्थापना के बाद से, जेसीपी का उत्पादन तेजी से बढ़ा है और न्युवोको की सफलता की कहानी में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखती है। इस अवसर पर, न्युवोको विस्टास कर्प लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जयकुमार कृष्णास्वामी ने कहा कि जोजोबेरा सीमेंट प्लांट की 30वीं वर्षगांठ का जश्न एक्सीलेंस और इनोवेशन के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पूर्वी भारत में एक अग्रणी निर्माण सामग्री कंपनी के रूप में, जेसीपी प्रमुख पूर्वी राज्यों में न्युवोको की स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण है। प्लांट विविध बाजारों में सेवा प्रदान करते हुए कन्क्रीटो, कन्क्रीटो यूएनओ, ड्यूरागार्ड और डबल बुल जैसे प्रीमियम और हाई क्वलिटी ब्रांडों का एक विस्तृत स्पेक्ट्रम भी बनाता है। इस मौके पर, ईस्ट क्लस्टर मैन्युफैक्चरिंग के हेड उमा सूर्यम बोला ने कहा कि हम आज एक्सीलेंस के 30 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, लेकिन हमारा ध्यान दृढ़ता से भविष्य पर केंद्रित है॥ हमारे कार्यक्रम का मंत्र- '30 का जश्न' और 'आगामी 30 की महत्वाकांक्षा' - प्रगति की नई ऊंचाइयों की ओर हमारी दृढ़ संकल्पना को प्रतिबिंबित करता है।

## रविदास समाज महिला समिति, बागबेड़ा इकाई का गठन, सावित्री अध्यक्ष



जमशेदपुर। रविदास समाज पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के तत्वावधान में रविवार को रविदास समाज महिला समिति बागबेड़ा का गठन सरयु रविदास अध्यक्ष की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजन कर्ता एवं संचालक विश्राम राम, रामजी और कवि दास थे। सर्व सम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव हुआ।माननीया सावित्री देवी अध्यक्ष, रुक्मिणी देवी उपाध्यक्ष,रीना देवी महामंत्री,जोबा कुमारी सहायक मन्त्री चुनी गई। इन लोगों ने दस समिति सदस्यों का मनोनयन किया। ललिता देवी, मंजू देवी, प्रेम शीला, नेहा देवी, लक्ष्मी देवी पत्नी सहदेव दास, गीता देवी, अंजली कुमारी, कमला देवी, लक्ष्मी देवी पत्नी महेन्द्र दास, और उषा देवी। नयी समिति को बधाई देते हुए बैठक समाप्त की।

# प्रशांत सिन्हा हत्याकांड में प्रेमिका काजल और उसका प्रेमी गिरफ्तार

जिसे समझता था प्यार, वह निकली लालची और बेवफा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बिरसानगर निवासी दिव्यांग अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशांत सिन्हा की हजारीबाग में हत्या कर दी गयी है। प्रशांत की प्रेमिका काजल सुमन 28 वर्ष ने अपने नये प्रेमी रौनक कुमार 19 वर्ष के साथ मिलकर पुराने ब्वयफ्रेंड प्रशांत सिन्हा की हत्या कर दी। दोनों ने साक्ष्य छुपाने के लिए शव को हजारीबाग के छड़वा डैम में फेंक दिया। 20 दिन बाद शनिवार को प्रेमिका के निशानदेही के बाद सड़ी हुई हालात में हजारीबाग पुलिस ने शव बरामद किया है। सीनियर एसपी किशोर कौशल ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए गिरफ्तार काजल सिन्हा और रौनक कुमार को प्रेस के सामने प्रस्तुत किया। एसएसपी ने बताया कि हजारीबाग में बरामद शव की पहचान बिरसानगर दिव्यांग अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशांत सिन्हा के रूप में की गयी है। इस घटना में पुलिस ने काजल सिन्हा और उसके नये प्रेमी रौनक को गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान सहयोग विलेज केंद्र की संचालिका गुरविंदर कौर, नीरज कुमार, अभिषेक अग्रवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

**फेसबुक पर 2019 में हुई थी दोस्ती, दोनों थे स्वजातीय**

काजल की दोस्ती प्रशांत के साथ फेसबुक के माध्यम से 2019 में हुई थी। दोनों स्वजातीय थे। वे एक-दूसरे से कई बार मिले भी। प्रशांत ने काजल को रोजगार के लिए कुछ आर्थिक मदद भी की थी। लेकिन 1 साल पहले काजल की दोस्ती हजारीबाग के पैगोड़ा चौक निवासी रौनक से हो गयी जो हजारीबाग कल्लू चौक में खटाल चलाता है। रौनक व काजल ने प्रशांत को रास्ते से हटाने की योजना बनायी।

**घुमाने के बहाने प्रशांत को हजारीबाग ले गई काजल :** प्रशांत को घुमाने के बहाने काजल हजारीबाग ले आयी। प्रशांत को अपने नये प्रेमी रौनक के खटाल में ले गई। खटाल में ही काजल व रौनक ने प्रशांत की हत्या कर दी। इसके बाद शव को एक बोरे में बंद करके छड़वा डैम के कीचड़ में फेंक दिया।





पुलिस ने जब्त की हत्याकांड में इस्तेमाल स्कूटी, प्रशांत की कलाई घड़ी
पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी रजिं0-जेएच 02बीजे-2022 एंव प्रशांत सिन्हा का कलाई घड़ी तथा मोबाईल चार्जर को भी रौनक कु वर्मा के पास से जब्त किया गया।

## 11 मार्च से लापता था प्रशांत, मां ने थाने में दर्ज कराया था मामला

बिरसानगर के प्रशांत कुमार सिन्हा 38 वर्ष (पिता स्व. शैलेश कुमार) 11 मार्च से लापता था। 13 मार्च को प्रशांत की मां शोभा सिन्हा ने बिरसानगर थाना में प्रशांत की गुमशुद्गी का मामला दर्ज किया गया था। 22 मार्च को प्रशांत की मां ने धारा 364 के तहत बिरसानगर थाना में हत्या के लिए अपहरण का मामला दर्ज कराया। इस मामले में काजल सिन्हा (पिता धनंजय सिन्हा न्यू एरिया थाना लोहसिंघना) को नामजद आरोपी बनाया गया। मामले की जमशेदपुर और हजारीबाग की पुलिस मिलकर तहकीकात कर रही थी। आरोपी काजल से तीन दिन पहले हजारीबाग पुलिस पूछताछ के लिए उसके घर न्यू एरिया पहुंची थी, लेकिन काजल पुलिस को आते देख फरार हो गयी। उसके बाद फिर से पुलिस ने 29 मार्च को रौनक के खटाल से उसे गिरफ्तार किया। इसके बाद काजल की निशानदेही के बाद शव को बरामद किया गया। इस मामले की जानकारी हजारीबाग पुलिस ने जमशेदपुर पुलिस को दी, जिसके बाद प्रशांत के परिजन हजारीबाग के लिए रवाना हो गये।

## एक नजर में

## इंडिया गठबंधन की दिल्ली रैली में शामिल हुई प्रेम कुमार और टीम अभिषेक कुमार




**जमशेदपुर।** रविवार को राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के बैनर तले महारैली का आयोजन अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में किया गया। इस महारैली में आम आदमी पार्टी जमशेदपुर महानगर की टीम अपने अध्यक्ष अभिषेक कुमार और प्रदेश कमेटी के प्रेम कुमार के नेतृत्व में शामिल हुई। रैली को संबोधित करते हुए तमाम दिग्गज नेताओ ने देश में आम चुनाव से पहले केजरीवाल जी की गिरफ्तारी को मोदी जी की तानाशाही और डर का पर्याय बताया और गठबंधन के बढ़ते प्रभाव से भाजपा घबरा गयी है इसलिए केंद्रीय एजेंसी का गलत इस्तेमाल कर पार्टी को तोड़ा जा रहा और पार्टी के मुखिया को गिरफ्तार करवाया जा रहा है। जब एक वर्ष से ज्यादा समय से मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर के रखा है और उनके खिलाफ आरोप पत्र तक दाखिल नहीं कर सकी ईडी तो फिर उसी मामले में एक चुने हुए मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने का क्या औचित्य है। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष ने कहा की देश अघोषित तानाशाही की ओर बढ़ चुका है जिसे आम चुनाव में भाजपा को जनता ही सबक सिखाएगी। जमशेदपुर महानगर टीम की ओर से प्रेम कुमार, रईस अफरीदी, विनोद सिंह, अभिषेक कुमार के के देशमुख, संजीव भगत, मनोज सिंह, मनी यादव, मनीष सिंह, चरणजीत सिंह जी, हरजिंदर जी, अंजना सिंह ने भाग लिया।

## श्री श्री राममन्दिर समिति टेल्को का भव्य रामनवमी महोत्सव का आयोजन 9 अप्रैल से



**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री राममन्दिर टेल्को के प्रांगण में रामनवमी व श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर एक बैठक 31 मार्च दिन रविवार को मंदिर प्रांगण में महामंत्री चंद्रभान प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें बताया गया कि रामनवमी के अवसर पर ख्याति प्राप्त कथा वाचक संत श्रद्धेय राघव रामायनी रसिक जी महाराज जो अयोध्या से पधार रहे है,उनके मुखार बिंद से श्रीरामकथा व रामचरित मानस पर आध्यात्मिक प्रवचन नवरात्र के पहले दिन (09042024) से शुरू होकर रामनवमी तक (17042024) संध्या 7:00बजे से 9:00बजे तक अनवरत चलेगा। इस प्रवचन रामकथा का श्रवण करने के लिये काफी संख्या में रामभक्त श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। पूरे राममन्दिर प्रांगण को श्री राम नामी झंडे से पाटा जाएगा,जो रामनवमी महोत्सव की शोभा बढ़ाएंगे। राममंदिर प्रांगण में रंगीन विद्युत सज्जा भी की जाएगी। 17अप्रैल रामनवमी के दिन श्री राम जन्मोत्सव की धूम रहेगी, सुबह 10 बजे से ध्वजपूजन, सामूहिक हवन, सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ, दोपहर 12 बजे से राम जन्मउत्सव,सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण किया जायेगा । उसी दिन संध्या में रामकथा का विश्राम दिवस भी होगा। रामनवमी झंडा जुलूस के दिन श्री राममंदिर समिति टेल्को द्वारा शुद्ध जल, शरबत तथा चना का वितरण किया जायेगा। ज्ञात हो कि टेल्को एवम बिरसानगर की कई अखाड़ा समितियां रामनामी झंडे को ठंडा करने के लिए श्री राममंदिर प्रांगण में आती है।

## एके की गिरफ्तारी के खिलाफ आप का प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरबिंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जमशेदपुर के साकची गोलचक्कर में मौन प्रदर्शन किया गया।

आप पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष बिनीता मिश्रा के नेतृत्व में साकची गोलचक्कर में यह मौन प्रदर्शन का आयोजन किया गया। आप पार्टी के महिला जिला अध्यक्ष बिनीता मिश्रा ने कहा कि आप पार्टी से भाजपा पूरी तरह डर गई हैं, हमारे नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरबिंद केजीरवाल को तरह -तरह के आरोप लगा कर जेल में डाल दिया गया, जिससे कार्यकर्त्तावों में उबाल हैं,वहीं आज दिल्ली के राम लीला मैदान में आप पार्टी के द्वारा विशाल पर्दशन भी किया जा रहा हैं।

देश की जनता भाजपा को माफ नहीं करेंगी। मौके पर जिला सचिव - शंभू सिंह गांधी,जिला बुद्धिजीवी मंच के प्रमुख - प्रोफेसर शालिग्राम मिश्र, जिला सह सचिव - कन्नन गणेशन,जिला उपाध्यक्ष-जितेन्द्र यादव, जिला उपाध्यक्ष-शंकर ठाकुर, जिला के सक्रिय सदस्य - बाबा उपेंद्र कुमार पांडेय, जिला महिला उपाध्यक्ष-एडवोकेट रीता झा, जिला महिला सदस्य-रितु देवी, जिला सक्रिय सदस्य - शैलेन्द्र कुमार सुतार, पूर्व जिला सह प्रभारी- मोहम्मद हकिम वारसी आदि उपस्थित थे।

## अभया बनर्जी फाउंडेशन के मंच पर दिव्यांगों ने दिखायी प्रतिभा




जमशेदपुर। अभया बनर्जी फाउंडेशन जमशेदपुर के तत्वाधान में रविवार को जमशेदपुर के साक्ची स्थिति रविंद्र कला मंदिर के प्रेक्षागृह में 70 से अधिक विशेष (दिव्यांग) बच्चों के द्वारा रंगारंग वार्षिक सांसतिक कार्यक्रम अभिव्यक्ति का आकर्षक मंचन हुआ। कार्यक्रम का विधिवत्त उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि टाटा ब्लू स्कोप कंपनी के उपाध्यक्ष आशीष भादुडी और सी टी सी समूह के निदेशक रमेश अग्रवाला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था के संस्थापक जौहर बनर्जी, अध्यक्ष प्रोग्राम कमेटी आशीष चौधरी मंच पर विराजमान रहे । उद्घाटन बेला में मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा सामान्य बच्चों के लिए कई सारी संस्थाएं निरंतर कार्यरत है लेकिन अभया बनर्जी फाउंडेशन एक ऐसी सामाजिक संस्था है जो निरंतर कई वर्षों से विशेष (दिव्यांग) बच्चों के रचनात्मक उत्थान के साथ विशेष बच्चों के प्रोत्साहन के क्षेत्र में सालभर कई तरह के कार्यक्रम संचालित करती है। जो काबिले तारीफ है।। इसके उपरांत गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद विशेष छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग व आकर्षक गीत, संगीत, नृत्य योग प्रदर्शन, नृत्य नाटिका के उन्नीस मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। कार्यक्रम का संचालन वंदना जैन, बरनाली दास और अनुष्का मिश्रा ने स्वागत संबोधन जोहर बनर्जी व धन्यवाद ज्ञापन आशीष चौधरी ने दिया।

## रघुवर की पोती का जन्मदिन बच्चों के बीच मनाया गया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** ओड़िशा के राज्यपाल सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की पौत्री, (सामाजिक संस्था लोक समर्पण के संस्थापक ललित दास की सुपुत्री) आराध्या के जन्मदिन को अनाश्रित बच्चों के संग मनाया गया। रविवार को सोनारी स्थित सहयोग विलेज केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी ललित दास एवं उनकी धर्मपत्नी पूर्णिमा ललित दास के संग उनकी सुपुत्री आराध्या एवं संस्था के सदस्यगण मौजूद रहे। इस दौरान वहां के बच्चों के बीच केक कटिंग कर जन्मदिन की खुशियां साझा की गई। वहीं, वहां रह रहे नन्हें बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री, खिलौने, वस्त्र, चकलेट एवं मिठाई भेंटकर सभी के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की गई। इस दौरान नन्हीं आराध्या अपने नए साथियों के संग काफी हर्षित और उत्साहित दिखी। पूर्णिमा ललित दास ने बताया कि मैने मेरी बेटी को उसके जन्मदिन पर जमीन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया है क्योंकि मैं चाहती हूं मेरी बेटी आराध्या एक अच्छी इंसान बने। उसके जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला सकूं ये सीख ही उसके लिए उसके जन्मदिन का उत्तम उपहार है।

## वीबीडीए का 37 वां वार्षिक समारोह आज

**जमशेदपुर।** वीबीडीए का 37वां वार्षिक समारोह और पुरस्कार वितरण समारोह, जो हर साल 1 अप्रैल को माइकल जॉन ऑडिटोरियम, बिस्टुपुर में आयोजित किया जाता है, कल शाम 6 बजे से फिर से होगा। इस अवसर पर जमशेदपुर ब्लड बैंक की अध्यक्ष रुचि नरेंद्रन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी, जबकि टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। हर साल वीबीडीए विभिन्न शिविरों का आयोजन करके और लोगों को आगे आने के लिए प्रेरित करके जमशेदपुर और उसके आसपास रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए समर्थन देने वाले व्यक्तियों, संगठनों, गैर सरकारी संगठनों, स्कूलों, कर्पोरेट हाउस आदि को सम्मानित करता है। रेड क्रस और जमशेदपुर ब्लड बैंक के साथ वीबीडीए के प्रयासों ने जमशेदपुर को अधिकतम रक्तदान और अधिकतम शताब्दी रक्त दाताओं के लिए जाना जाता है।

## सांस्कृतिक संस्था सौरव ने मनायी स्वर्ण जयंती



जमशेदपुर। शहर की सांस्कृतिक संस्था 'सौरव' के तत्वावधान में संस्था के स्थापना के स्वर्ण जयंती के अवसर पर आज कॉलेज रोड , प्रमथनगर स्थित 'सौरव भवन ' में संस्था के प्रशिक्षु कलाकारों के द्वारा सांसतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ शहर के जाने माने समाजसेवी मुख्य अतिथि शेखर दे के समक्ष स्वागत गीत से हुआ। संस्था के सचिव अशीम मोइत्रा के द्वारा मुख्य अतिथि को शाल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शेखर दे के द्वारा संस्था के द्वारा विगत 50 वर्षों से किये गए विभिन्न सांसतिक एवं सामाजिक कार्यों की सराहना की गयी। संस्था के अध्यक्ष सुजीत मुखर्जी के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के पूर्व संयुक्त सचिव स्वर्गीय नवेन्दु पाल के स्मृति में 2 मिनट का मौन रखा गया। पहली प्रस्तुति में मिताली मित्रा के निर्देशन में कलाकारों के द्वारा 'लाल ए लाल......, 'दिल है छोटा सा। ......पर सामूहिक भाव नृत्य पेश किये गए। अगली प्रस्तुति में कलाकारों के द्वारा अनिता मुखर्जी के निर्देशन में राग बागेश्री एवं राग कैफी पर आधारित सामूहिक शास्त्रीय गायन पेश किये गए। अगली प्रस्तुति में कलाकारों के द्वारा सिद्धार्थ कुमार सिंह के निर्देशन में 'ऐ मेरे हमसफर ..... ' एवं 'अजीब दास्तां है ये ....के गीत पर सामूहिक गिटार वादन की प्रस्तुति दी गयी। अगली प्रस्तुति में कलाकारों के द्वारा स्वरुप मोइत्रा के निर्देशन में सामूहिक तबला वादन पेश किये गए। अगली प्रस्तुति में कलाकारों के द्वारा उप शास्त्रीय गीत एवं राश नृत्य पर आधारित सामूहिक नृत्य पेश किये गए। अगली प्रस्तुति में कलाकारों के द्वारा मानस भट्टाचार्जी के निर्देशन में सामूहिक सिंथीसिजर वाद्ययंत्र की प्रस्तुति दी गयी। अगली प्रस्तुति में कलाकारों के द्वारा पंकज घोषाल के निर्देशन में आधुनिक गीत की प्रस्तुति दी गयी। अगली प्रस्तुति में श्रेया पल के द्वारा राग दुर्गा आधारित शास्त्रीय गायन पेश की गयी एवं तराना के साथ समापन की गयी। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति में कलाकारों के द्वारा कत्थक नृत्य 'तीन ताल' पर नृत्य की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जमशेदपुर पूर्वी और पश्चिम के हर बूथ पर 10 % ज्यादा मतदान भाजपा के पक्ष में कराने का संकल्प

- » एक दिन-एक विधानसभा कार्यक्रम के तहत भाजपा की संगठनात्मक बैठक हुई सम्पन्न
- » तीसरी बार विद्युत महतो को सांसद बनाने के लिए दिया फार्मूला - संपर्क, संवाद और समन्वय
- » नागेंद्र नाथ त्रिपाठी एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सांगठनिक कार्यों पर ली रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर चल रही है। देश में 370 सीटें जीतने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य के साथ जमशेदपुर सहित प्रदेश की 14 सीटों को बड़े अंतर से जीतने पर भाजपा का विशेष फोकस है। इसके लिए भाजपा ने अलग-अलग स्तर पर तैयारी और बैठक प्रारंभ कर दी है। रविवार को जमशेदपुर लोकसभा सीट पर विद्युत वरण महतो के तीसरी बार सांसद बनाने को लेकर चुनावी रणनीति तय की गई। जमशेदपुर पूर्वी एवं जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा में एक दिन-एक विधानसभा कार्यक्रम के तहत आयोजित संगठनात्मक बैठक में चुनाव की तैयारियों के साथ पार्टी के अभियानों की प्रगति की समीक्षा कर विजयी रणनीति बनाई गई। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी एवं पश्चिम विधानसभा में प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव मुख्यरूप से शामिल हुए। इस दौरान जमशेदपुर लोकसभा संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्वी विधानसभा प्रभारी देवेंद्र सिंह, संयोजक मिथिलेश सिंह यादव, सह संयोजक संजीव सिंह एवं पश्चिम विधानसभा के प्रभारी चंद्रशेखर मिश्रा, संयोजक कमल किशोर, सह संयोजक संजीव सिन्हा समेत पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, मंडल मोर्चा अध्यक्ष समेत बूथों के अध्यक्षगण मुख्यरूप से शामिल हुए। बैठक में बूथों पर 10 प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में बढ़ाने, बूथों पर निरंतर बैठक आयोजित करने, संपर्क अभियान तेज कर लाभार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश पहुंचाने जैसे संगठनात्मक कार्यों पर चर्चा कर रुपरेखा बनाई गई। वहीं, बूथ अध्यक्षों से 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में पड़े वोट से 370 अधिक वोट लाने का लक्ष्य दिया गया। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में बैठक को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि चुनाव में बूथ और पन्ना प्रमुखों की सक्रियता अति आवश्यक है। बेहतर योजना के साथ क्षेत्र में कार्य करें। जीते बूथों पर 10 प्रतिशत मतदान पार्टी के पक्ष में बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि शत- प्रतिशत मतदान के लिए अपने-अपने क्षेत्र अभियान चला कर मतदाताओं को प्रेरित कर युवा नव मतदाताओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ें और उनका पहला वोट विकसित राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्पित भाजपा के पक्ष में करने हेतु प्रेरित करें।

## स्पीड न्यूज

### एसपी के निर्देश पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया



मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों द्वारा अवैध रूप से किसी प्रकार की मादक पदार्थ या हथियार की तस्करी न हो इसे लेकर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने पुलिस अधिकारियों के साथ यातायात प्रभारी समाल अहमद को भी वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया है। यातायात प्रभारी ने शहर के बीसफुटा पुल, बाईपास रोड, रेड़मा चौक, चियांकी, सदिक चौक समेत विभिन्न चौक चौराहों पर दो पहिया व चार पहिया वाहनों की गहनता पूर्वक जांच किया। इस दौरान वाहनों के डिक्की खोलकर जांच की गई कि अवैध रूप से मादक पदार्थ या कोई आपत्तिजनक सामान तो नहीं है। चेकिंग के दौरान यातायात प्रभारी ने वाहनों के कागजात, वाहन बीमा, चालक का लाइसेंस, हेलमेट समेत अन्य की जांच की। जिन वाहनों के पास वाहन संबंधित कागजात नहीं थे या बिना हेलमेट वालों को ऑन स्पॉट चालान काटा गया।

### भाईचारे के साथ रामनवमी मनाने का लिया निर्णय : मुकेश अग्रवाल



**चैनपुर पलामू।** रामनवमी पूजा हर्षो उल्लास एवं शांति वातावरण में मानने को लेकर महावीर नवयुवक दल जेनरल शाहपुर के द्वारा रविवार को बिरसा नगर स्थित एस एल ए के प्रांगण में शाहपुर के गण्यमान्य बुद्धिजीवी समाज सेवी एवं महावीर नवयुवक दल चैनपुर के पदाधिकारी लोगों के साथ–साथ 2023 में रामनवमी पूजा के दौरान साउंड, झांकी, रथ निकाल कर अच्छा प्रदर्शन करने में सहयोग वाले संघ के पदाधिकारीयों को पगड़ी बांधकर अंग वस्त्र एवं तलवार देकर सम्मानित किया गया एवं बैठक के दौरान महावीर ने युवक दल के द्वारा बताया गया कि इस वर्ष चुनाव के मद्देनजर रखते हुए रामनवमी पूजा को सरकार द्वारा दिए जाने वाले गाइड लाइन के साथ ही मनाया जाएगा। एवं सभी रथ साउंड निकलने वाले महावीर नवयुवक दल जनरल द्वारा बताए गए गाइडलाइन पर ही चलेंगे ताकि जुलूस के दौरान किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित एवं श्री राम के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई उपस्थित लोगों का सम्मान में स्कूली बच्चियों के द्वारा राष्ट्रीय गीत गाकर किया गया एवं जय जय श्री राम के नारे लगाए गए इस कार्यक्रम के अध्यक्षता महावीर नवयुवक दल जेनरल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने किया जबकि संचालन सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने की। सम्मान पाने वालों में बाल विकास संघ, जीवन ज्योति संघ, सत्य प्रेम संघ,शिवसेना संघ,चंद्रशेखर आजाद क्लब, विद्यार्थी संघ, वीर बजरंग संघ का नाम शामिल है।

### हिंदी साहित्य भारती की बैठक सह पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित



मेदिनीनगर। हिंदी साहित्य भारती, झारखंड की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक–सह–पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम फॉरेस्ट कॉलोनी, डोरंडा, रांची में प्रांतीय संरक्षक कुमार मनीष अरविंद के संयोजन, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अरुण सज्जन की अध्यक्षता एवं प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार के संचालन में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ही डॉ संगीता नाथ जी के गजल संग्रह धड़कते दिल की खामोशी का लोकार्पण हुआ। 110 गजलों की यह पुस्तक गजल प्रेमियों के लिए एक नायाब तोहफा है। बैठक में अवध श्रीराम में अपनी सहभागिता निभाने वाले रचनाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही, वित्तीय वर्ष की समाप्ति एवं अन्य कारणों को ध्यान में रखते हुए स्मारिका हेतु सहयोग राशि प्रेषित करने की अंतिम तिथि 7 अप्रैल निर्धारित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से 8 अप्रैल से 15 जुलाई तक पूरे राज्य में सदस्यता अभियान चलाने और 15 जुलाई 2024 को प्रांतीय स्तर पर संस्था का स्थापना दिवस धूम–धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में डॉ आकांक्षा चौधरी (रांची अध्यक्ष), दिवाकर झा (कोषाध्यक्ष, रांची), डॉ साकेत पाठक (हजारीबाग अध्यक्ष), डॉ अरुण मिश्रा (कोडरमा अध्यक्ष), श्री विजय कुमार 'द्विज' (गढवा अध्यक्ष), ज्योति चौधरी (लातेहार अध्यक्ष), अनिल कुमार झा (देवघर अध्यक्ष), जयप्रकाश रजक (चतरा अध्यक्ष), उदयशंकर उपाध्याय (गिरीडीह अध्यक्ष) के तौर पर नामित और स्वीकृत किए गए। बैठक में धनबाद से प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ संगीता नाथ 'संगीत', धनबाद से महामंत्री डॉ स्नेहलता, पलामू से पलामू अध्यक्ष श्री अनुज कुमार पाठक, लातेहार ज़िले की अध्यक्ष ज्योति चौधरी, गढ़वा अध्यक्ष विजय कुमार पाठक 'द्विज', रांची से राम सुंदर दसौंधि, डॉ आकांक्षा चौधरी व संध्या चौधरी उर्वशी सहित झारखंड के कई जाने माने साहित्यकार शामिल थे। उपस्थित सभी कवियों ने अपनी कविताएं भी प्रस्तुत कीं। धन्यवाद ज्ञापन प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ संगीता नाथ 'संगीत' द्वारा किया गया।

### एमके डीएवी में तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का हुआ समापन



मेदिनीनगर। एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रही त्रिदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन हुआ। इस समापन समारोह में उद्बोधन करते हुए डॉ जी पी झा क्लस्टर हेड झारखंड क्षेत्र आई सह प्राचार्य एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा ने कहा कि आज का समय चुनौतियों से भरा पड़ा है। हमारी कुशलता उन चुनौतियों को पार करने हेतु शिक्षण तकनीक में बदलाव लाना है। हमें विश्वास है कि आप सभी इस कार्यशाला से कुछ नया सीखे होंगे, जो आपके प्रभावी शिक्षण हेतु सहायक होगा। आप इसे ईमानदारी पूर्वक कक्षा–कक्ष तक ले जाएं जिससे बच्चों को अधिकाधिक लाभ मिल सके। आज प्रथम सत्र की शुरूआत गायत्री मंत्र से हुई। ईईडीपी में प्रथम एवं द्वितीय सत्र 'असेसमेंट इन नर्सरी क्लासेस' विषय एमके डीएवी डालटेनगंज की शिक्षिका प्रियंवदा मिश्रा द्वारा अत्यंत रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। तीसरा सत्र एक्शन वड्र्स विषय डीएवी गुमला की शिक्षिका प्रज्ञा पल्लवी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जो शिक्षकों को अत्यंत रोचक एवं कक्षोपयोगी लगा। आज के सभी विषयों हेतु समवेत सत्र में प्रथम सत्र इंक्लूसिव एजुकेशन एनईपी 2020 विषय चिंशु सिंह द्वारा अभिक्रियात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया। द्वितीय सत्र जेंडर सेंसिटिविटी विषय पर आधारित था। यह सत्र डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज, डॉक्टर जी एन खान के द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ खान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में आज भी लैंगिक भेदभाव होता है, जिसे दूर करने की जिम्मेदारी हम सभी शिक्षकों की है। शिक्षा ही एकमात्र वह उपकरण है जिसके माध्यम से हम इस सामाजिक बुराई को समाप्त कर सकते हैं। इसे दूर कर हम किन्नर समाज को भी देश के आर्थिक विकास में सहयोगी बन सकते हैं। यह वर्ग केवल बधाई देने एवं आशीर्वाद देने के लिए नहीं है। समापन समारोह में धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर जी पी झा क्लस्टर हेड झारखंड क्षेत्र आई सह प्राचार्य एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर आरके साहू प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला, राजेंद्र सचदेवा प्राचार्य भवनाथपुर, ए के चौबे प्राचार्य गढ़वा, जी के सहाय प्राचार्य लातेहार, आर के झा प्रभारी शिक्षक सिमडेगा, अश्विन पात्रा प्रभारी शिक्षक डीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा उपस्थित थे।

## पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में चाय पर चर्चा कार्यक्रम का शुभारंभ

# शहरी क्षेत्र में मतदान बढ़ाना लक्ष्य : आनंद शंकर

### महिलाओं को वोट के लिए प्रोत्साहित करें : बिष्णु दयाल राम





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए चाय पर चर्चा कार्यक्रम का रविवार को गांधी उद्यान से चेंबर द्वारा सुबह 6 बजे मॉर्निंग वॉकर्स के साथ चाय पीते हुए शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले शहरी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत काफी कम है, जिसके चलते टोटल वोट प्रतिशत गिर जाता है जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। शंकर ने कहा कि शहरी क्षेत्र में बुद्धिजीवी लोग ज्यादा रहते हैं जिन्हें अच्छे गलत प्रत्याशी की परख होती है वैसे लोग मतदान नहीं करेंगे या अपने अगल-बगल वाले को वोट करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करेंगे तो उनकी थोड़ी सी लापरवाही एक बड़े निर्णय को बदल सकता है। जो समाज हित में नहीं होगा और इसका पूरा प्रभाव क्षेत्र के डेवलपमेंट पर पड़ता है। शंकर ने बताया कि शहरी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के लिए चेंबर बहुत जल्द प्रशासन के साथ बैठक कर एक निर्णय लेगा कि जो लोग वोट देने के बाद बुथ पर लगे सेल्फी पॉइंट में फोटो खिंचवाएंगे उस फोटो को दिखाने पर 2 दिन तक शहर के कई रेस्टोरेंट में 20% डिस्काउंट, ऑटोमोबाइल में विशेष गिफ्ट, मॉल में विशेष ऑफर, सोना चांदी के मेकिंग चार्ज में डिस्काउंट इत्यादि इत्यादि कई ऑफर भी लेकर आएगा जिसकी सहमति व्यवसाईयों ने दी है। चाय पर चर्चा कार्यक्रम में कई प्रशासनिक एवं शहर के आइकॉन को बारी बारी मुख्य अतिथि के रूप में सुबह-सुबह आधे घंटे के लिए आमंत्रित किया जाएगा जो वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक करेंगे और सबका सुझाव भी लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बी डी राम मौजूद थे। सांसद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कई अच्छे-अच्छे सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं पहले वोट करती है इसलिए ग्रामीण क्षेत्र का वोट प्रतिशत ज्यादा होता और शहरी क्षेत्र में महिलाएं कामकाज तथा छुट्टी के उत्सव में लग जाती जो वोट करने तक नहीं जाते जिसके चलते वोट प्रतिशत गिर जाता अगर सभी लोग माता बहनों को सुबह-सुबह पहले वोट दिला देंगे तो निश्चित रूप से वोट का प्रतिशत बढ़ जाएगा। कार्यक्रम का संचालन चेंबर सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम चुनाव तक चलेगा। हम सभी कॉलोनी में एवं पब्लिक पैलेस में सुबह-सुबह बैठक करेंगे जहां ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके।

## लोकसभा चुनाव को लेकर पाटन छतरपुर विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित

# कार्यकर्ता आपसी मतभेद भूलाकर कार्य में लग जायें : विनय लाल

भाजपा की ताकत बूथ कार्यकर्ता हैं : सांसद बीडी राम



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** लोक सभा चुनाव को लेकर पाटन छतरपुर विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन पाटन में राजु सिंह के आवास पर किया गया। बैठक का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू लोकसभा प्रभारी बीनय कुमार लाल, पलामू लोक सभा प्रत्याशी बीडी राम, पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी एवं पुर्व सांसद मनोज कुमार उपस्थित थे। बैठक में जिला भाजपा उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, वशिष्ठ पाण्डेय, निरंजन पासवान, श्याम देव सिंह, भोला सिंह, पिंकी विश्वकर्मा, निलम देवी, अभिषेक सिंह, प्रदीप विश्वकर्मा, पाटन विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, अखिलेश पाण्डेय, आनंद सिंह, मनोज राम, शिव राम, भाजपा नेता ईश्वरी पाण्डेय, पाटन मंडरीया माइंस संचालक एवं समाज सेवी राजु सिंह, अरविंद सिंह, संतोष पाण्डेय, प्रमोद सिंह, अरूण दूबे, संतोष पाठक, प्रयाग विश्वकर्मा, पिंकी विश्वकर्मा, सुजाता सिंह, नीलिमा झा उपस्थित थे। बैठक में चुनाव प्रभारी विनय कुमार लाल ने उपस्थित सभी लोगों को आपसी मतभेद को भुला कर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी मंडलों के अध्यक्ष, युवा मोर्चा के अध्यक्ष, महिला मोर्चा के अध्यक्ष सहित सभी मोर्चे के अध्यक्ष अपने अपने क्षेत्रों में लोगों के साथ बैठक करें तथा मोदी जी के द्वारा किए गये कार्यों को जनता को बताने का काम करें। वहीं बैठक में पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी एवं मनोज कुमार ने भी उपस्थित लोगों से चुनाव में बीडी राम को जिताने के लिए अपिल किया। बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्य वशिष्ठ नारायण पाण्डेय, श्याम देव सिंह, निरंजन पासवान, आनंद सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता ने बीडी राम का विरोध करते हुए बैठक से उठकर चले गए । उन लोगों ने बताया कि सांसद कभी भी जीतने के बाद पाटन नहीं आये तथा कार्यकर्ताओं को मान सम्मान नहीं दिया है।

## नक्सलियों को हथियार सप्लाई करनेवालें गिरफ्तार

### संगठन को कई वर्षों से हथियार सप्लाई किया जा रहा था : एसपी रीष्मा रमेसन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस को एक बहुत बड़ी सफलता हाथ लगी है। इसमें प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी को हथियार का सप्लाई करने वाले गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार कर मामले का उदभेदन किया है। गिरफ्तार सप्लायरों द्वारा नक्सली संगठन को कार्बाइन, गोली, मैगजीन समेत अन्य सामग्री सप्लाई किया जाता था। इसकी गुप्त सूचना पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन को मिली। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। एसपी के निर्देश पर पुलिस दल द्वारा हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कुरहत कर्टैया निवासी देवबली पासवान के पुत्र गोविंदा कुमार के घर छापामारी किया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने रविवार को प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि गोविंदा के निशानदेही पर उसके सहयोगी सह टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य घनश्याम चौबे पिता स्व रामा अवतार चौबे ग्राम बरई खाप उपाध्याय बीगहा थाना टंडवा जिला औरंगाबाद बिहार के घर छापामारी की गई। जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। उसके निशानदेही पर मोबाईल, लोकल मेड कार्बाईन, एसएसएलआर का पुराना मैगजीन छह पीस, एलएमजी का पारदर्शी मैगजीन तीन पीस, एक जिंदा गोली बरामद किया गया। गिरफ्तार सप्लायर से हथियार से संबंधित जब कागजात की मांग की गई तो इनके पास कोई वैद्य कागजात नहीं थे। गिरफ्तार लोगों को जेल भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों ने टीएसपीसी को हथियार सप्लाई करने का स्वीकार किया। साथ ही पुलिस को बताया कि विगत कई वर्षों से नक्सली संगठन को हमलोग हथियार समेत कई सामानों का सप्लाई करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के नक्सली संगठन को बिहार के सप्लायर द्वारा स्थानीय लोगों के सहयोग से सप्लाई करने का काम किया जा रहा था। प्रेस वार्ता में डीएसपी नौशाद आलम, हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार व अन्य शामिल थे। जबकि छापामारी दल में पुअनि लाल बहादुर हरिजन, सअनि संजय कुमार सिंह, मनोज दास, आरक्षी बिरू सिंह, शंकर उरांव शामिल थे।

### धनबाद मंडल में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया

मेदिनीनगर। धनबाद मंडल में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में धनबाद स्टेशन में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग के साथ– साथ मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें गोमो, कोडरमा, डालटनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की गई। इस दौरान की गई चेकिंग में 175 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान कुल 1659 यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे 7 लाख 95 हजार 968 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई। इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है। ताकि यात्री अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें।

## हल्का हवा का झोंका नहीं सह पाया पानी टंकी

### हाल : घर घर जल नल योजना का



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हर घर नल जल योजना केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना में से एक है। लेकिन इस योजना में गुणवत्ता का भारी अभाव है। इसकी गुणवत्ता अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इस योजना के तहत पानी संग्रहण के लिए बासु में जो टंकी बना वह हल्का झोका बर्दाश्त नहीं कर पाया और शनिवार की रात टंकी गीर गया। ग्रामीणों की मानें तो गांव के लोगों ने कार्य की गुणवत्ता पर पहले ही सवाल उठाया था लेकिन संवेदक व विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाया गया। मालूम हो कि सबके घर तक नल से जल पहुंचे इसके लिए गांवों में सरकार पाइपलाइन के माध्यम से घर घर पानी पहुंचाया जाएगा। विभाग की मानें तो इस योजना की लागत 9 करोड़ से अधिक है। 31 मार्च तक घर घर पानी पहुंचा देना था। जानकारी के अनुसार पड़वा के बासु में कोयल नदी से पानी लाकर वहां से पानी को रिफाइन कर पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के कजरी, गाड़ी खास व लोहड़ा पंचायत के 11 गांवों में पानी सप्लाई किया जाएगा। टंकी गिरने से ग्रामीणों को पानी के लिए और इंतजार करना पड़ेगा। इससे योजना की सफलता और गुणवत्ता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जब अभी यह हाल है तो आगे क्या होगा?

### अज्ञात वाहन के धक्के से सेनाकर्मी की मौत

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के ढाब कला ग्राम स्थित एनएच 98 फोरलेन पर रविवार की सुबह एक अज्ञात वाहन के धक्का से 31 वर्षीय वरूण कुमार यादव की मौत हो गई। मृतक नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नावाटांड़ निवासी युगल किशोर यादव का पुत्र है। वह नासिक मिलिट्री कैम्प में कुक के पद पर कार्यरत था। घटना इतनी दर्दनाक थी कि आस पास के देख लोग सिहर उठे। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी।ग्रामीणों ने बताया कि एक बाइक पर दो युवक सवार होकर हरिहरगंज की ओर जा रहे थे। वे लोग ढाब कला परशुराम मेहता के घर के सामने रुक कर आपस में बात कर रहे थे । तभी पीछे से एक अज्ञात हाइवा ने एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया।जिससे युवक का सर पूरी तरह कुचल गया और तत्काल मौत हो गई। उधर सूचना के बाद पुनि सह थाना प्रभारी चन्दन कुमार, एसआइ राकेश सिंह, एएसआई संजय सिंह और एएसआई मनोज कुमार दास घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में कर थाने लाए। जहां परिजनों के उपस्थिति में पंचनामा भरकर अंत्यपरीक्षण के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया। मृतक के पिता युगल किशोर यादव ने बताया कि वरुण नासिक मिलिट्री कैम्प में कुक के पद पर पदस्थापित था। वह होली की छुट्टी पर घर आया था। वह अपने भाई बीमल कुमार यादव के साथ बाइक से अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहा था। इस बीच में यह घटना हुई है। इस दौरान बीमल को भी चोटें आई है। थाना प्रभारी चन्दन कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत हुई। वाहन की जांच पड़ताल कर रहे है।

### आंधी में गिरा पंडवा का पानी सप्लाई का टंकी



मेदिनीनगर। जिला के पड़वा प्रखंड में पानी सप्लाई का टंकी पीएचडी विभाग के द्वारा निर्माण कराया जा रहा था। शनिवार की रात्रि के तूफान में टंकी जमीन पर गिर चुका है। भाजपा नेता परशुराम ओझा ने जिला प्रशासन और सरकार से मांग किया है कि करोड़ों रुपया का टंकी जो बनाया जा रहा था, अभी चालू भी नहीं किया गया था जो गिर कर टंकी बर्बाद हो गया। इसे दुरूस्त किया जाये। आज जहां भी टंकी पलामू जिला में बनाया जा रहा है केंद्र सरकार के द्वारा ग्रामीणों को पानी मिले इसके लिए करोड़ों करोड़ों रुपया झारखंड सरकार को दिया जा रहा है। कोई भी विभाग के पदाधिकारी देखने तक नहीं जाते हैं। बहुत ही बड़े स्तर पर गड़ बड़ी हो रही हैं। उन्होंने पीएचइडी मंत्री से कार्यों की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## विहिप व बजरंग दल मनायेगा रामजन्मोत्सव और हनुमान जयंती





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की प्रखंड बैठक प्रखंड मुख्यालय छतरपुर में संपन्न हुआ। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। 9 अप्रैल से 24 अप्रैल तक राम जन्मोत्सव और हनुमान जयंती के आयोजन पर विचार विमर्श किया गया। विशेष निर्देश दिया गया कि आचार संहिता के कारण सभी कार्यक्रम मंदिर केंद्रित होंगे। हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ इत्यादि सारे कार्यक्रम को मंदिर केंद्रित करना है। प्रखंड में कम से कम 51 जगहों पर कार्यक्रम करना तय किया गया है। यह भी निर्देश दिया गया कि प्रखंड समरसता प्रमुख प्रखंड में बाबा साहेब अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को आयोजित करवाने की व्यवस्था करवाएंगे। 5 जून से 15 जून तक प्रशिक्षण में शामिल लोगों का सूची तैयार कर जिला में भेजने की जिम्मेदारी प्रखंड अध्यक्ष का है। बैठक में विश्व हिंदू परिषद छतरपुर के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार गुप्ता, प्रखंड बजरंग दल संयोजक बिट्टू जॉन, जिला सह मंत्री पप्पू सिंह, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, जिला सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, जिला बजरंग दल सह संयोजक सोनू सिंह, मोनू गुप्ता, और हिमांशु पांडेय, पासना प्रमुख विकाश कश्यप, कुंदन कुमार पाठक, धनंजय जायसवाल, टोन वर्मा, रिशु कुमार, अंकित कुमार, पंकज कुमार पाठक, गोलू रंजन, विशाल कुमार, नंदन कुमार, सुद्दु विश्वकर्मा, मयंक कुमार, रौशन कुमार, मिहिर सिंह, सचिन विश्वकर्मा, सुजीत कुमार यादव, सोनू यादव, आकाश सिंह, ट्विंकल कुमार, सौरभ सिंह, प्रदीप कुमार, प्रिंस कुमार, दुर्गा वाहिनी से निक्की कुमारी, सत्यम कुमारी, सोनी कुमारी, शिवांगी चंद्रा, खुशी चंद्रा, पूजा कुमारी समेत कई लोग शामिल थे।

## समता स्कूल में मनी वार्षिक उत्सव सह परीक्षा परिणाम घोषणा

### बच्चों की बेहतर परफॉर्मेंस ही विद्यालय की पहचान हैं : अविनाश वर्मा

**बच्चों ने किया मोबाईल से दूर होने व माता-पिता के जरूरत पर नाटक का मंचन**





खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के अमन चैन मुहल्ला स्थित समता स्कूल में वार्षिक उत्सव सह 2023-24 सत्र की परीक्षा परिणाम व पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की सुरुआत प्राइवेट स्कूल एसोशिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा एवं अजय श्रीवास्तव, दिवेन्दु गुप्ता, आनंद कुमार, विद्यालय के प्रधान प्राचार्य अक्षय कुमार चौहान आदि कई लोगो ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती देवी के तस्बीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों को प्राचार्य ने माला व अंगवस्त्र शॉल ओढ़ाकर सम्मानित व स्वागत किया। वंही स्कूल के बच्चों ने कई भव्य व आकर्षक नृत्य संगीत पेश कर लोगो का मन मोह लिया। इस वार्षिक उत्सव में हजारों के संख्या में अभिभावकों ने भाग लिये। स्कूली बच्चों, छोटे बच्चों को मोबाईल व अनावश्यक सोशल मीडिया से समाज मे फैल रही गंदगी पर विशेष फोकस किया एवं लोगों को संदेश दिया कि अत्यधिक महत्वपूर्ण रिश्ता व आपके परिवार हैं ना कि फोन से रिश्ते जोड़े इसके अतिरिक्त छोटे छोटे बच्चों ने दादा जी छड़ी, समेत अन्य कई सामाजिक जीवन पर आधारित नित्य संगीत को पेश किया। मौके पर मुख्य अतिथि अविनाश वर्मा ने कहा कि शिक्षा देना जीवन का सबसे उत्तम कार्य हैं। वहीं विद्यालय की बेहतर परफॉर्मेंस ही आपकी विद्यालय की पहचान हैं। समता स्कूल परिवार जपला में एक बेहतर शिक्षा की माहौल तैयार किया है। सभी लोग बधाई के पात्र है। वही अन्य अतिथियों ने प्राथमिक शिक्षा पर प्रकाश डाला, इसके बाद अक्षय कुमार चौहान सत्र 2023-24 के सफल विद्यार्थियों को बारी बारी से घोषणा किया एवं सम्मानित किया गया। मौके विद्यालय के अध्यक्ष विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, राहुल चौहान, बेबी शेख, विकास कुमार आदि लोगो ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## मनातू थाना प्रभारी ने पोस्ता की खेती को किया नष्ट



खबर मन्त्र संवाददाता

**मनातू पलामू।** प्रतिबंधित पोस्ता की खेती को पलामू पुलिस द्वारा लगातार नष्ट किया जा रहा है। वहीं मनातू थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्रों में अवैध तरीके से चोरी छिपे पोस्ता की खेती की जा रही है। जिसे पुलिस ने पूर्व में भी कई जंगली क्षेत्रों में खेती को नष्ट किया है। वहीं मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर मनातू थाना क्षेत्र के झाटी ग्राम के समीप वन भूमि में अवैध तरीके से पोस्ता की खेती एक एकड़ वन भूमि में फल फूल रहा था। जिसे पुलिस ने नष्ट किया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि यह खेती कानूनी तौर पर प्रतिबंधित है। इसे करने से कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए आपसभी इस खेती को न करें और न करने दें। यदि कोई भी व्यक्ति लोभ लालच देता हो तो इसकी सूचना पुलिस को दें। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया।

स्पीड न्यूज

### ट्रक के नीचे आया बाइक सवार, बाल-बाल बची जान

**बाघमारा।** बाघमारा थाना क्षेत्र के इंदिरा चौक में रविवार को सुबह करीब 9 बजे एक ट्रक की चपेट में आने से बाईक सवार बाल बाल बचाण हालांकि इस दुर्घटना में बाईक ट्रक के नीचे आकर क्षतिग्रस्त हो गयी। जानकारी के अनुसार बाईक सवार डुमरा की ओर जा रहा था तभी इंदिरा चौक स्थित तीखे मोड़ पर वह ट्रक की चपेट में आ गयाण इस दुर्घटना को भाप कर ट्रक चालक मौके से भाग निकलाण जबकि बाईक सवार किसी प्रकार ट्रक के नीचे से निकला उसे पैर में आंशिक चोट लगीण दुर्घटना की खबर पाकर बाघमारा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों वाहनों को जब्त कर लिया।

### फंदे पर झूलकर बीसीसीएलकर्मी ने की आत्महत्या

**कतरास।** नेशनल अंगार पथरा निवासी 52 वर्षीय दिलीप पांडे ने रविवार को अपने घर में पाइप इंगल में गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह एरिया 4 अंतर्गत मोदीडीह कोलियरी में इलेक्ट्रिक फोरमैन के पद पर कार्यरत थे। पत्नी ने बताया कि सुबह ड्यूटी गए और शराब पार्टी कर दोपहर में अपने आवास लौटे थे। इसके बाद घर में पत्नी और साला से झगड़ा करने लगे। पत्नी ने उन्हें बरामदे में बंद कर दिया। वह गमछे के सहारे फांसी लगाकर झूलने लगे। किचन की खिड़की से देखा तो बाहर निकल कर हो हल्ला शुरू किया। आसपास के पड़ोसियों ने पीछे के बाउंड्री में लांघ कर बरामदे में कूद कर फांसी के फंदे को काटकर नीचे उतारा। तब तक उनकी सांस बंद हो चुकी थी। सूचना बीसीसीएल कर्मियों के बीच फैल गई। एंबुलेंस मंगा कर बीसीसीएल के अंगार पथरा अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा चेकअप किया गया। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया गया। मौके पर अंगार पथरा पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई।

### वन विभाग ने घायल नीलगाय को बचाया जान

**तालझारी।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन रेंज तालझारी के अंतर्गत बुधवरिया ( मसकलैया) गांव में शनिवार रात्रि को एक घायल नीलगाय को देखा गया। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना कटल गार्ड राजेश ठाकुर को जानकारी दी गई।जानकारी के अनुसार दियारा क्षेत्र में अज्ञात लोगों द्वारा जंगली सूअर का शिकार करने के लिए तार से बना हुआ फांस लगाया गया था। उसी फांस में नीलगाय फस गई। नीलगाय अपने को जान बचाने के लिए काफी प्रयास किया। जिसके कारण नीलगाय के गले में गहरा जख्म हो गया। किसी तरह नीलगाय वहां से जान बचाते हुए गंगा के इस पर आ गई और ग्रामीण इलाके में पहुंच गई । वन विभाग तालझारी के द्वारा नीलगाय को रेस्क्यू कर फॉरेस्ट पिकअप वाहन से तालझारी वन कार्यालय लाया गया। इधर इस घटना की सूचना प्रजापति प्रकाश बाबा को भी मिली। नीलगाय की नाजुक स्थिति को देखते हुए रविवार सुबह को पशु चिकित्सा कर्मी पोद्दार और संतोष कुमार के द्वारा इलाज किया गया। इलाज के दौरान बाबा और राजेश ठाकुर के द्वारा नीलगाय को 7 लीटर ग्लुकोज पानी पिलाया गया।

# गैंगस्टर प्रिंस खान की धमकी से कृष्णा अग्रवाल दहशत में

**● ढुल्लू महतो के खिलाफ थाना में दर्ज कराया मामला, मिला बॉडी गार्ड**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने धनबाद के बरवाअड्डा थाने में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के इशारे पर गैंगस्टर प्रिंस खान द्वारा उन्हें जाने से मारने की धमकी दिये जाने के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। लोकसभा चुनाव में ढुल्लू महतो को उम्मीदवार घोषित किये जाने के बाद उन्होंने पत्र दे कर बाबूलाल मरांडी से शिकायत की थी तथा ढुल्लू की उम्मीदवारी निरस्त करने की मांग की थी। 30 मार्च को संध्या में सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें पता चला कि ढुल्लू के इशारे पर कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान ने उन्हें तथा जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय को जान से मारने की धमकी दी है। प्रिंस खान ने ऑडियो संदेश में ढुल्लू महतो का विरोध करने पर खोपड़ी खोल देने की धमकी दी है। कृष्णा अग्रवाल ने बरवाअड्डा थाना प्रभारी से शिकायत में इस बात का भी जिक्र किया है कि वह एक साधारण परिवार से आते हैं। इस धमकी के बाद से उनका पूरा परिवार दहशत में है। कभी कोई अनहोनी घटना उनके साथ हो सकती है। ऐसे में इस घटना की गंभीरता को समझते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए मुकदमा दर्ज किया जाये तथा उनके व उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

**एसएसपी ने की आपात बैठक**

इधर इस मामले पर एसएसपी एच पी जनार्दनन ने सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी तथा सभी डीएसपी और थाना प्रभारी के साथ आपात बैठक की। एसएसपी ने गैंगस्टर प्रिंस खान और अमन सिंह के गुर्गों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है। एसएसपी ने कहा कि दोनों गैंग के 200 लोगों को चिह्नित कर लिया गया है। उनमें कुछ जेल के अंदर हैं तो कुछ बाहर हैं। जेल के बाहर के लोगों की लिस्ट बनाई गई है। कहा कि प्रिंस का एक ऑडियो वायरल हुआ है, जिसका सेंपल जांच के लिए भेजा गया है। जल्द ही प्रिंस को गिरफ्तार किया जाएगा। एसएसपी ने कहा कि कृष्णा अग्रवाल की सुरक्षा के लिए बॉडी गार्ड दिया गया है।

**ढुल्लू महतो ने पत्र लिख कर की ऑडियो की फोरेंसिक जांच की मांग**

धनबाद। विधायक ढुल्लू महतो ने गैंगेस्टर प्रिंस के ऑडियो पर उपायुक्त, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक, मुख्य सचिव और वरीय पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर भ्रामक ऑडियो क्लिप की फोरेंसिक जांच की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा है कि इस तरह का ऑटियो प्रसारित कर उनके विरुद्ध दुष्प्रचार किया जा रहा है। पत्र में लिखा है कि 30 मार्च 2024 को संध्या सोशल मिडिया में एक ऑडियो क्लिप प्रसारित किया गया। ऑडियो क्लिप मेरे विरुद्ध दुष्प्रचार के उद्देश्य से प्रसारित किया गया है। यह गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है एवं सोची समझी साजिश के तहत किया गया कृत्य है, जो लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने का षडयंत्र भी है। यह गहन जांच का विषय भी है। अत: मामले की गंभीरता को ध्यान में रखकर ऑडियो क्लिप की फोरेंसिक एवं उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

# 16 गौवंश लदे तीन वाहन जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** जिले के बगोदर औरा के पास से पुलिस ने 16 गौवंश लदे तीन पिकअप वैन को जब्त कियाण इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया हैण बताया जाता है कि गिरिडीह पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक छापेमारी टीम बनाकर उक्त इलाके में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गयाण बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बिहार में मवेशियों को लोडकर धनबाद के गोविंदपुर उतारने की योजना हैण जहां से अन्य माफिया इन गौवंशो को अगले गंतव्य के लिए ले जाएंगेण इसी सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए औरा के पास वाहनों की जांच पड़ताल शुरू की गईण इसी दौरान तीन पिकअप वाहन को भी रोका गया और जांच किया गयाण जांच के दौरान देखा गया की उक्त वैन में क्रूरतापूर्वक ठूंसकर गौवांशो को ले जाया जा रहा है, जिसके बाद वाहन को जब्त कर लिया गया और सभी मवेशियों को गौशाला भेज दिया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मैथन।** निरसा प्रखंड के एमपीएल ओपी क्षेत्र के सिरपुरिया गांव में एक युवक द्वारा अपने ही गांव की एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी युवक को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। युवक का नाम मुकेश बाउरी 27 बताया जा रहा है। घटना शनिवार के शाम करीब साढ़े पांच बजे की है। जब नाबालिग लड़की अपने गांव के तालाब में घर की बर्तन धो रही थी। तब लड़की को अकेला देखकर आरोपी उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। नाबालिग लड़की के चिल्लाने पर जब उसकी मां मौके पर पहुंचीए तो आरोपी मुकेश बाउरी वहां से भाग निकला। इसके बाद पीड़िता की मां ने घटना की शिकायत एमपीएल ओपी में की। इस संबंध में निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने अपने मैथन स्थित कार्यालय में जानकारी देते हुए बताया कि घटना की शिकायत पर ओपी प्रभारी ने त्वरित कारवाई करते हुए छापेमारी कर आरोपी मुकेश बाउरी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी के खिलाफ भादवी के धारा 354 बी एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# देवघर की एनडीआरएफ टीम ने 15 मिनट में निकाला खदान में डूबे युवक का शव

**लगभग 33 घंटे बाद निकाला गया शव**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** गोशाला ओपी क्षेत्र नूतनडीह बस्ती की 8 नंबर बंद खदान में शनिवार की सुबह डूबे साधन सहिस (34) का शव रविवार को देवघर से आई एनडीआरएफ की टीम ने निकाला। मात्र 15 मिनट की मशक्कत में टीम ने शव निकाल कर पुलिस के हवाले कर दिया।

एनडीआरएफ टीम के कमांडर एस आई गोपाल कुमार ने बताया कि गोताखोर कांस्टेबल रामराज चौबे, कास्टेबल प्रमोद कुमार व कांस्टेबल विकास कुमार ने साधन सहिस का शव खोज निकाला। उन्होंने बताया कि साधन के पानी में डूबते समय कुछ लोग वहां मौजूद थे। उन्हीं की निशानदेही पर शव को खोजा गया है। देवघर से 13 सदस्यीय टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। शव पानी से बाहर निकलते ही मां, पत्नी रितु पन्ना सहिस, भाई व बहन का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे तीन वर्ष का बेटा और एक माह की छोटी बेटी को छोड़ गया है। खदान के निकट सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों का जमावड़ा लगा रहा। गौशाला ओपी प्रभारी अनिल मंडल ने बताया कि यूडी केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा जा रहा है।

**कंपनी सहित कई लोगों ने की मदद**

युवक के बंद खदान में डूबने के बाद गोशाला ओपी पुलिस दलबल के साथ पहुंची। देर शाम सेल की एमडीओ कंपनी केटीएमपीएल ने जेसीबी मशीन से एक तरफ नाला काटना शुरू किया। दूसरी तरफ 3 एचपी के मोटर से पानी निकाला। उधर सिंदरी विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो ने अपने खर्च पर मटकुरिया व मोदीडीह से गोताखोर बुलाकर शव को निकालने का भरपूर प्रयास किया।

## टेंपो पर बैठे व्यक्ति के ऊपर टूट कर गिरा बिजली का तार, हो गई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**राजगंज।** राजगंज बजरंगबली मंदिर के निकट रविवार को सुबह 8 बजे अचानक बिजली का तार टूटा और उसकी चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया गया है कि लाल बाजार निवासी श्रीकांत कुमार उर्फ कांतो राजगंज बजरंगबली मंदिर के समीप अपने टेंपो में बैठा था। विगत रात में आंधी पानी के कारण बिजली प्रवाह ठप था। परंतु अचानक बिजली चालू हो गई और एक तार टूट कर उसके टेंपो पर आ गिरा। कांतो उस तार की चपेट में आ गया। स्थानीय लोग उसे छुड़ाने की कोशिश करने लगे। लाइन कटने के बाद ही वह तार से अलग हो पाया और गिर पड़ा। उसे तत्काल पास के नर्सिंग होम पहुंचाया गया, जहां से उसे धनबाद एसएनएनएमसीएच भेज दिया गया। वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। इसी बीच उसके जिंदा होने की आवाज उठने लगी। आनन फानन में उसे धनबाद के अशर्फी हॉस्पिटल ले जाया गया। परंतु वहां के डॉक्टरों ने भी उसे मृत करार दिया। लिखित सूचना थाना को दी गई। थानेदार ने बिजली विभाग को सूचित किया। थोड़ी देर बाद विभाग के जेई थाना पहुंचे। उन्होंने तत्काल सहायता के रूप मे 5000 रुपये दिये तथा विभाग की ओर से मिलने वाली मुआवजा राशि के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया। वार्ता के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

घटना के बाद लोगों ने गुस्सा जाहिर करते हुए तारों की जर्जर हालत के लिए बिजली विभाग को जिम्मेवार बताया। बताते चलें कि इसी स्थल पर रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा का महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर सप्ताहव्यापी मेले का भी आयोजन होता है।

## पुराना बाजार में भयावह आग से 13 दुकानें जल कर राख



**30 लाख का नुकसान**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पुराना बाजार में रविवार की सुबह आग लग गई. देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया और लगभग 13 दुकानें कुछ ही मिनटों में जलकर खाक हो गई। पुराना बाजार जामा मस्जिद के समीप भयावह आग इतनी तेजी से भड़की कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। इस आग की चपेट में कपड़ा, घड़ी समेत अन्य दुकानें और उसमें रखे सामान जल कर ग्र हो गए। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना को लेकर दुकानदारों ने बताया कि सभी दुकान चश्मा, घड़ी बेल्ट और कपड़े की थी। सुबह का समय होने के कारण सभी अपने घरों में थे। तभी आग लगने की जानकारी मिली। सभी लोग घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग बुझाने में लग गई। घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक 13 से अधिक दुकानें खाक हो चुकी थी। अनुमान के मुताबिक आग से लगभग करीब तीस लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। ईद का त्योहार नजदीक देख दुकानदारों ने सामान का स्टॉक कर रखा था। इस घटना के बाद दुकानदारों के चेहरे पर मायूसी साफ झलक रही थी। हालांकि गनीमत रही कि आग उससे आगे नहीं फैली, क्योंकि बाजार में तीन सौ से अधिक दुकानें थी।

# भाजपा संगठन मंत्री ने कार्यकताओं को दिया जीत का मंत्र, भरा जोश




खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजमहल लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी की जीत सुनिश्चित हेतु जिला के महेशपुर में सांगठनिक बैठक का आयोजन किया गया।उक्त बैठक में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवरी सिंह के साथ मंच पर प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री (झारखण्ड सरकार) डॉ0 लुईस मरांडी, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, राजमहल लोकसभा भाजपा प्रत्याशी श्री ताला मरांडी, प्रदेश मंत्री श्री दुर्गा मरांडी, पाकुड़ जिला प्रभारी अमित सिंह, भाजपा पाकुड़ जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय, पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन मौजुद रहें। संगठन महामंत्री ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकत्ताओं को संबोधित कर कहा कि हमारे प्रधानमंत्री के कार्यकुशता, नेक नियत एवं विकसित भारत बनाने की गारंटी पर देश ही नही बल्कि पूरी दुनिया का विश्वास अटूट हुआ है। गरीब, किसान, युवा एवं महिला के लिए उनके विभिन्न विशिष्ट विकास कार्यो से हर वर्ग को इसका भरपुर लाभ मिला एवं मिल रहा है एवं विकसित भारत बनने की ओर देश तेज गति से बढ़ रहा है। मोदी जी ने मानव कल्याण हेतु कार्य करने की श्रेष्ठ विचारों को आत्मसात कर पुरी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्मठता से बिना थके एवं बिना रूके जन-जन तक पहूँचाना है। निश्चय फिर राजमहल लोकसभा क्षेत्र से हमारे जुझारू नेता ताला मरांडी के जीत सुनिश्चित कर यहाँ कमल खिलाने से हमें कोई रोक नही सकता है।राष्ट्र को समर्पित कार्यकत्ताओं ने राजमहल लोकसभा क्षेत्र में कमल खिलाने को लेकर मंत्री जी को भरोसा दिया।

## एक नजर में

### जिला भाजपा कार्यालय में राजमहल विधानसभा क्षेत्र के कार्यकत्ताओं की हुई बैठक

**साहेबगंज।** रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में राजमहल विधानसभा क्षेत्र के कार्यकत्ताओं की बैठक की गई। बैठक में प्रदेश से प्रभारी के रूप में आये युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बबलू भगत,पूर्व प्रदेश महामंत्री व राजमहल विधायक अनन्त ओझा मुख्यरूप से शामिल हुए।आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शक्ति केंद्र प्रभारी,संयोजन,सह संयोजक,बूथ अध्यक्ष, सभी मंडलो के अध्यक्ष व महामंत्री,विधानसभा क्षेत्र में आने वाले वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ समीक्षा बैठक की गई। प्रभारी बबलू भगत और विधायक अनन्त ओझा ने सभी कार्यकत्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर संवाद किया और उनका सुझाव लिया। राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति लोगो मे जबदरस्त उत्साह हैं,प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गरीब कल्याण और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए किए कार्यो को लेकर व केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को हर घर मे सम्पर्क करके लोगो तक पहुचाये,उन्हें बताए कि प्रधानमंत्री मोदी ने आपको प्रणाम करने के लिए बोले हैं। कहा कि जिस प्रकार से ग्रमीणों इलाके और शहरी क्षेत्र में मोदी जी के प्रति गजब का उत्साह देखने को मिल रहा हैं निश्चित इस बार राजमहल लोकसभा में भी कमल खिलेगा। उन्होंने ने कार्यकत्ताओं से कहा कि 1 जून को राजमहल लोकसभा के लिए मतदान होगा तब तक सभी कार्यकर्त्ता संकल्पित होकर पार्टी के काम में दोगुनी ऊर्जा के साथ लग जाये मुझे विश्वास हैं कि आपका मेहनत जरूर पार्टी को सफलता दिलाएगी और राजमहल लोकसभा में भी कमल खिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अबकी बार चार सौ पार का जो नारा दिया हैं उस मे हमारा राजमहल लोकसभा भी शामिल होगा। इस अवसर पर रहे जिला भाजपा अध्यक्ष उज्वल मंडल,भाजपा नेता गणेश तिवारी,धर्मेंद्र कुमार,कार्तिक शाह,रामानंद साह, सागर मंडल,पंकज चौधरी,अजय चौधरी,संजय मंडल,बिरेन साह, प्रताप राय, गरिमा साह, गौतम यादव, विनोद चौधरी सहित अन्य सभी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### पोस्टल बैलट पेपर कोषांग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

**साहेबगंज।** लोकसभा चुनाव -2024 को सफल आयोजन हेतु आज समहरणालय सभागार में पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक अपर समाहर्ता राज महेश्वरम की अध्यक्षता में की गई । उन्होंने बताया कि जिले में जितने भी मतदाता हैं जो अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए मतदान एवं 85 वर्ष तथा अधिक उम्र वाले मतदाताओं अथवा 40% से अधिक दिव्यांग मतदाता जिन्हें मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्त हो वे अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदात नहीं कर सकते हैं, उन्हें चिन्हित कर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान शत प्रतिशत कराना है। पोस्टल बैलेट के नियमों, प्रपत्रों तथा अनिवार्य सेवा से संबंधित , नोडल पदाधिकारियों को आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार जानकारी दी गई जिससे जिले में मतदाताओं की संख्या में कमी ना हो। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार , सहायक जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, नगर परिषद प्रशासक सोमा खण्डाईत एवं सभी नोडल पदाधिकारी एवं कर्मी सम्मिलित हुए।

### लोडेड देशी कट्टा के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफतार

**साहिबगंज।** साहिबगंज पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना मिली कि साहिबगंज जिले के गोलीबारी और मोटरसाइकिल चोरी के कई कांडों में वांछित शातिर एवं सक्रिय अपराधी सोनू सिंह, पिता - रामप्यारे सिंह, साहिबगंज स्टेशन आने वाला है पुलिस अधीक्षक साहिबगंज के द्वारा इस शातिर अपराधी को पकड़ने के लिए अभिलंब एक छापामारी दल का गठन किया गया । छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए साहिबगंज स्टेशन पर छापामारी की गई और स्टेशन से भाग रहे सोनू सिंह ,पिता- रामप्यारे सिंह को केबिन गली के पास से पकड़ा गया। सोनू सिंह की तलाशी लेने पर उसके पास एक लोडेड देशी कट्टा एवं एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है । सोनू सिंह नगर थाना में अपने घर में की गोली बारी एवं साहिबगंज जिले और पीरपैंती में मोटरसाइकिल चोरी की कई घटनाओं में अपने अपराध को स्वीकार किया है सोनू सिंह के पास से बरामद लोडेड देशी कट्टा के संबंध में नगर थाना कांड संख्या 38 / 24 दिनांक 30/03/ 2024 धारा 25 (1-बी ) ए/ 28 आर्म्स एक्ट अंकित किया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई अभियुक्त को जेल भेजने की तैयारी कर रही हैं ।

### वन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन की टीम ने लकड़ी का बोटा लोडेड पिकअप वैन को धर दबोचा

**बरहरवा (साहिबगंज)।** अवैध लकड़ी का बोटा लोड पिकअप वैन संख्या डब्ल्यू बी 23 डी 33001 को वन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन की टीम ने शनिवार को देर रात्रि बरहरवा थाना क्षेत्र के जूही बोना में धर दबोचा है। जानकारी के मुताबिक उक्त पिकअप वैन रांगा थाना क्षेत्र के लखीपुर की ओर से केंदुआ के रास्ते जूही बोना होते हुए पश्चिम बंगाल ले जाए जा रहे थे। जिसकी सूचना वन विभाग की टीम को मिली थी सूचना के आलोक में वन विभाग के वनरक्षी प्रेम कुमार, राजेश टुडू, पप्पू कुमार के द्वारा उक्त पिकअप वैन का पीछा किया गया। इसी दौरान जूही बोना गांव के समीप बनाए गए पीसीसी पथ के करीब मोड पर पिकअप चालक ने नियंत्रण खो दिया और बिजली की पोल में धक्का मारते हुए वाहन खेत में जा गिरा। इसके साथ ही पिकअप वैन चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी जानकारी मिलते ही बरहरवा पुलिस इंस्पेक्टर सुधीर पोद्दार, प्रखंड सह अंचल अधिकारी सनी कुमार दास थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह दलबल

# साइबर क्राइम : सक्रिय हैं जामताड़ा पैटर्न के एकाउंट हैकर

**● झारखंड-बिहार में साइबर क्राइम चरम पर- 5 (अंतिम)**

गणेश झा

**धनबाद।** आमतौर पर साइबर अपराधए खासकर एईपीएस सिस्टम के जरिए होनेवाले आर्थिक अपराधों यानी पैसे की निकासी में होनेवाले फ्रॉड के मामलों में लोग जल्दी पुलिस में शिकायत नहीं करते। बिरले ही कुछ लोग होते हैं जो पुलिस में रिपोर्ट लिखवाते हैं। दो.पांच हजार या फिर पांच.दस हजार की धोखाधड़ी तक में लोग पुलिस में रिपोर्ट लिखवाने से बेहतर नुकसान को बर्दाश्त कर लेना ही उचित समझते हैं। उनका मानना है कि पुलिस में रिपोर्ट लिखवाने से वे किसी बड़े लफड़े में फंस जाएंगे और जो रकम उड़ाई गई है वह भी कभी नहीं मिलेगी। अपराधियों से पंगा और हो जाएगा जो घर.परिवार के लिए अच्छा नहीं होगा। फिर यह बात भी है कि साइबर सेल में शिकायत करने पर भी सरकार कोई मुकदमा दर्ज नहीं करती। सरकार कहती है साइबर अपराध घटित होने के घंटे.दो घंटे के भीतर ही साइबर सेल में शिकायत दर्ज करा दें तो उड़ाई गई रकम की वापसी होने की संभावना अधिक होगीए पर लोगों के लिए तुरंत शिकायत करना संभव नहीं होता। लोगों को अपराध हुआ है इस बात का पता ही कई.कई घंटों या फिर कई-कई दिनों बाद चलता है। ऐसे में शिकायत करने से भी कोई लाभ नहीं होता। **समाप्त**

**लाटरी या किसी प्रकार का प्रलोभन देकर किये जाते हैं साइबर अपराध**

आमतौर पर साइबर अपराध दो तरीके से किए जाते हैं। एक तो किसी को लाटरी लगने या कोई बड़ा ईनाम मिलने जैसे किसी प्रलोभन की बात कहकर झांसे में डालकर उससे मोबाइल औटीपी ले लिया जाता है और दूसरे जब कोई अंगूठा लगाकर पैसे निकालने जाता है तो सीएससी सेंटर का संचालक उसे झांसे में डालकर उससे कई दफा अंगूठा लगवा लेता है। इसके अलावा ठगी के जो दूसरे तरीके अपनाए जाते हैं उनमें 35 फीसदी हिस्सा फर्जी कस्टमर केयर नंबर के जरिएए रिफंड दिलाने के नाम पर और केवाईसी की एक्सपायरी बताकर किसी व्यक्ति के फोन को हैक करके उसके बैंक खाते को खंगाल लिया जाता है। एक और तरीका इस्तेमाल में लाया जाता रहा है जिसमें किसी व्यक्ति को डेबिट कार्ड बंद हो जाने की बात कहकर उसे झांसे में डालकर ओटीपी ले ली जाती है और फिर ठग गिरोह उसका बैंक खाता खंगाल डालते है। जामताड़ा गैंग ने इस तरीके का जमकर इस्तेमाल किया है। साइबर ठगी के 24 फीसदी मामले मोबाइल फोन पर वीडियो कॉल के जरिए ऑनलाइन पोर्नोग्राफी दिखाकर ब्लैकमेलिंग करके की जानेवाली ठगी की होती है। 22 फीसदी मामले ऑनलाइन मैर्केटिंग के जरिए ऑर्डर बुक करने परए फर्जी फ्रेंचाइजी देने के नाम पर और गलत क्यूआर कोर्ड स्कैन कराकर किए जाते हैं। केवल 8 फीसदी मामले ऐसे होते हैं जिनमें ठगी के लिए मोबाइल फोन में ऑनलाइन मॉलवेयर ठगी के इरादे से भेजे गए कूट संदेश भेजकर बैंक खाते से पैसे खींच लिए जाते हैं। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी की भी एक अलग दुनिया है जिसमें फर्जी निवेश के ऑफरए फर्जी लोन एपए गैरकानूनी गेमिंगए क्रिप्टो करेंसीए रोमांस स्कैम फिरौती और हैकिंग का इस्तेमाल होता है।

खबर मन्त्र
रांची. सोमवार .01अप्रैल 2024

# अभिव्यक्ति



## कर्ज पर सवाल

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की, 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक उधार लेने के उसके प्रस्ताव को लेकर आलोचना की और सवाल किया कि सरकार राहत देने के बजाय लोगों को कर्ज के बोझ तले क्यों दबा रही है, जबकि उन पर पहले से ही बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक संकट का बोझ बढ़ता जा रहा है। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वित्त मंत्रालय का कहना है कि भारत सरकार मौजूदा वित्त वर्ष में 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज लेने जा रही है। क्यों? हिंदी में किए गए पोस्ट में उन्होंने कहा, आजादी के बाद से वर्ष 2014 तक, 67 सालों में देश पर कुल कर्ज 55 लाख करोड़ था। पिछले 10 वर्ष में अकेले मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 205 लाख करोड़ पहुंचा दिया। इनकी सरकार ने लगभग 150 लाख करोड़ कर्ज लिया बीते 10 साल में। प्रियंका ने पोस्ट में लिखा, अब सरकार नया कर्ज लेने की तैयारी कर रही है तो सवाल उठता है कि पिछले 10 साल से आम जनता को राहत के बजाय कर्ज में क्यों डुबो रही है? निश्चित ही कांग्रेस नेत्री के द्धारा उठाया गया यह सवाल देश के आर्थिक भविष्य पर गहराते संकट को दर्शाता है। निश्चित ही मोदी सरकार ने अनेक क्षेत्रों में बेहतर उपलब्धि हासिल की हैलेकिन देश की आर्थिक स्थिति में कर्ज की हिस्सेदारी खतरनाक बिंदु तक पहुंच गया है। आने वाले समय में इसपर नियंत्रण न किया गया तो स्थिति संभालना कठिन होगा। आर्थिक विकास के इस तीव्रतम दौर में 17 करोड़ परिवारजनों के लगभग 75 करोड़ भारतीयों के संकट को राम और विकास की तेज गति से हठकर समझना होगा। वर्तमान सरकार देश के 37 प्रतिशत मतों के आधार पर ही सत्ता में है शेष लोगों का साथ न मिला तो निश्चित ही सफलता मिलने में कठिनता होगी।

## गाजा में युद्ध विराम

यूएनओ से पारित प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद ने रमजान के महीने के दौरान गाजा में तुरंत युद्धविराम लागू करने, बंधकों की बिना शर्त रिहाई तथा युद्धग्रस्त इलाकों में मानवीय सहायता सुनिश्चित करने को कहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि मतदान से दूरी बनाकर अमेरिका ने संकेत दिया है कि वह गाजा मे शांति प्रयासों को साकार होता देखता चाहता है। वहीं अमेरिका का प्रस्ताव को वीटो न करना यूएसए व इस्त्राइल संबंधों में खटास आने का भी संकेत है। जिसको लेकर इस्त्राइल के नेता अमेरिका पर हमलावर हैं। इस्त्राइल ने अपने सदाबहार दोस्त अमेरिका पर संकट के समय साथ न देने का आरोप लगाया है। यहां तक कि इस्त्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक इस्त्राइली प्रतिनिधिमंडल की अमेरिका यात्रा रद्द करके अपनी नाराजगी जाहिर की है। हालांकि, कहना कठिन है कि इस्त्राइल और हमास सुरक्षा परिषद के पारित प्रस्ताव का किस हद तक पालन करते हैं, लेकिन एक बात तो तय है कि फिलहाल अमेरिका व इस्त्राइल के रिश्तों में खटास आ चुकी है। हालांकि, अब तक बाइडेन प्रशासन इस्त्राइल को पर्याप्त सैन्य मदद देता रहा है और हमास को समाप्त करने के उसके लक्ष्य का समर्थन भी करता आया है। लेकिन इसके बावजूद अमेरिका चाहता रहा है कि संघर्ष में आम लोगों की मौत कम से कम हो। उल्लेखनीय है कि 7 अक्तूबर 2023 को इस्त्राइल पर हुए हमास के क्रूर आतंकवादी हमले के बाद इस्त्राइल के जवाबी हमले में बत्तीस हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे व महिलाएं भी शामिल हैं। हमले से गाजा का एक बड़ा हिस्सा खंडहर में तब्दील हो गया है। लाखों लोगों ने पलायन किया है और एक बड़ी आबादी भुखमरी के कगार पर पहुंच गई है। इस अभूतपूर्व मानवीय संकट के बावजूद इस्त्राइली हमले जारी हैं।

# सत्कर्मों से दुर्भाग्य बदल सकता है!





-श्रीराम शर्मा आचार्य

> पूर्व कृत पापों के नष्ट होने का संबंध उन कर्मों से जिनका अभी परिपाक नहीं हुआ है, जो अभी संचित रूप में पड़े हैं और समयानुसार फलित होने के लिए जो सुरक्षित रखे हुए है। वर्तमान काल में यदि अधिक बलवान, शुभकर्म किये जांय, मन में यदि उच्चकोटि की सतोगुणी भावनाओं का प्रकाश प्रज्वलित रहे तो उसके तेज से, ऊष्मा से वह अशुभ संचय झुलसने लगता है और हत्त प्रभ हीन वीर्य होने लगता है।

**प्रारब्ध** कर्मों का, भूतकाल में किये हुए भले बुरे कामों का, फल मिलना प्रायः निश्चित ही होता है। कई बार तो ऐसा होता है कि कृतकार्य का फल तुरन्त मिल जाता है, कई बार ऐसा होता है कि प्रारब्ध भोगों की प्रबलता होने के कारण विधि निर्धारित भली बुरी परिस्थिति वर्तमान काल में बनी रहती है और इस समय जो कार्य किये गये हैं उनका परिणाम कभी पीछे भुगतने के लिए जमा हो जाता है।

यदि प्रत्येक भले बुरे कर्म का फल तुरन्त हाथों हाथ मिल जाता होता तो इस संसार में कहीं भी पापी और पाप का निशान ढूँढ़े न मिलता। यानि जैसे विष खाते ही तुरन्त मृत्यु हो जाती है वैसे ही पाप करते ही उसकी भयंकर पीड़ा होती तो उसे कोई स्पर्श ही न करता और पुण्य का स्वादिष्ट फल मिठाई की तरह मधुर, बर्फ सा शीतल, चन्दन सा सुगंधित और सब प्रकार मनोहर आनन्द मय होता तो दौड़ दौड़ कर सभी लोग पुण्य करते, शुभ कर्म करने में कोई किसी से पीछे न रहता। परन्तु परमेश्वर ने मनुष्य की बुद्धिमत्ता की परीक्षा करने के लिए और उसकी स्वतंत्रता, दूरदर्शिता एवं विवेकशीलता को स्वतंत्र दिशा में विकसित होने देने के लिए ऐसी व्यवस्था की है। कर्मफल तुरन्त तो बहुत कम मिलते हैं वे आगे पीछे के लिए जमा होते रहते हैं। यह उधार खाता, उचित खाता, बैंकों के हिसाब की तरह आगे पीछे जमा खर्च में पड़ता रहता है। यह वह स्थान है जिस पर मनुष्य की बुद्धिमता परखी जाती है, इसी खतरे से सावधान करने के लिए धर्म का विधान है। वेद पुराण शास्त्र, इतिहास इसी जगह पर सावधान करने के लिए अपना अभिमत घोषित करते रहते हैं। फिर भी लोग चूकते हैं- भ्रम में पड़ते हैं, और इस संदेह में पड़ते हैं कि जाने कर्मफल मिलता भी है या नहीं! शास्त्रों की वाणी, धर्म की व्यवस्था जाने सच है भी या नहीं! इस संदेह में भ्रमित होकर ही वे पाप और नास्तिकता को अपना लेते हैं। तुरन्त फल न मिलना यही तो माया है, इस माया में ही मनुष्य भ्रमित होता है। आग छूने से जलन और बर्फ छूने से ठंडक की भांति यदि पाप पुण्य का स्पर्श अपना अपना तुरन्त परिणाम दिखाते तो वेदशास्त्र धर्म, भजन, पूजन, कथा, कीर्तन आदि किसी की जरूरत न पड़ती। जैसे हरी घास को देखते ही गधा सीधा उसे खाने को चला जाता है वैसे ही सब लोग पुण्य के लिए सीधे चल देते। और जैसे लाल झंडे को देखकर भैंस बिदकती है वैसे ही पाप का नाम सुनते ही लोग उससे बचकर दूर भागते। पर ऐसा है नहीं, यही ईश्वर की माया है। इस माया को समझें और उसके जाल में न उलझें, यही हमारी बुद्धिमानी का प्रमाण हो सकता है।

जैसे गोबर के उपले आज थापे जांय तो वे कई दिन में सूख कर जलाने लायक होते हैं। हम जो भले बुरे कर्म करते रहते हैं उनका भी धीरे धीरे परिपाक होता है और कालान्तर में वे कर्मफल के रूप में परिणित होते हैं। इसी प्रक्रिया को भाग्य, तकदीर, कर्मलेख, विधना के अंक, प्रारब्ध, होतव्यता, आदि नामो से पुकारते हैं। हम देखते हैं कि कई व्यक्ति अत्यन्त शुभ कर्मों में प्रवृत्त हैं पर उन्हें कष्ट मय जीवन बिताना पड़ रहा है और जो पाप में प्रवृत्त हैं वे चैन की छान रहे हैं। इसका कारण यही है कि उनके भूतकाल के कर्मों का उदय इस समय हो रहा है और आज की करनी का फल उन्हें आगे आने वाले समय में मिलेगा।

परन्तु इसमें सूक्ष्म नियमानुसार कभी कभी हेर फेर भी हो जाता है। जो प्रारब्ध परिपक्व होकर भोग के रूप में प्रस्तुत है उसमें परिवर्तन होना तो कठिन है पर जो कर्म अभी पक रहे हैं, भोग बनने की स्थिति में जो अभी नहीं पहुंच पाये है उन पर वर्तमान कर्मों का प्रभाव पड़ता है और उनका फल न्यून या अधिक हो सकता है अथवा वे नष्ट भी हो सकते हैं। धर्म ग्रन्थों में जहां शुभ कर्मों का महात्म्य वर्णन किया गया है वहां स्थान स्थान पर ऐसा उल्लेख आता है कि ₹इस शुभ कर्म के करने से पिछले पाप नष्ट हो जाते हैं।₹ यहाँ सन्देह उत्पन्न होता है कि यदि उस कर्म के करने वाले के पाप नष्ट ही हो गये तो वर्तमान में तथा भविष्य में किसी प्रकार का दुख या अभाव उसे न रहना चाहिए। परन्तु ऐसा होता नहीं, शुभ कर्म करने वाले भी अन्य साधारण व्यक्तियों की तरह सुख दुख प्राप्त करते रहते हैं।

पूर्व कृत पापों के नष्ट होने का संबंध उन कर्मों से जिनका अभी परिपाक नहीं हुआ है, जो अभी संचित रूप में पड़े हैं और समयानुसार फलित होने के लिए जो सुरक्षित रखे हुए है। वर्तमान काल में यदि अधिक बलवान, शुभकर्म किये जांय, मन में यदि उच्चकोटि की सतोगुणी भावनाओं का प्रकाश प्रज्वलित रहे तो उसके तेज से, ऊष्मा से वह अशुभ संचय झुलसने लगता है और हत्त प्रभ हीन वीर्य होने लगता है। जहां अग्नि की भट्टी जलती रहती हो उसके आस पास कपड़े, पुस्तकें, औषधियां आदि रखी रहें तो वे सब उस गर्मी के कारण जीर्ण शीर्ण, निस्तेज और हतवीर्य हो जायेंगी। कोई बीज उस गर्मी के पास रखे रहें तो उनकी उपजाने की शक्ति मारी जायेगी। इसी प्रकार यदि वर्तमान काल में कोई व्यक्ति अपनी मनोभूमि को तीव्रगति से निर्मल और सतोगुणी बनाता जा रहा है तो उसकी तीव्रता से भूतकाल के अशुभ कर्मों की शक्ति अवश्य नष्ट होगी। इसी प्रकार यदि भूत काल में अच्छे कर्म किये गये थे और उनका सुखदायक शुभ परिपाक होने जा रहा था तो यह परिपाक भी वर्तमान काल के कुकर्मों, दुगुर्णों, कुविचारों और दुष्ट भावनाओं के कारण हीन वीर्य, निष्फल और मृतप्रायः हो सकता है। वर्तमान का प्रभाव भूत पर भी पड़ता है और भविष्य पर भी। महापुरुषों के पूर्वज भी प्रशंसा पाते हैं और संतान भी आदर की दृष्टि से देखी जाती है। दुष्ट कुकर्मियों के पूर्वज भी कोसे जाते हैं और उनकी सन्ताने भी लज्जा का अनुभव करती है। स्मरण रखिए वर्तमान ही प्रधान है। पिछले जीवन में आप भले या बुरे कैसे भी काम करते रहे हों यदि अब अच्छे काम करते हैं तो चंद भोग्य बन गये फलों को छोड़ कर अन्य संचित पाप हतवीर्य हो जायेंगे और यदि उनका कुछ परिणाम हुआ भी तो बहुत ही साधारण स्वल्प कष्ट देने वाला एवं कीर्ति बढ़ाने वाला होगा। शिवि, दधीच, हरिश्चन्द, प्रहलाद, ध्रुव, पाण्डव आदि को पूर्व भोगों के अनुसार कष्ट सहने पड़े पर वे कष्ट अन्ततः उनको कीर्ति को बढ़ाने वाले और आत्म लाभ कराने वाले सिद्ध हुएं।

### खास बात

## कानून की अवधारणा

**सोमसुदंरम शेखरम**

भारत में कानून का एक अविभाज्य एवं मौलिक चरित्र यह है कि किसी अपराध के लिए आरोपित किए गए किसी भी व्यक्ति को अपने ही खिलाफ गवाही देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। यह अवधारणा संविधान के उस खंड में प्रतिष्ठापित है जिसे बुनियादी ढांचा माना जाता है और जिसे बदला नहीं जा सकता है। फिर भी बीते दशकों में इसे बदलने की कोशिशें बारंबार हुई हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में बहुमत से दिए अपने एक निर्णय में स्पष्ट, तर्कसंगत एवं प्रभावी तरीके से कहा है कि मादक पदार्थ निरोधक कानून के तहत अधिकारियों के समक्ष की गई अपराध स्वीकृति को साक्ष्य के तौर पर नहीं पेश किया जा सकता है।

समाज के लिए पर्याप्त रूप से उकसाऊ माने जाने वाले मुद्दों पर बने कानूनों में खुद को दोषी न ठहराने के संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन पाया जाता है। खासकर मादक पदार्थों के इस्तेमाल एवं आतंकवाद से लड? के लिए बने कानूनों में आसानी से ऐसे प्रावधान पाए जाते हैं जो आत्म-दोषीकरण के विरुद्ध मिले संवैधानिक संरक्षण को कमजोर करते हैं।

आत्म-दोषीकरण के खिलाफ संवैधानिक सिद्धांत समाज के लिए महत्त्वपूर्ण एवं अत्यावश्यक घटक है। अगर कानून खुद को दोषी ठहराने की अनुमति देते तो कार्यपालिका आपराधिक मामलों को निपटाने और अपराधियों की धरपकड़ के दावे कहीं आसानी से कर देती। असली अपराधी तो बच जाते लेकिन गरीबों को बुरी तरह से प्रताड़ित कर अपराध कबूल करने के लिए बाध्य कर दिया जाता और उस मामले की फाइल भी बंद हो जाती। इस तरह अपराध का सिलसिला जारी रहता क्योंकि असली अपराधी तो कानून की गिरफ्त में आने से बचे रहते और अधिक संख्या में वारदात को अंजाम देते। लेकिन अपराध के हरेक मामले को अपराध स्वीकृति के दम पर हल करने का दावा किया जाता। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह बात सिद्ध भी हो चुकी है कि इंसानी दिमाग एक अपराध-स्वीकृति के लिए गलत स्मृति भी विकसित कर सकता है।भारत में साक्ष्य का कानून किसी भी तरह के दबाव, वादे या धमकी के बाद किए गए कबूलनामे में हैं।

सत्ता इंसान को भ्रष्ट नहीं करती,

जब गलत लोग सत्ता में आते हैं, तो वह सत्ता को भ्रष्ट करते हैं

**-जॉर्ज बर्नार्ड शॉ , राजनीतिज्ञ**

### आपके X ट्वीट

ईडी, सीबीआई और आईटी का दुरुपयोग कर के विपक्षी दलों के नेताओं को डराने का प्रयास किया जा रहा है। इन एजेंसियों की मदद से जनता द्वारा चुनी गई सरकारों को अपदस्थ कर रही है, करोड़ों लोगों के सीएम को गिरफ्तार किया जा रहा है। **– चंपई सोरेन, सीएम**





भाजपा कार्यकताओं की निष्ठा, समर्पण और जनसेवा का कोई मुकाबला नहीं है। इस बार पूरे उत्तर प्रदेश में कमल खिलने जा रहा है। वाराणसी के ऊजार्वान कार्यकताओं से संवाद कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। **– नरेन्द्र मोदी**

## विद्यापति का कवित्व

### विचार-प्रवाह

**-अशोक प्रवृद्ध**

**महाकवि** की जन्म तिथि व जन्म स्थान की तरह ही उनकी बाल्यावस्था के बारे में भी विशेष जानकारी नहीं है।एक किंवदन्ती के अनुसार बालक विद्यापति बचपन से तीव्र और कवि स्वभाव के थे। एक दिन जब ये आठ वर्ष के थे तब अपने पिता गणपति ठाकुर के साथ शिवसेंह के राजदरबार में पहुँचे। राजा शिवसिंह के कहने पर इन्होंनेदो पंक्तियों का पद्य निर्माण किया-

पोखरि रजोखरि अरु सब पोखरा।

राजा शिवसिंह अरु सब छोकरा।।

जनश्रुतियों के अनुसार विद्यापति ने प्रसिद्ध हरिमिश्र से विद्या ग्रहण की थी। विख्यात नैयायिक जयदेव मिश्र उर्फ पक्षधर मिश्र इनके सहपाठी थे। महाकवि अपने पिता गणपति ठाकुर के साथ बचपन से ही राजदरबार में जाया करते थे। किन्तु चौदहवीं सदी का शेषार्ध मिथिला के लिए अशान्ति और कलह का काल था। राजा गणेश्वर की हत्या असलान नामक यवन-सरदार ने कर दी थी। कवि के समवयस्क एवं राजा गणेश्वर के पुत्र कीर्तिसिंह अपने खोये राज्य की प्राप्ति तथा पिता की हत्या का बदला लेने के लिए प्रयत्नशील थे। संभवतः इसी समय महाकवि ने नसरतशाह और गियासुद्दीन आश्रमशाह जैसे महपुरुषों के लिए कुछ पदों की रचना की। राजा शिवसिंह विद्यापति के बालसखा और मित्र थे, अतः उनके शासन-काल के लगभग चार वर्ष का काल महाकवि के जीवन का सबसे सुखद समय था। राजा शिवसिंह ने उन्हें यथेष्ठ सम्मान दिया। बिसपी गांव उन्हें दान में पारितोषिक के रुप में दिया।

### कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

### लेटर टू एडिटर

#### पेपर लीक पर कार्रवाई

उ.प्र. में पुलिस कर्मियों की भर्ती सरकार ने रद्द कर दिया है। करीब 48 लाख युवाओं ने इस परीक्षा में भाग लिया और उम्मीद थी कि शीघ्र ही पुलिस की नौकरी मिल जाएगी। लीक की ये घटना युवा मन में कुंठा पैदा करता है। उ.प्र. के मुख्यमंत्री कड़ी कार्रवाई के पक्षधर रहे हैं। उन्होंने स्वयं कहा कि कार्रवाई ऐसी की जाएगी जो नजीर पेश होगी। इसलिए कड़ी कार्रवाई होनी ही चाहिए। **– रवि कुमार, रांची**

#### विज्ञान की सोच

अठाईस फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है, इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की विज्ञान में रुचि बढ़ाना है। देश विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हाल ही में चंद्रयान-3 की सफलता ने दुनिया को बता दिया कि देश विज्ञान के क्षेत्र में भी काफी विकास कर रहा है। सरकार को चाहिए कि वो विज्ञान की पढ़ाई की तरफ गंभीरता दिखाए।

**– रमाशंकर सिंह, रांची**

## मूर्ख दिवस का है दिलचस्प इतिहास

### सामयिक

योगेश कुमार गोयल

मूर्ख दिवस मनाने की परम्परा कब, कैसे और कहां प्रचलित हुई, इस बारे में दावे के साथ तो कुछ नहीं कहा जा सकता पर माना यही जाता है कि इस परम्परा की शुरूआत फ्रांस में 16वीं सदी के उत्तरार्द्ध में हुई थी। माना जाता है कि एक अप्रैल 1564 को फ्रांस के राजा ने मनोरंजक बातों के जरिये एक-दूसरे के बीच मैत्री और प्रेम भाव की स्थापना के लिए एक सभा का आयोजन कराया था। उसके बाद निर्णय लिया गया कि अब से हर वर्ष इसी दिन ऐसी ही सभा का आयोजन होगा, जिसमें सर्वाधिक मूर्खतापूर्ण हरकतें करने वाले व्यक्ति को ह्यमास्टर ऑफ फूलह्ल की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। इस सभा में शिरकत करने वाले व्यक्ति अनोखी और विचित्र वेशभूषाएं धारण करके अपनी अजीबोगरीब हरकतों से उपस्थित जनसमूह का मनोरंजन किया करते थे और सर्वाधिक मूर्खतापूर्ण हरकत करने वाले व्यक्ति को ह्यमूर्खों का अध्यक्ष चुना जाता था, जिसे ह्यबिशप ऑफ फूल्स की उपाधि से नवाजा जाता था। यह भी मान्यता है कि 1564 में फ्रांस के सम्राट चार्ल्स के आदेश पर लागू हुए ग्रेगेरियन कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरूआत 1 जनवरी से की जाने लगी जबकि उससे पूर्व चूंकि वर्ष में सिर्फ 9 ही महीने होते थे, अतः नया साल 1 अप्रैल से ही शुरू होता था लेकिन ग्रेगेरियन कैलेंडर लागू किए जाने के बाद भी जो लोग 1 अप्रैल को ही नव वर्ष के रूप में मनाते रहे, दूसरे लोगों ने उनका मजाक उड़ाना शुरू कर दिया और इस तरह 1 अप्रैल को मूर्ख दिवस के रूप में मनाए जाने की परम्परा शुरू हो गई। कुछ पश्चिमी राष्ट्रों में वे लोग, जो जूलियन कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरूआत 25 मार्च से मानते हैं, वे वसंत के आगमन के साथ ही नए साल के आने की खुशियां मनाते हैं और एक सप्ताह तक चले इन मनोरंजक कार्यक्रमों का समापन वे 1 अप्रैल को ही करते हैं। ह्यएनसाइक्लोपीडिया ऑफ रिलीजनह्ल तथा ह्यएनसाइक्लोपीडिया ऑफ ब्रिटानिकाह्ल के अनुसार भी एक अप्रैल को ह्यमूर्ख दिवसह्ल मनाने का सीधा संबंध वसंत के आगमन से ही है, जब प्रकृति मनुष्य को अपने अनियमित मौसम से मूर्ख बनाती है।

कुछ लोग अप्रैल फूल मनाने की परम्परा की शुरूआत इटली से हुई मानते हैं। प्राचीन समय से ही इटली में एक अप्रैल को एक मनोरंजन उत्सव मनाया जाता है, जिसमें स्त्री-पुरूष सभी जमकर शराब पीते हैं और नाच-गाकर खूब हुड़दंग मचाते हैं। रात के समय दावतों का आयोजन भी किया जाता है। यूरोप के कुछ देशों में भी प्राचीन काल से ही ह्यमूर्ख दिवसह्ल मनाए जाने का उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि इस दिन वहां मालिक नौकर की और नौकर मालिक की भूमिका अदा करता था और नौकर इस दिन मालिक से अपने मनचाहे काम कराते थे, जिन्हें मालिक भी बिना किसी विरोध के खुशी-खुशी किया करते थे।

यूनान में ह्यमूर्ख दिवसह्ल की शुरूआत कैसे हुई, इस संबंध में कई किस्से प्रचलित हैं। ऐसे ही एक किस्से में कहा जाता है कि यूनान में एक व्यक्ति को खुद की बुद्धि और चतुराई पर बहुत घमंड था। वह बुद्धिमानी और चतुराई के मामले में अपने बराबर दुनिया में किसी को कुछ नहीं समझता था। एक बार उसके कुछ दोस्तों ने उसे सबक सिखाने का निश्चय किया और उससे कहा कि मध्य रात्रि के समय पहाड़ की चोटी पर आज देवता अवतरित होंगे और वहां जितने भी लोग उपस्थित होंगे, उन्हें वह मनचाहा वरदान देंगे। अपने दोस्तों की बात पर विश्वास करके वह अगले दिन सुबह होने तक पहाड़ की चोटी पर देवता के प्रकट होने का इंतजार करता रहा और जब निराश होकर वापस लौटा तो दोस्तों ने उसका खूब मजाक उड़ाया। जिस दिन यह घटना हुई, उस दिन पहली अप्रैल थी।

## कॉरपोरेट घरानों को बैंक का लाइसेंस देने का वक्त

### आर्थिक

**तमाल बंद्योपाध्याय**

**इस** बारे में अंतिम निर्णय लिया जा चुका है। यह प्रतिक्रिया एक वरिष्ठ बैंकर ने उस समय दी जब उनसे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंतरिक कार्य समूह की उस रिपोर्ट के बारे में पूछा गया जो निजी क्षेत्र के बैंकों के स्वामित्व मानकों और कॉर्पोरेट ढांचे से संबंधित है। समूह ने अन्य बातों के साथ यह अनुशंसा की है कि बड़े कारोबारी घरानों को चुनिंदा शर्तों के साथ बैंकिंग कारोबार में प्रवेश करने दिया जाए। बैंकर का मानना है कि पश्चिम भारत के चुनिंदा बड़े कारोबारी घराने जल्दी ही बैंकिंग कारोबार में नजर आ सकते हैं।

वह ऐसा क्यों कह रहे हैं? क्या उन्हें कुछ ऐसा पता है जो बाकी लोगों को नहीं पता? सपाट चेहरे के साथ वह कहते हैं कि जब समूह के अधिकांश सदस्य खिलाफ थे तो यह अनुशंसा रिपोर्ट में कैसे आई? दरअसल पांच में से चार सदस्य कारोबारी घरानों को बैंकिंग कारोबार में प्रवेश देने के खिलाफ थे। यह एक अतिरंजित नजरिया है। दूसरा नजरिया कहता है यह आरबीआई की रिपोर्ट नहीं है। क्या इसे गंभीरता से लेना चाहिए? संभव है कि इस अनुशंसा को आरबीआई की इजाजत न मिले। हो सकता है अंतिम निर्णय लेने के लिए एक बाहरी समिति का गठन हो। यदि बड़े औद्योगिक घरानों को बैंक खोलने की इजाजत मिल गई तो क्या होगा? सन 2013 के लाइसेंस मानकों में भी उनके प्रवेश का विरोध नहीं किया गया था। उस वक्त करीब दो दर्जन कॉर्पोरेट घराने बैंक खोलना चाहते थे लेकिन आरबीआई ने किसी को इसके काबिल नहीं पाया। उनमें से दो ने तो चयन के पहले ही अपने आवेदन वापस ले लिए थे। एक शर्त यह थी कि बैंक का संचालन एक नॉन ऑपरेटिव फाइनैंशियल होल्डिंग कंपनी (एनओएफएचसी) के माध्यम से किया जाए।

बाद में जब बैंकिंग नियामक ने स्मॉल फाइनैंस बैंकों के लिए आवेदन मंगाए तो बड़े कारोबारी घरानों को इसकी इजाजत नहीं दी गई। कार्य समूह इसे उलटकर बैंकिंग क्षेत्र को उनके लिए खोलना चाहता है। क्या जरूरी है कि इस बार आरबीआई इन घरानों को बैंकिंग कारोबार के लायक पाएगा? लोग कॉर्पोरेट के बैंकिंग कारोबार में प्रवेश के खिलाफ क्यों हैं? दुनिया भर में इस विषय पर सहमति नहीं है। जापान में इलेक्ट्रॉनिक वस्तु निमार्ता बैंक चलाते हैं। ब्रिटेन में खुदरा श्रृंखला मालिकों के बैंक हैं लेकिन अमेरिका में इसकी मनाही है। भारत को बैंकों की जरूरत है और बड़े कारोबारी घरानों के पास इस कारोबार के लिए पूंजी है लेकिन अधिकांश लोग उन्हें बैंकिंग में नहीं देखना चाहते क्योंकि संचालन को लेकर सवाल उठ सकते हैं।

कई बड़ी कंपनियों पर लोगों का यकीन नहीं है कि वहां संचालन बेहतर होगा। कुछ ऐसे भी हैं जो बैंकिंग तंत्र का दुरुपयोग कर चुके हैं। कार्य समूह ने बैंकिंग में कॉर्पोरेट के प्रवेश को लेकर दो अहम शर्तें रखी हैं।

उनमें से एक है बैंकिंग नियमन अधिनियम में संशोधन करना ताकि संबद्ध ऋण और बैंकों तथा समूह की अन्य वित्तीय एवं गैर वित्तीय कंपनियों के बीच के खुलासे से निपटा जा सके। फिलहाल अधिनियम की धारा 20 बैंकों को निदेशकों को कोई ऋण या अग्रिम देने से रोकती है। संशोधन के जरिए तथाकथित संबद्ध ऋण को रोका जा सकता है। एनओएफएचसी ढांचा भी मददगार होगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### जज की सहायक बनीं अर्चना सिंह



**रामगढ़।** सीसीएल रजरप्पा के डीएलएफ प्लांट के इंचार्ज के पद पर कार्यरत संजय सिंह की बेटी अर्चना सिंह ने न्यायाधीश की सहायका बन रजरप्पा का नाम रौशन किया। जानकारी के मुताबिक उन्हें बिहार के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के अधीन कार्य करना होगा। अर्चना फिलहाल 2018 बैच की दारोगा है और वह झारखंड पुलिस मुख्यालय में कार्यरत है ।बेहतर रैंक लाने पर झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सम्मानित किया था। शुरू से ही मेघावी छात्रा रही अर्चना सिंह ने 10वीं की परीक्षा सरस्वती मंदिर रजरप्पा, 12वीं डीएवी रजरप्पा से पास की। उसके बाद पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर बंगाल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से स्नातक की डिग्री ली। उनकी इस सफलता पर उसके माता पिता जहां खुश हैं वहीं कोयलांचल रजरप्पा क्षेत्र के लोगों में भी हर्ष है।

### सरहुल को लेकर कमेटी का गठन



**रामगढ़।** प्रकृति पर्व सरहुल को लेकर रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड नंबर 10 अंतर्गत फुलसराय उप स्वास्थ केंद्र के समीप पूजा समिति के तत्वाधान में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता तजेंद्र राम एवं संचालन कजरु बेदिया ने किया ।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल धूमधाम से मनाने को लेकर समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक रवि साहु,अध्यक्ष सुनील बेदिया,सचिव जोगेंद्र बेदिया,कोषाध्यक्ष चंद्रनाथ बेदिया,महादेव बेदिया,सहदेव गोप, उपाध्यक्ष दीपक बेदिया, राजेश बेदिया,उपसचिव राजू बेदिया,हरेंद्र , संयोजक किसटो बेदिया, कमलेश बेदिया,छोटन बेदिया,परवक्ता कजरू बेदिया, रामदेव बेदिया,मीडिया प्रभारी विकाश, अरुण साव, रविन्द्र साव, पुजारी राजु मुंडा, राजेंद्र बेदिया, शिवनारायण बेदिया,संरक्षक तिजलाल बेदिया, गोविंद बेदिया,फूलचंद बेदिया, सीतन बेदिया,सलहाकर तजेंद्र बेदिया,शिवनारायण साहु, शिवनारायण बेदिया,उमेश, शिवचंद,सुरेंद्र साव,संजय बेदिया को बनाया गया ।

### भाजपा के तीनों मंडलो की बैठक आज

भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड भाजपा प्रदेश कार्यालय व एवं जिला के निर्देशानुसार सोमवार को भुरकुंडा में प्रखंड स्तरीय तीनों मंडलो के संयुक्त बैठक सह कार्यकर्ता सम्मेलन आहूत की गई है। भाजपा भुरकुंडा मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह ने बताया कि बैठक ओबीसी मोर्चा के दक्षिणी प्रमंडलीय सह प्रभारी योगेश दांगी के बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित आवास में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। जिसमें लोकसभा के संयोजक टुन्नु गोप, बड़कागांव विधानसभा के संयोजक सह पूर्व विधायक लोकनाथ महतो और सह संयोजक अनिल मिश्रा सहित मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा के सांसद आदित्य साहू उपस्थित होंगे। उन्होंने तीनो मंडलो के भाजपा के सम्मानित मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र के संयोजक व सह संयोजक, प्रभारी, बुथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख, मंडल में निवास करने वाले जिला पदाधिकारी, मंच-मोर्चा के पदाधिकारी, सभी वरिष्ठ तथा कनिष्ठ भाजपा कार्यकताओं से उक्त सम्मेलन में ससमय उपस्थित होने की अपील की है।

### संजय मेहता का कुजू में स्वागत



**कुजू।** तोयरा बस्ती में रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता का जन आशीर्वाद यात्रा पहुंचा। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा जोर शोर से लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता का स्वागत किया गया। लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता द्वारा पूरे गाँव में पैदल मार्च कर ग्रामीणों से आगामी लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमारे पार्टी द्वारा झारखंडियो के विकास की बात करता है। हमारे पार्टी के उम्मीदवार को विजयी बनाकर आप सभी अपने आप का विकास करने में सहयोग करें। जन आशीर्वाद यात्रा को सफल बनाने में रमेंद्र महतो, अनीता देवी, सूरज कुमार, कुनाल कुमार, कुलदीप महतो, सत्येंद्र महतो, संजय पटेल, अर्जुन महतो, कौशल्या देवी, उषा देवी, मीतलाल महतो, भवानी महतो, धर्मेंद्र आदि मौजूद थे।

### आवास के बाहर खड़ी कार की चोरी

**रामगढ़।** शनिवार की रात भी चोरों ने मांडूडीह में आवास के बाहर खड़े एक मारुति ईको कार चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना को लेकर मांडूडीह निवासी देवेंद्र कुमार ने थाना में आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन मे कहा कि प्रत्येक दिन की तरह अपनी मारुति ईको वैन को घर के बाहर खड़ा कर सोने चला गया था। जब रविवार की सुबह सो कर उठा तो देखा तो बाहर से कार गायब पाया। घर के आस-पास काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मांडू थाना को तुरंत दी गई। इसके बाद मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा व थाना प्रभारी रंजीत यादव छानबीन में जुट गए। जांच के क्रम में पता चला कि चोरों ने चरही पेट्रोल पंप में कार में पेट्रोल भराया था। इसकी तस्वीर पुलिस को हाथ लगी है।

### चैती छठ को लेकर ग्रामीणों की बैठक

रामगढ़। चैती छठ को लेकर रविवार को पतरातू डैम परिसर में मानव सेवा संस्था के कार्यकर्ता और ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राजीव रंजन और संचालन चंदन कुमार ने की। बैठक में छठ घाट की साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, तोरण द्वार, सात घोड़ों पर सवार भगवान सूर्य की प्रतिमा की स्थापना आदि पर विचार-विमर्श किया गया। 12 अप्रैल को नहाय खाय के साथ चैती छठ महापर्व की शुरूआत होगी। जबकि 13 को खरना, 14 को पहला अर्ध्य और 15 अप्रैल को छठ व्रती उदयीमान भगवान सूर्य का अर्ध्य देंगे। मौके पर अजय कुमार कुशवाहा, सुनील कुमार सिंह, गणेश करमाली, विनोद कुमार, मोहन, तिलक मुंडा, विशेश्वर रवि, रंजन आदि शामिल थे।

# सयाल डी में उत्कृष्ट काम करने वाले कई मजदूर हुये सम्मानित

## महाप्रबंधक ने उत्पादन लक्ष्य से अधिक के लिए सभी को दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददातता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल डी परियोजना में कार्य करने वाले मजदूरों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बरका-सयाल जीएम ने सम्मानित किया। सीसीएल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने बताया कि सयाल परियोजना में मजदूरों के मेहनत के कारण ही मिनिमम टारगेट पांच लाख टन की जगह दस लाख टन से ज्यादा कोयला का उत्पादन हुआ है।

उन्होंने कहा कि सभी ट्रेड यूनियन के सहयोग व मजदूरों के मेहनत के कारण ही यह संभव हो पाया है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। समारोह में बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह, सयाल डी पीओ सुबोध कुमार, मैनेजर अशरत खान द्वारा आरए माइनिंग व एसएमपीएल प्रोजेक्ट में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मजदूर को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार ने जीएम अजय सिंह की सराहना करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए जीएम साहब के मार्गदर्शन में सयाल परियोजना में यह दोनों प्रोजेक्ट शुरू किया गया है, जो कि क्षेत्र के गौरव की बात है। मौके पर उरीमारी दिलीप कुमार, बिरसा पीओ डी शिवादास, सुखदेव प्रसाद सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## बड़कागांव में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोकनाथ महतो ने दिये टिप्स



**बड़कागांव।** प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार लोकसभा संयोजक की उपस्थिति में विधानसभा प्रवास की बैठक विधानसभा स्तरीय किया गया, जिसमें चार मंडल बड़कागांव, उरीमरी,केरेडारी व पिपरवार के कार्यकर्ता प्रशिक्षण समारोह का आयोजन बड़कागांव मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी की अध्यक्षता व संचालन केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव में हुई। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष सह लोकसभा संयोजक टुनू गोप और बड़कागांव पूर्व विधायक व विधानसभा प्रभारी लोकनाथ महतो ने अधिकतम वोट प्राप्त करने के मंत्र दिये। बैठक में विधानसभा सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार,डॉ बालेश्वर महतो,पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद,बैजनाथ साव,पूर्व मंडल अध्यक्ष जुगनू सिंह,उपेंद्र सिंह,बेचन साव,सांसद प्रतिनिधि रामपतिराम,मनीष पांडेय,बड़कागांव महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता देवी केरेडारी महिला मोर्चा अध्यक्ष सावित्री देवी,बड़कागांव मंडल महामंत्री इंद्रभूषण,नरसिंह प्रसाद,उरीमारी मंडल महामंत्री सुमन गिरी,दिनेश करमाली,केरेडारी युवा मोर्चा अध्यक्ष शेर सिंह,राजेश यादव,बिनोद महतो मेवलाल नाग,शिबू मेहता,सत्यजित विद्या अलंकार,अरुण मालाकार, किशोर राणा,अनुज यादव,नंदकिशोर कुमार,नौशाद आलम,अर्जुन पांडे, नकुल साहू, बेणेश्वर महतो,अवधेश सिंह,बसंत कुमार,प्रतिम कुशवाहा, संजय उरांव,जयराम टूरी,महेंद्र सिंह, जीवन तूरी,पिंटू कुमार,कैलाश कुमार जिवलाल साव, पुष्कर अग्रवाल,महेश पाठक,रामेश्वर कुमार चौरसिया सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 20 वर्षो से फरार नक्सली गिरफ्तार



**रामगढ़।** पुलिस ने 20 वर्षों से फरार एक कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वह नक्सली रामगढ़ जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में एक बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एक घर में छुपा हुआ था। वहीं से वह अपनी योजना बना रहा था। इसकी पुष्टि करते हुए एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने रविवार को बताया कि कुख्यात नक्सली डेगलाल महतो बोकारो जिला का रहने वाला है। उसने हत्या की वारदातों को भी अंजाम दिया है। उसके खिलाफ 17 सीएलए एक्ट भी लगा हुआ है। एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने चतरोचट्टी पुलिस के सहयोग से 20 वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त डेगलाल महतो को गिरफ्तार किया।

# ग्रामीण सरकारी स्कूल में कंप्यूटर व डिजिटल शिक्षा देगी व्हील्स ई-रिक्शा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रजरप्पा।** सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड रजरप्पा एरिया के महाप्रबंधक बिनोद कुमार ने स्किल्स ऑन व्हील्स ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखा कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। ई-रिक्शा में मोबाइल कंप्यूटर लैब बनाया गया है। स्किल्स ऑन व्हील्स ई-रिक्शा छह ग्रामीण सरकारी स्कूल में कंप्यूटर एव डिजिटल शिक्षा देगी। सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड रजरप्पा क्षेत्र के उन छह ऐसे स्कूलों को चयन किया जा रहा है, जो अब तक कंप्यूटर शिक्षा से वंचित हैं। यह प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन एजेंसी स्कूलाजियम माउन्ट एवेरेस्ट लर्निंग फाउंडेशन है। माउंट एवेरेस्ट लर्निंग फाउंडेशन पिछले दस सालों से झारखंड में स्कूली शिक्षा में शोध कर रही है। स्कूलाजियम का एक मुख्य कार्य कौशल आधारित शिक्षा है, जिसे माउन्ट एवेरेस्ट पब्लिक स्कूल में बच्चों के पठन-पाठन में उपयोग में लाया जाता है। 'स्कूलाजियम' चितरपुर, रामगढ़ स्थित शिक्षा में शोध का प्रयोगशाला है। इस कार्यक्रम में परियोजना पदाधिकारी यूएन प्रसाद, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार, शंभू रजक, स्टाफ अधिकारी (योजना) एसके सिन्हा, सीएसआर अधिकारी आशीष झा, स्कूलाजियम के डायरेक्टर मो. साजिद हुसैन, माउन्ट एवेरेस्ट पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल जीतेंद्र कुमार सिंह, स्किल्स ऑन व्हील्स के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर दिनेश कुमार, सतीश कुमार एव अरशद उल्लाह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### नकारी कॉलोनी में पानी की किल्लत जल्द दूर करे प्रबंधन : डॉ. आशीष



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नकारी कॉलोनी में पानी की समस्या को ले कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रिय सचिव डॉ. आशीष कुमार ने पूर्व में सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक को पत्र प्रेषित किया था। लेकिन अभी तक पानी की समस्या का समाधान नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस बात डॉ. आशीष कुमार ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा है कि नकारी कॉलोनी में पतरातू से होने वाला पानी सप्लाई करीब सात-आठ माह से बंद है। जिसके कारण क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पतरातू वाटर सप्लाई में प्रेशर नहीं होने के कारण पिछले सितंबर 2023 से नकारी कॉलोनी में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। उन्होंने कहा की एक साजिश के तहत सीसीएल प्रबंधन व बरका-सयाल सिविल विभाग के लापरवाही कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। श्री कुमार ने सीसीएल प्रबंधन से नकारी व केके पंचायत में मिलिट्री कैंप पाइप लाइन से कनेक्शन देकर पानी की समस्या दूर करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि प्रबंधन जल्द से जल्द पानी की समस्या दूर करने की पहल करे अन्यथा हमारी यूनियन आंदोलन का रूख अतिख्यार करेगी। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी।

# ओपी जिंदल की पुण्यतिथि पर गरीबों को दिया खाना

## गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : रवि निवास

खबर मन्त्र संवाददाता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपीएल के संस्थापक ओपी जिंदल के 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था के बैनर तले साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। इस दौरान जेएसपीएल के सीएसआर प्रमुख रवि निवास, मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह व गिरधारी गोप ने दर्जनों गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत जेएसपीएल के संस्थापक ओपी जिंदल के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। मौके पर सीएसआर प्रमुख रवि निवास ने मंच के कार्यों की सराहना करते हुए कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में जेएसपीएल भी हर संभव सहयोग करता रहेगा। वहीं मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया की सबों के सहयोग से पिछले आठ वर्षों से प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को मंच द्वारा भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा की नर सेवा नारायण सेवा होता है। गरीबों की सेवा के लिए सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, सुकरा करमाली, लालू उरांव, उदयभान दुबे, राजकिशोर पांडेय, संजू सिन्हा, गिरधारी गोप आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### रामगढ़ छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह भाजपा में शामिल



**रामगढ़।** भाजपा के नीति और सिद्धांतों से प्रभावित होकर समर्थकों के साथ छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह भाजपा में शामिल हो गए। रविवार को शहर के झंडा चौक स्थित गणक मैरिज हॉल में भाजपा के द्वारा कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता व संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत पांडेय ने किया। सरदार अनमोल सिंह के नेतृत्व में सुनील मालाकार, रतन कुमार, रविंद्र तिवारी, चंद्रहंस मित्तल, प्रसाद अग्रवाल, प्रदीप कुमार शर्मा, रवि प्रसाद, सुनील शाह, शंभू साह संतोष कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, कुनाल नायक, अभिषेक गुप्ता राजीव कुमार साह, संजीव कुमार, राजेश प्रसाद गुप्ता, लखेंदर पासवान, अमर दीप सिंह सैनी, पापिनदर सिंह सहित कई महिलाओं ने भी सदस्यता ग्रहण की। मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मनीष जायसवाल, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी शशि भूषण भगत सहित अन्य मौजूद रहे।

### करमा में महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण



**टाटीझरिया ।** प्रखंड के खैरा पंचायत के करमा गांव में शनिवार को मंदिर उद्घाटन शिव पंच परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर आचार्य पुरोहितों में संजय पांडेय,विजय पांडेय,अभिषेक पांडेय ,गोपाल पांडेय,प्रेम पांडेय के मुखारविंद से विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण कर श्रद्धालुओं द्वारा हनुमत ध्वज की पूजन अर्चना कर ध्वजरोहण किया गया। क्षेत्रीय ब्राह्मण विजय पांडेय खैरा निवासी ने कहा कि पूजा के दौरान आस पास के कई गांवों से लोग जुटे थे आस पास के संपूर्ण क्षेत्र में हर हर महादेव,जय माता दी, जय श्री राम ,जय हनुमान के जयघोष से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष तुलेश्वर राणा ,सचिव लखन पासवान,कोषाध्यक्ष शंकरदयाल राणा,उपाध्यक्ष बिरेंद्र राणा,बालदेव शर्मा,किशोरी राणा,महेंद्र,नरेश ,भोला ठाकुर,शंभू यादव, कृष्णदेव राणा, जयप्रकाश नारायण समेत अन्य सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त गण मौजूद थे।

### रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक



**टाटीझरिया।** बरकट्ठा विधानसभा सभा क्षेत्र के लुंदरू गांव में हरेक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी चैत्र महीने में मनाए जाने वाले हिंदुओं का प्रमुख त्योहार रामनवमी सह बसंती दुर्गा पूजा नवरात्र पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई ।बैठक के दौरान मौजूद प्रबुद्ध बुद्धि जीवी ग्रामीणों संग समिति पदाधिकारियों ने पूजा को सफल बनाने , झांकी प्रदर्शन ,शांति व्यवस्था आदि अन्य कई महत्व पूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया। मौके पर समिति अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव,उपाध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा,सचिव जितेंद्र पासवान, उप सचिव मनोज प्रसाद कुशवाहा,कोषाध्यक्ष चंद्रदेव महतो,गौतम राणा,आचार्य आदित्य कु.पांडेय,कार्यकारणी सदस्यो में खगेंद्र प्रसाद कुशवाहा,बिरेंदे यादव,उपेंद्र प्रजापति, प्रकाश साहू,पिंटू राणा,सुधीर प्रसाद कुशवाहा,मनोज यादव,रिंकू साहू,अनिल पांडेय,हरी प्रसाद,मुकेश प्रसाद,बंशीधर पांडेय समेत अन्य लोग शामिल थे।

### दारु में तेज हवा से घर और दुकान टूटा

**दारु।** मौसम ने शनिवार रात्रि को अचानक करवट लिया और मध्य रात्रि के आसपास काफी तेज हवा चलने लगी। हवा से बिजली बत्ती गुल हो गयी । गर्जन की आवाज सुनकर ज्यदातर लोगों की नींद खुल गयी और लोग अपने घरों की खिड़कियां खोलकर देखने लगे। इस तेज हवा मे कई घरों एयर दुकानों को भारी क्षति हुई। दिगवार बगीचा टोला अशोक अगरिया के घर पर विशाल आम का पेड़ गिर जाने से उसका घर को काफी क्षति पहुंची है ।दारु चौक मे बासुदेव जनरल स्टोर की गुमटी मे करोंज का पेड़ गिर जाने से काफी नुक्सान हुआ। चिरवां मे रीना देवी की ।जमीन पर बना ग्रीन शेड भी टूट कर गिर गया। इसके अलावे और भी कई जगहों से तेज हवा मे पेड़ पौधे और चारदिवारी को नुक्सान पहुंचने की खबर मिल रही थी।

### अवैध बालू के साथ तीन ट्रैक्टर जब्त



**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय ने अवैधकर्ताओ पर नकेल कसने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए है। साथ ही जिले भर में छापेमारी और गश्ती दल को सक्रिय कर दिया गया है। इसी क्रम मुफ्फसिल थाना अंर्तगत पुलिस प्रशासन व सशस्त्र बल के साथ अवैध शराब,अवैध बालू के उत्खनन एवं अवैध वस्तुओं के परिचालन पर रोकथाम हेतु छापामारी के दौरान शनिवार सुबह लगभग 3:30 बजे डमर चौक के पास संदिग्ध रुप आ रहे तीन ट्रैक्टर एवं एक मोटरसाइकिल को रोककर पूछताछ और जांच की गई,जांच में यह पाया गया कि उक्त तीनों ट्रैक्टर में कुल 300 सीएफटी अवैध बालू लोड है। पुलिस की दबिश के बाद तीनों ड्राइवर एवं एक अन्य व्यक्ति जो मोटरसाइकिल सवार थे,उनका नाम पता पूछा गया तो तीनों ट्रैक्टर के ड्राइवर द्वारा क्रमशः नाम मुकेश यादव पिता बालेश्वर गोप चानो निवासी,दूसरा जोकीम लकड़ा पिता जुनास लकड़ा सीतागढ़ा एवं तीसरा व्यक्ति अजय गोप पिता स्वर्गीय चेतलाल गोप बनहा, कटकमदाग निवासी बताया गया। इन सभी संधिग्धो के पास किसी भी प्रकार का वैध कागजात नहीं होने के कारण तीनों ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिल को विधिवत जप्ती सूची बनाकर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया एवं तीनों ट्रैक्टर चालक एवं मोटरसाइकिल चालक को पुलिस पदाधिकारी द्वारा गिरफ्तार कर थाना लाया गया।

# 40 लाख के अवैध अफीम, डोडे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 40 लाख रुपये के अवैध अफीम और डोडे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कुमार पांडे के गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना क्षेत्र कौशलवा से 4 किलो 300 ग्राम अवैध अफीम, 10 प्लास्टिक बोरा में 126 किलो ग्राम अवैध डोडा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। चतरा पुलिस उपाधीक्षक रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तस्करों के घरों को घेराबंदी कर बैजनाथ साव, झाबर गंजू, जसुनंदन यादव के घर से अवैध अफीम और डोडा जब्त किया गया। बैजनाथ साहू के घर से भारी मात्रा में अवैध डोडा, झाबर गंजू के घर से अवैध डोडा और यदुनंदन यादव के घर से अवैध डोडा और अफीम बरामद हुआ। इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या 139/ 24 धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उन लोगों को जेल भेज दिया गया है।

# अवैध महुआ शराब के खिलाफ चला अभियान

## 720 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार



**चतरा।** पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि बशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के दंतार और लेढो गाँव में कुछ शराब कारोबारी अपने घरों में बड़ी मात्रा में देशी महुआ शराब बना रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक (मु) चतरा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया और बशिष्ठनगर थाना पुलिस और सशस्त्र बल के साथ अवैध शराब कारोबारियों के घरों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान लेढो गाँव के उमेश यादव के घर से लगभग 480 लीटर, दंतार गाँव के चन्द्रदेव भारती के घर से 140 लीटर और परमाचक गाँव के रामफल भारती के घर से 100 लीटर अवैध देशी महुआ शराब बरामद की गई। कुल मिलाकर तीनों के घरों से लगभग 720 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुई। इन लोगों के खिलाफ अवैध रूप से बड़ी मात्रा में देशी महुआ शराब बनाने और बेचने के आरोप में मामला दर्ज किया गया और चन्द्रदेव भारती और रामफल भारती को गिरफ्तार कर लिया गय।वही उमेश यादव फरार है।

## भारी मात्रा में विदेशी और अवैध महुआ चुलाई शराब जब्त



**चतरा।** आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए, चतरा जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। 30 मार्च, 2024 को जोरी, मयूरहंड और इटखोरी थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसमें बड़ी मात्रा में विदेशी शराब और अवैध महुआ चुलाई शराब जब्त की गई। जोरी थाना अंतर्गत कटैया से विभिन्न ब्रांडों की कुल 204 बोतलें विदेशी शराब बरामद हुईं, जबकि इटखोरी और मयूरहंड थाना क्षेत्रों में 160 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब जब्त की गई और करीब 2800 किलोग्राम से अधिक चुलाई योग्य जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया। बरामद अवैध शराब का कुल बाजार मूल्य 2 लाख रुपये से अधिक है। संलिप्त आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक जिले में लगातार अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

**एक नजर में**

# अवैध शराब के विरूद्ध चला विशेष छापामारी अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चन्दवारा (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है, जिसके आलोक में थाना प्रभारी चन्दवारा अरविन्द कुमार के नेतृत्व में रविवार को चन्दवारा थाना क्षेत्र के महुगायं एवं चन्दवारा पश्चिमी में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी की गयी। इस दौरान लगभग 3.5 क्विंटल जावा महुआ स्थल पर ही विनष्ट किया गया। छापेमारी दल में पुअनि अरविन्द कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। वहीं सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के उपस्थिति में कक्षा नर्सरी से नवम तक का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड जारी किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान सुरुचि कुमारी, द्वितीय संया कुमारी व तृतीय दीपाली कुमारी, कक्षा एलकेजी में प्रथम सुर्यांश गुप्ता, द्वितीय समृद्धि गुप्ता व तृतीय सौरभ यादव, कक्षा यूकेजी में प्रथम दिव्यांक यादव, द्वितीय एकता प्रिया व तृतीय ऋषभ राज, कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान साइफा प्रवीन, द्वितीय यश यादव व तृतीय शुभम कुमार, कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान रौनक कुमार, द्वितीय रवि यादव व तृतीय सम्राट राणा, कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान परी कुमारी, द्वितीय स्वीटी कुमारी व तृतीय श्रुति कुमारी, कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान इस्तेखार अंसारी, द्वितीय अक्षरा कुमारी, तृतीय विकास कुमार राणा, कक्षा पंचम में प्रथम स्थान नैतिक बर्णवाल, द्वितीय तनवीर आलम व तृतीय अनिकेश कुमार, कक्षा षष्ट में प्रथम स्थान आलेक्स गुप्ता एवं खुशी रानी, द्वितीय तान्या कुमारी व तृतीय रीतविक कुमार, कक्षा सप्तम में प्रथम स्थान आयुष कुमार यादव, द्वितीय लव कुमार व तृतीय आदर्श कुमार, कक्षा अष्टम में प्रथम स्थान सलोनी कुमारी, द्वितीय मनीष यादव व तृतीय दिवाकर राज, कक्षा नवम में प्रथम स्थान आनंद कुमार, द्वितीय चांदनी कुमारी व तृतीय लिली गुप्ता ने प्राप्त किया।

वहीं प्राचार्य राधेश्याम पंडित ने कहा कि बच्चों के लिए यह प्रथम सीढ़ी है। फिर भी भविष्य में बेहतर करने के लिए प्रथम सीढ़ी से ही मेहनती व लगनशील बनना चाहिए। वहीं निदेशक अनिल कुमार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मर्गदर्षित किये। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद थे।

# 19वें रमजान के मौके पर ईफ्तार पार्टी का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड स्थित नावाडीह एक पंचायत अंतर्गत ग्राम गोपेटांड स्थित मस्जिद फैजाने पनजतन परिसर में नौजवान कमेटी के द्वारा शनिवार की शाम 19वें रमजान के मौके पर ईफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सैकड़ों रोजेदार उपस्थित होकर रोजा इफ्तार किया। रोजा इफ्तार के पूर्व मस्जिद के ईमाम हाफिज मो. हसन रजा ने सभी रोजेदारों के साथ अल्लाह तबारक व ताला के बारगाह में हाथ उठा कर देश व दुनिया में अमन चैन कि दुआ मांगी। ईफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बूढ़े बुजुर्ग नौजवान व बच्चे बड़ी संख्या में शिरकत किया। मगरिब कि अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा ईफ्तार किया। वहीं राजद नेता डॉ. जावेद अख्तर ने कहा रमजान उल मुबारक का यह पाक व पवित्र महीना रहमतों व बरकतों से भरपूर है, जो शख्स रोजेदार को ईफ्तार कराता है उसे अल्लाह ताला रोजेदार के बराबर सवाब अता फरमाता है। इस तरह के ईफ्तार पार्टी के आयोजन से आपसी भाईचारगी भी बढ़ता है। मौके पर मो. सरफराज आलम, मो. याकूब आलम, मो. मोईन आलम, मो. अब्बास आलम, मो. अनवर आलम, मो. सराजुद्दीन आलम, मो. सलीम आलम, मो.अहमद आलम, अबुल रजा, महताब आलम, मकबूल आलम, अयाज आलम, मो. यूसुफ, रियासात आलम, तोहिद शेख, आजाद शेख, निजाम खान आदि मौजूद थे।

## कोडरमा स्कूल सहोदया कंपलेक्स की बैठक संपन्न, ली गई कई निर्णय

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत योग्य व अनुकूल शिक्षक की सख्त आवश्यकता : शैलेंद्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में कोडरमा स्कूल सहोदया कंपलेक्स की बैठक की गयी। जिसमें संगठन द्वारा सत्र 2023-24 में संपन्न किए गए विभिन्न कार्यक्रमों पर समीक्षा की गई तथा सर्वसम्मति से आगामी 22 अप्रैल 2024 को झुमरीतिलैया स्थित शिव वाटिका में गुरु शिखर सम्मान जैसे कार्यक्रम को संपन्न करवाने के दृष्टिकोण से विस्तार पूर्वक योजना बनाई गई। मौके पर विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक अनिल कुमार द्वारा बैठक में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं गुरु शिखर सम्मान के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए संगठन के अयक्ष सह मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार द्वारा बताया कि यह कार्यक्रम सत्र 2023-24 के संदर्भ में ही आयोजित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत योग्य और अनुकूल शिक्षक की सख्त आवश्यकता महसूस की जा रही है, शिक्षकों के अध्यापन शैली में और प्रखरता आए इस दृष्टिकोण से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रत्येक विद्यालय से अलग-अलग स्तर के तीन शिक्षकों का सहभागिता इस सम्मान समारोह में होना है, जिससे ऊर्जा लेकर संबंाित विद्यालय के और शिक्षक भी अपने आपको और आकि ऊर्जावान बना सके। कार्यक्रम की भव्यता और सफलता की दृष्टिकोण से विभिन्न सदस्यों के बीच महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां का वितरण भी किया गया।

# रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने कपिल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के ठाकुरबाड़ी में रामनवमी को लेकर एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता काशीराम दांगी ने की और संचालन कपिल कुमार ने किया।

बैठक में गिद्धौर के सभी अखाड़ा के लोग शामिल हुए और सर्वसम्मति से कपिल कुमार को अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, कुशवाहा दांगी समाज के प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर दांगी, समाजसेवी सत्येंद्र कुशवाहा, बंसी दांगी और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में रामनवमी के आयोजन को लेकर चर्चा की गई और विभिन्न समितियों का गठन किया गया।

# शिव शिष्य परिवार द्वारा शिव गुरु संगोष्ठी का आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित शिव वाटिका हॉल में शिव शिष्य परिवार द्वारा शिव गुरु संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन महेश्वर शिव के गुरु स्वरूप से एक-एक व्यक्ति का शिष्य के रूप में जुड़ाव हो सके, इसी बात को सुनने और समझने के निमित्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं शिव शिष्य साहब श्री हरिंद्रानंद जी के संदेश को लेकर आई कार्यक्रम की मुख्य वक्ता दीदी बरखा आनंद ने कहा कि शिव केवल नाम के नहीं अपितु काम के गुरु हैं। शिव के अवगढदानी स्वरूप से धन-धान, संतान, संपदा आदि प्राप्त करने का व्यापक प्रचलन है, तो उनके गुरु स्वरूप से ज्ञान भी क्यों नहीं प्राप्त किया जाए। किसी संपत्ति या संपदा का उपयोग ज्ञान के अभाव में घातक हो सकता है। वहीं उन्होंने कहा कि शिव जगत गुरु हैं, अतएव जगत का एक-एक व्यक्ति चाहे वह किसी ार्म, जाति, संप्रदाय, लिंग का हो शिव को अपना गुरू बना सकता है। शिव का शिष्य होने के लिए किसी पारंपरिक, औपचारिकता अथवा दीक्षा की आवश्यकता नहीं है, केवल यह विचार की शिव मेरे गुरु हैं, शिव की शिष्यता की स्वामित्व शुरुआत करता है। इसी विचार का अस्थाई होना हमको आपको शिव का शिष्य बनता है।

वहीं भैया अर्चित आनंद ने कहा की अवाारणा पूर्णता आध्यात्मिक है, जो भगवान शिव के गुरु स्वरूप से एक-एक व्यक्ति के जुड़ाव से संबंाित है। उन्होंने कहा कि शिव के शिष्य एवं शिष्याएं अपने सभी आयोजन शिव गुरु हैं और संसार का एक-एक व्यक्ति उनका शिष्य हो सकता है।

**शिव का शिष्य होने में मात्र तीन सूत्र ही सहायक हैं**

पहला सूत्र अपने गुरु शिव से मन ही मन यह कहे कि ऐसी आप मेरे गुरु हैं मैं आपका शिष्य हूं मुझ शिष्य पर दया कर दीजिए। दूसरा सूत्र सबको सुनाना और समझना कि शिव गुरु हैं ताकि दूसरे लोग भी शिव को अपना गुरु बनाएं। तीसरा सूत्र अपने गुरु शिव को मन ही मन प्रणाम करना है, इच्छा हो तो नमः शिवाय मंत्र से प्रणाम किया जा सकता है। इन तीन सूत्रों के अलावा किसी भी आंविश्वास का कोई स्थान बिल्कुल नहीं है। इस संगोष्ठी में समवर्ती क्षेत्र से लगभग तीन हजार से आकि लोग शामिल हुए। वहीं दिनेश कुमार ने संगोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया।

# श्याम शरण में आजा रे.. का द्वितीय वार्षिक उत्सव अनूठी छाप छोड़ गया

## एसी मस्ती कहां मिलेगी, श्याम नाम रस पीले..





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्याम शरण में आजा रे.. के तत्वाधान में आयोजित द्वितीय वार्षिक उत्सव अनूठी छाप छोड़ गया। शिव वाटिका में आयोजित वार्षिक उत्सव में जहां बाबा श्याम का आलौकिक श्रृंगार आकर्षण का केंद्र बिंदु बना, वहीं, विभिन्न देवी देवताओं का दरबार सजा एवं छप्पन भोग, खीर चूरमा का भोग भगवान को अर्पित किया गया। कार्यक्रम में झारखण्ड, बिहार, बंगाल, गुजरात, दिल्ली के श्रद्धालु भक्त लगभग 8 घंटे तक राजस्थानी धमाल के अलावा विभिन्न देवी देवताओं पर आधारित क्लासिकल एवं भोजपुरी भजनों पर भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। संध्या 7 बजे से देर रात्रि 2 बजे तक ज्योत में लगातार श्रद्धालु भक्तों की कतार लगी रही।

भक्तों को माथे पर चंदन का तिलक लगाया गया। इस दौरान भक्तों ने बाबा के समक्ष मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में श्याम शरण में आजा रे के पुरुष एवं महिला सेवादार एक ड्रेस कोड में नजर आए। कार्यक्रम में जयपुर से आई रजनी राजस्थानी एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर लोगों को खूब झुमाया।

उनके द्वारा प्रस्तुत भजन एसी मस्ती कहां मिलेगी, श्याम नाम रस पीले., ज़ब ज़ब श्याम दीवाने के सर पर संकट मंडराया है, मेरा बाबा दौड़ा आया है.,प्यारा सा मुखड़ा, कलयुग का खाटू नरेश., भक्तों का दुलारा है मेरा श्याम ानी., कोलकाता के तुसार चौरी ने कब आएगा मेरा सांवरिया., भावना की ज्योत जगा कर देखिए बोलती है मूर्ति बुला कर देखिए., मुंबई के रामावतार अग्रवाल ने बाबा श्याम के दरबार में मची रे होली., लूट रहा लूट रहा लूट रहा रे मेरा श्याम का खजाना., कोलकाता के सुदर्शन यादव ने बिगड़ी मेरी बनादे, कोई रास्ता दिखा दे तु है मेरा सहारा खाटू श्याम हमारा., धनबाद के अभिषेक सिंघल व डोमचांच की खुशबु कुमारी ने भजनों की रसधार से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में इत्र का छिड़काव एवं फूलों की होली भी खेली गई। इस दौरान हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा, जय श्री श्याम जैसे जयकारों से पूरा कार्यक्रम स्थल गूंजयमान होता रहा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वृद्धाश्रम के बुजुर्ग शामिल हुए।

इस अवसर पर बुजुर्गों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से जहां हमें घंटो तनाव से मुक्ति मिलती है। वहीं श्याम शरण के द्वारा बुजुर्गों का सम्मान एक अनूठी पहल है। सेवादारों ने बताया कि कार्यक्रम में बुजुर्गो को आमंत्रित करने का मुख्य उदेश्य यह है कि बुजुर्ग समाज के धरोहर हैं।

आज हमें इनसे कई प्रेरणाएं मिलती है। सेवादारों ने आह्वान किया की लोग बुजुर्गों को अपने निवास स्थल पर ही रखें, ताकि पोता पोतियों को भी दादा दादी से कुछ सिखने को मिले। कार्यक्रम स्थल पर गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा देने एवं गौ सेवा संबंाित कई स्लोगन की तखतियां लगाई गई थी। कार्यक्रम में सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विाायक डॉ.नीरा यादव सहित कई श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम में शहर की विभिन्न भजन मंडलियों सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठन के अलावा विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालु भक्त, गायक कलाकार आदि को दुप्पटा देकर सम्मानित किया गया।

# प्रेम, सेवा व सत्य के मार्ग पर चलकर ही हम समाज को मजबूत कर सकते हैं: फादर लिनुस

## गुमला धर्मप्रांत के 40 पल्लियों में मनाया गया पास्का का पर्व, गुमला के संत पात्रिक गिरजाघर में हुआ मिस्सा अनुष्ठान




पास्का पर्व पर मिस्सा पुजा कराते भीजी फादर इमानुएल व अन्य, मिस्सा पूजा में शामिल धर्म विश्वासी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला धर्मप्रांत के सभी 40 पल्लियों में रविवार को पास्का पर्व (ईस्टर) धूमधाम से मनाया गया। मुख्य समारोह शहर के सिसई रोड स्थित संत पात्रिक महागिरजाघर में हुआ। जहां रात्रि जागरण मिस्सा पूजा गुमला धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप लिनुस पिंगल एक्का की अगुवाई में हुआ। वहीं रविवार को अहले सुबह 7 बजे पहल मिस्सा पूजा अनुष्ठान हुआ। जिसके मुख्य अधिष्ठाता भीजी फादर इमानुएल कुजूर थे। सहायक अधिष्ठाता पल्ली पुरोहित फादर जेरोम एक्का थे। जबकि रविवार सुबह 8 बजे दूसरा मिस्सा पूजा फादर जेफरेसियुस तिर्की ने कराया। इधर रात्रि मिस्सा के दौरान अपने संदेश में बिशप लिनुस पिंगल एक्का ने कहा समाज में बहुत बड़ी ताकत है। जरूरत है समाज के महत्व को समझने की। प्रेम, सेवा व सत्य के मार्ग पर चलकर ही हम सभी समाज को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने ईस्टर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुड फ्राइडे के तीसरे दिन येशु जीवित हो उठे थे। ईसा मसीह के जीवित हो उठने के बाद अपने चेलों के साथ 40 दिन रहकर हजारों लोगों को दर्शन दिये। वे दुनिया को प्यार और सत्य बांटने के लिए वापस आये थे। वे एक राजा थे। जिस क्रूस पर ईसा मसीह को चढ़ाया गया। उस पर उस समय की यूनानी भाषा में लिखा था नासरत का यीशु यहूदियों का राजा है। लेकिन वे लोग अनजाने में मसीह को क्रूस पर चढ़ा रहे थे। उस समय भी यीशु ने ये कहा कि पिता परमेश्वर इन लोगों को माफ करना। क्योंकि ये नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं। उन्होंने हमें दूसरों को क्षमा करने का संदेश दिया। उन्होंने समस्त मानव जाति के पापों का उद्धार करने के लिए क्रूस पर अपनी जान दी। मसीह पर विश्वास करने वालों को पापों से छुटकारा मिलता है। मिस्सा पूजा में प्रार्थना गीतों का संचालन कोयर दल के द्वारा किया गया। मिस्सा पूजा के उपरांत धर्मविश्वासियों के बीच परम प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर फादर सीप्रियन कुल्लू, फादर मुनसन, फादर कुलदीप, फादर जीतन, फादर प्रफुल्ल, फादर नीलम, फादर पॉल, फादर अमृत सहित भारी संख्या में धर्मविश्वासी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### केंद्रीय सरहुल संचालन समिति की बैठक संपन्न

**गुमला।** केंद्रीय सरहुल संचालन समिति की बैठक रविवार को उरांव क्लब दुन्दुरिया में सचिव दीपनारायण उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सरहुल मोहत्सव व सांस्कृतिक जुलूस की तैयारी पर चर्चा की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से 11 अप्रैल को सरहुल महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में केंद्रीय सरहुल संचालन समिति का पुर्नगठन भी किया गया। जिसमें पुनई उरांव को अध्यक्ष, गिद्धावर अघन उरांव व सागर उरांव को उपाध्यक्ष व दीपनारायण उरांव को सचिव बनाया गया। बैठक में सरहुल महोत्सव पूरे जोशो खरोंस व हर्षोल्लास मनाने का भी निर्णय लिया गया।

### भाजपा का विधानसभा स्तरीय बैठक आज

**गुमला।** भाजपा प्रदेश संगठन के निदेर्शानुसार एक दिन एक विधानसभा प्रवास कार्यक्रम के तहत एक अप्रैल को जिले के तीनों विधानसभा का एक ही दिन त्रिस्तरीय बैठक होना सुनिश्चित किया गया है। जिसके अंतर्गत गुमला विधान सभा की बैठक बस पड़ाव गुमला स्थित सूड़ी धर्मशाला में, सिसई विधानसभा स्तरीय बैठक टी.भी.एस. वर्क-सॉप भवन (करंज बाड़ी भदौली) में और विशुनपुर विधानसभा स्तरीय बैठक घाघरा स्थित चपका बगीचा में पूर्वाह्न 10 बजे से रखी गयी है।

### तेज आंधी व बारिश से घाघरा में गिरे पेड, टूटा बिजली का तार

**घाघरा।** शनिवार को देर रात आये तेज आंधी व बारिश से घाघरा प्रखंड में कई स्थानों पर विशालकाय पेड़ घरों में गिर गया। वहीं बिजली का तार टूट गया। वहीं एक घर का एल्बेस्टर उड़कर जमीन पर गिरकर टूट गया। इस संबंध में बहदुरा ग्राम निवासी रवि पांडे ने बताया कि तेज आंधी बारिश होने के कारण घर में पेड़ गिर गया। जिसके कारण पूरी तरह घर क्षतिग्रस्त हो गया।

### बेमौसम बारिश और वज्रपात से किसान बेहाल

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र में एक महीने के अंदर अनेक बार तेज आंधी तूफान के साथ हुई ओलावृष्टि के कारण किसानों की कमर टूट रही है। क्षेत्र के किसान बहादुर उरांव, खुदी उरांव, सुसेन महतो, बीरबल महली, राजकुमार टाना भगत, जुगल साहू सहित दर्जनों किसानों का कहना है को मौसम के मार के कारण हमारे खेतों में लगे टमाटर, मटर, मिर्चा, गोभी सहित अन्य फसल बर्बाद हो चुका है। हरेक बार एक नई उम्मीद के साथ विचड़ा लगाते हैं और पुनः एक बार बीज, खाद, पटवन और मेहनत का खर्च करते हैं किंतु मौषम के कारण हर बार स्थिति खराब हो जाती है, ऐसे में हम किसानो के सामने अब परिवार के भरण पोषण का सामना करना पड़ रहा है।

### ईसाई समुदाय के लोगों ने ईस्टर संडे पर्व मनाया

**चैनपुर।** चैनपुर सहित पूरे चैनपुर अनुमंडल में मसीह समाज द्वारा ईस्टर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मसीह समाज के लोगों ने चर्च में प्रार्थना की। वहीं अपने पूर्वजों के याद में उनके कब्र पर मोमबती जलायी। ऐसी मान्यता है कि गुड फ्राइडे के तीसरे दिन ही प्रभु ईसा मसीह जीवत हो गये थे। उनके जीवित होने को याद करते हुये ईसाई समाज के लोगों ने ईस्टर संडे मनाया। इस दौरान चैनपुर के चर्चा में प्रार्थना का आयोजन किया गया। वहीं मसीह समाज के कुछ लोगों द्वारा अपने पूर्वजों के कब्र पर जाकर मोमबती जला करक उन्हें याद किया गया।

### 23 को वीर कुंवर सिंह जयंती मनाने का निर्णय

**गुमला।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ जिला गुमला की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष जगनारायण सिंह की अध्यक्षता में वीर कुंवर सिंह भवन डीएसपी रोड में हुई। बैठक में 23 अप्रैल को बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष श्री जगनारायण सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाने के लिए समाज के सभी सदस्यों का सहयोग जरूरी है। वहीं बैठक में अर्थ संग्रह के लिए एक कमेटी बनायी गयी।

## जंगली हाथियों का आतंक, फिर एक घर क्षतिग्रस्त



क्षतिग्रस्त घर के साथ पीड़ित किसान

**चैनपुर।** चैनपुर में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रह है। हाथियों के डर से लोग भय के साये में जीने को विवश हैं। जंगली हाथियों ने किसान एडवर्ड मिंज पिता स्व दोमानिक मिंज उम्र 65 के घर को कुछ दिनों पहले क्षतिग्रस्त कर दिया था। वहीं इस मामले में वन विभाग की ओर से अभी तक पीड़ित परिवार को कोई सहायता भी नहीं मिला है। जिसके चलते गरीब किसान परिवार के समक्ष मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। अगला मामला चैनपुर प्रखंड के बरटोली गांव से जुड़ा है। जहां जंगली हाथियों ने एक किसानों के घर को रात में क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही घर में रखे धान को भी चट कर गया। इसके अलावा घर में रखे सामान को भी बर्बाद कर दिया। पीड़ित परिवार ने बताया कि आज मिला कर हाथियों ने दो बार घर को तोड़ किंतु अब तक उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला है। बार बार टूटे हुए घर को बनाते बनाते हमारी स्थिति अत्यंत दयनीय हो गयी है। इस कारण घर का मरम्मत कराने में हमलोग अब बिल्कुल असमर्थ हो गए हैं। वहीं वन विभाग को सूचना करने पर भी वन विभाग मौके पर नहीं पहुंच पायी। जिस कारण ग्रामीणों में काफी रोष है।

## जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुमला ने पाकुड़ को 196 रनों से हराया

# गुमला के अनिकेत राज साहू 6 विकेट लेकर बने मैन ऑफ द मैच

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 प्लेट ग्रुप क्रिकेट टूनार्मेंट में रविवार को गुमला की ओर से कौशल मेटे के शतकीय पारी और अनिकेत राज साहू की पैनी गेंदबाजी के बदौलत गुमला ने एक तरफे मुकाबले में पाकुड़ को 196 रनों से करारी शिकस्त दी।

गुमला के शहिद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट मुकाबले में रविवार को पाकुड़ ने टॉस जीतकर गुमला को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। गुमला की ओर से कौशल मेटे ने 18 चौके और एक छक्के के बदौलत 113 रनों की उम्दा पारी खेली। वहीं मयंक राज ने बेहतरीन 55 रनों का योगदान दिया। टीम की ओर से वैदिक राज ने 28, एकलव्य उरांव 27, भावेश भगत 19 व आयुष राज ने 17 रनों की पारी खेली। वहीं पाकुड़ की ओर से सुशांत सिन्हा ने 10 ओवर में 60 रन देकर 6 विकेट चटकाए। वहीं रोशन व संटू को एक-एक विकेट प्राप्त हुए। जवाबी पारी खेलने उतरी पाकुड़ की पूरी टीम 28.5 ओवर में 109 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से संटू कुमार ने सर्वाधिक 40 रन, रोशन ने 24 रन व राजीव कुमार ने 10 रनों का योगदान दिया।




मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान करते जेएससीए के पदाधिकारी



दोनों टीमों के खिलाड़ियों के साथ अतिथि

## केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष बने विपुल तमेड़ा, महामंत्री चुने गए अंकित

# रामनवमी पर धूमधाम के साथ भव्य रूप से शोभायात्रा निकालने का लिया गया निर्णय



अध्यक्ष और महामंत्री को बधाई देते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के संकट मोचन हनुमान मंदिर गुदरी बाजार निकट स्थित मुंद्रिका बैंक्विट हॉल में शनिवार को केंद्रीय महावीर मंडल की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष रोहित साहू ने की। बैठक में सर्वप्रथम आय व्यय सहित नई कार्यसमिति के गठन को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से एक स्वर में अध्यक्ष विपुल तमेड़ा को चुना गया। वहीं महामंत्री अंकित वर्मा को बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष और महामंत्री को आगे की कमेटी के विस्तार को लेकर जिम्मेदारी भी सौंप गई। मौके पर समिति के अभिभावकों ने नए कार्य समिति के अध्यक्ष, महामंत्री से इस वर्ष धूमधाम से रामनवमी का त्यौहार मनाने की आशा व्यक्त की। वही चुने गए नए अध्यक्ष और महामंत्री ने भी कहा कि जिस कार्य के लिए उन्हें यह जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसमें खडा उतरने को लेकर प्रयासरत रहेंगे। रामनवमी पर वर्ष 2024, 25 में निकलने वाली शोभायात्रा को भव्य और पारंपरिक बनाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा शोभायात्रा सहित अन्य कार्यक्रमों के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लेकर भी तैयारी की जाएंगी। शोभा यात्रा में झांकी, अस्त्र-शस्त्र चालन सहित रामायण से जुड़ी स्वरूपो को सामने लाने का कार्य किया जाएगा।

# बच्चे अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़े: प्रमुख

## वार्षिक उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मना



कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं

**घाघरा।** मोंटेसरी पैराडाइज एकेडमी घाघरा में रविवार को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी, थाना प्रभारी तरुण कुमार, समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे, शिक्षक विजय कुमार साहू ,प्रधानाध्यापक संजय भगत ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम में बच्चे बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य गीत प्रस्तुत किये गये। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि अनुशासन में रहकर बच्चे बेहतर करें और अपने विद्यालय अपने परिवार का नाम रोशन करें। थाना प्रभारी तरुण कुमार ने कहा कि आप बच्चे बड़े छोटों का आदर करें।

# अवैध बालू ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को सीओ ने किया जब्त



अवैध बालू लदा जब्त ट्रैक्टर

**घाघरा।** अंचलाधिकारी आशीष मंडल व घाघरा थाना ने संयुक्त रूप से अवैध बालू उठाव के खिलाफ रविवार को अभियान चलाया। अभियान के दौरान बगैर चालान के बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त कर घाघरा थाना में रखा गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी ने बताया कि लगातार अखबार में खबर छप रही थी कि अवैध बालू का उठाव धडल्ले से प्रखंड में हो रहा है। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। आने वाले समय में भी इस तरह की कार्रवाई की जाएगी। अवैध तरीका से जो भी काम किया जा रहा है उन सभी पर नकेल कसा जाएगा।

# प्रखंड के सभी पंचायत समिति का भी हुआ गठन

## श्री राम समिति के कुडु प्रखंड अध्यक्ष बने दीपक पासवान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कूडू।** प्रखंड के टाटी मंदिर प्रांगण में जय श्रीराम समिति की बैठक संजय चौधरी की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला संरक्षक अजय सोनी, जिला संचालन समिति सदस्य अनिल उरांव, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, नगर कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति भगत, प्रखंड प्रभारी शुभम कुमार उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार एवं नववर्ष विक्रम संवत को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संरक्षक लाल विकास नाथ शाहदेव, संजय चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष मिंकु राम, महामंत्री हंसवीर कुमार, उपाध्यक्ष शुभम लोहरा, संगठन मंत्री विक्की पासवान को बनाया गया साथ ही पंचायत का भी विस्तार किया गया। जिसमें कुडू पंचायत अध्यक्ष अमन कुमार, टाटी पंचायत अध्यक्ष राहुल साहू, सलगी पंचायत अध्यक्ष आलोक कुमार,जिंगी पंचायत अध्यक्ष - अंकुर लाल शाहदेव,ककडगड़ पंचायत अध्यक्ष अमित सिंह, हेंजला पंचायत अध्यक्ष अजय साहू,कोलसिमरी पंचायत अध्यक्ष मिथलेश कुमार, उडमुडू बारीडीह पंचायत अध्यक्ष दिलीप महतो, जिमा पंचायत अध्यक्ष अक्षय कुमार, लावागाए पंचायत अध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव, पंडरा पंचायत अध्यक्ष पवन साहू को बनाया गया। मौके परअजय पाहन, नंदलाल यादव, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



बैठक में शामिल लोग

## एक नजर में

### चित्रगुप्त पूजा को लेकर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक होटल नॉवेल्टी में सतीश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भगवान चित्रगुप्त मंदिर निर्माण, संगठन का पुनर्गठन, युवा पीढ़ी की भागीदारी सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन का पुनर्गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष देवाशीष कार, महासचिव प्रतीक प्रकाश मोनी, महामंत्री दिलीप पटनायक, उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, राजेश सहाय, शशि कुमार लाल दास, सचिव प्रेम सिन्हा, संयुक्त सचिव सुबोध प्रसाद, कोषाध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव को बनाया गया। इसके अलावा संरक्षक कृष्णा प्रसाद, अखौरी राकेश सिन्हा, विकेश कुमार सिन्हा, हेमंत सिन्हा, सुनील सिन्हा, श्यामा चरण सिन्हा, शशि भूषण प्रसाद, नवल किशोर सिन्हा, श्रीमती भारती सिन्हा, अभिमन्यु प्रसाद ललन, गणेश लाल, उमेश चरण सिन्हा को बनाया गया।

### क्षत्रिय समाज को किया जा रहा अपमानित : जयंत

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट की बैठक ट्रस्ट के महासचिव जयंत कुमार सिंह की अध्यक्षता में शहर के मिशन चौक स्थिति गठबंधन मैरिज हाल में शनिवार को हुई। बैठक में क्षत्रिय समाज की वर्तमान दशा-दिशा, सामाजिक विकास, एकजुटता व राजनीतिक रूप से क्षत्रिय समाज की हो रही उपेक्षा पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के महासचिव जयंत कुमार सिंह ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा क्षत्रिय समाज का प्रतिनिधित्व ही समाप्त कर दिया गया है। उदाहरण के लिए जिस तरह से क्षत्रिय समाज को राजनीतिक रुप से नजरअंदाज किया है। समाज इससे अपमानित महसूस कर रही है। जिस क्षत्रिय समाज ने हजारों वर्षों तक देश व हिंदुत्व की रक्षा की है, उसके साथ इस तरह का उपेक्षित व्यवहार सही नहीं है।

### भाजपा जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक आयोजित

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। सभी पार्टियां अपने जीत को लेकर रणनीति बनाने में जुट गए है। लोहरदगा लोकसभा सीट में आदिवासी वोटर निर्णायक भूमिका तय करते है। इसी को लेकर भाजपा जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक बक्शीडीपा स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व मंत्री सधनु भगत, जिलाध्यक्ष मनीर उरांव मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव में लोहरदगा लोकसभा सीट जितने को लेकर चर्चा की गई।जिसमे खासकर आदिवासी वोट को ज्यादा से ज्यादा अपनी तरफ लाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही आदिवासी क्षेत्र में भाजपा सरकार के कार्यों को घर घर तक पहुंचाने के लिए रणनीति बनाई गई। मौके पर पूर्व मंत्री सधनु भगत ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

### त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला के दूसरे दिन कई कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का द्वितीय दिवस आयोजित की गई। आचार्य कार्यशाला का द्वितीय दिवस पांच सत्रों में संपादित हुआ। आचार्य कार्यशाला के द्वितीय दिवस का प्रथम सत्र गीत, योग सह वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। द्वितीय सत्र मे स्थाई भौतिक सामग्री एवं पंजी सत्यापन, तृतीय सत्र मे शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक विकास पर चर्चा, चतुर्थ सत्र मे समय-सारणी पर चर्चा और पंचम सत्र मे पाठ्यक्रम क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि शैक्षणिक विकास, सह शैक्षणिक विकास के द्वारा ही संभव है, छात्र-छात्राओं के लिए वर्ष में दो बार आवश्यक रूप से करियर काउंसलिंग का आयोजन किया जाना चाहिऐ कायर्क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, रश्मि साहु, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, स्नेहा शर्मा, अर्चना कुमारी, सनोज कुमार साहु, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### जेएनवी में परीक्षा फल वितरण सह अभिभावक शिक्षक बैठक का हुआ आयोजन

**सेन्हा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सेन्हा में रविवार को परीक्षा फल वितरण सह अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी शुभारंभ विधिवत द्वीप प्रज्वलित कर प्रधानाचार्य अवनीश चन्द्र झा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सफल प्रथम द्वितीय एवं तृतीय सहित टॉपर्स को प्रमाण पत्र के साथ साथ प्रशस्ति पत्र देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए प्रधानाचार्य अवनीश चन्द्र झा ने कहा कि के बच्चे कल के भविष्य हैं और सबसे जरूरी बात यह है कि जीवन मे आगे बढ़ने का जरिया है शिक्षा किन्तु जीवन को सफल बनाने के लिए शिक्षा के साथ साथ संस्कार का होना भी आवस्यकता है। ऐसे में अपने बच्चों के भविष्य और संस्कार के निर्माण के लिए समय समय पर अभिभावकों को विद्यालय आकर संबंधित शिक्षकों से भी मिलते रहना चाहिए।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 35 लोगो ने कराया जांच

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 94 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 35 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा स्वस्थ जीवन के लिए नियमित रूप से सुबह-सुबह योगाभ्यास करें जिससे शरीर स्वस्थ के साथ-साथ फुतीर्ला रहेगा। उन्होंनेकहा कि मानव का सेवा करना ही हम सभी का पहला धर्म है।

### नही हो सका डोल मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डोल टांड़ में डोल के अवसर पर भगवान कृष्ण व राधे की प्रतिमा को विधिवत पूजा अर्चना किया गया। सार्वजनिक दर्शन को लेकर डोल टांड़ में निकाला गया। हालांकि आयोजक समिति द्वारा भव्य नागपुरिया आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया था। किंतु अचानक मौसम खराब होने के कारण प्रोग्राम बाधित हो गया व आयोजक समिति के अध्यक्ष विपिन कुमार द्वारा विधिवत उद्घाटन के साथ ही कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा। जिस कारण आयोजक समिति के साथ ही क्षेत्र से आये दर्शकों को काफी परेशानी के साथ साथ निराशा हाथ लगी। इधर सुबह में मेला का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों द्वारा मिठाइयों एवं खिलौनों की खरीददारी हुई।

### पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल को दी गई भावभीनी विदाई

**लोहरदगा।** जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल का रविवार को सिविल कोर्ट परिसर में भावभीनी विदाई दी गई। वे 2 वर्ष 4 माह 10 दिनों तक लोहरदगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं डालसा के अध्यक्ष रहते हुए रविवार को सेवा निवृत हो गए। उन्होंने कुल 28 वर्ष 3 माह 15 दिनों तक न्यायिक सेवा दी। बेतिया, पश्चिम चंपारण में 16 दिसंबर 1995 को सेवा में योगदान देने की पश्चात 31 मार्च, 2024 को उन्होंने अपना चार्ज प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अखिलेश तिवारी को पीडीजे का प्रभार सौंपा। इस अवसर पर सभी न्यायिक पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

## नुकीली चीज घुस जाने से बच्ची घायल



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित छठ तलाब में नहाने के दौरान पेट में नुकीली चीज घुस जाने से एक 5 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार फूलकुमारी 5 वर्ष पिता दीपक भुइयां ग्राम बालूमाथ निवासी छठ तलाब में नहा रही थी।इसी दौरान पेट नुकीली चीज घुस गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद परिजनों द्वारा उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## तूफान व बारिश से आंगनबाड़ी का छत गिरा

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के मंगरा स्थित गांव में आंगनबाड़ी का छत गिर गया। बताते चले कि शनिवार की देर रात 10:30 बजे के बाद अचानक आंधी तूफान व बारिश शुरू हो गया। इसी बारिश व तूफान में करीब 3:00 बजे रविवार को भोर में आंगनबाड़ी का छत गिर गया। लेकिन किसी प्रकार का जान-माल की छती नहीं हुई है।

## कोयला लेकर जा रही ट्रक पलटा



**बारियातू।** थाना क्षेत्र के रांची-चतरा मुख्य मार्ग गोनिया मे मगध से कोयला लेकर बिहार की ओर जा रही ट्रक बीआर 02 टी 4797 गोनिया चौक मे बिते रात्रि को पलट गया। जिससे चालक उपचालक बाल-बाल बच गए। ट्रक पलटने की सूचना मिलते ही बारियातू पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर तहिकीकात किया। घटना के सम्बन्ध मे आस-पास के ग्रामीणों ने बताया की मगध से कोयला लेकर बिहार की ओर ट्रक जा रही थी गोनिया पुल के पास तीखा मोड़ होने के कारण तेज गति से आ रही ट्रक गोनिया चौक पर पलट गया। ट्रक पलटने से चौक मे रहने वाले लोगो मे आफरा तफरी मच गई। चालक उपचालक को हल्का फुल्का चोट लगी है खतरा से बाहर बातया जा रहा है।

## आम के पेड़ में आग लगने से झोपड़ी जली



मामले की छानबीन करती पुलिस।

**बारियातू।** गोनिया पंचायत के नावाडीह में दोपहर को आम के पेड़ में लगी आग की चिंगारी से मो इस्लाम पिता मो इब्राहिम की झोपड़ी जल गई। इस्लाम ने बताया कि घर के सामने झोपड़ी बनाकर लेज, कुरकुरे, विस्कीट, चॉकलेट सहित अन्य सामग्री बेचता था। जिसमे आग लगने से मुझे दस हजार रुपये का नुकसान हुआ है। बताते चले कि तीन चार वर्ष पहले इस्लाम के घर के पास आम का पेड़ गिर गया था। जिसमे किसी ने रविवार को आग लगा दी। देखते देखते आम की पेड़ में लगी आग से घर के बाहर प्लास्टिक व लकड़ी के सहारे बनाये गए झोपड़ी में भी लग गई। जिसकि सूचना बारियातू थाने को दिया। सूचना मिलते ही एएसआई नीरज कुमार दुबे, नावडीह पहुंच मो. इस्लाम से आग लगने की कारणों की पूछताछ कर आगे छानबीन में जुट गए।

## आंधी तूफान से कई घरों को नुकसान

**बारियातू।** बीते रात अचानक मौसम का मिजाज बदलते ही तेज गरज मालक के साथ आंधी तूफान से कई घरों का एलवेस्टर, मचाने मे रखे पुवाल व पेड पौधे गिर गया। प्रखंड के शिबला, बारियातू, गोनिया, टोंटी, अमरवाडीह, डाढ़ा, फूलसु, साल्वे सहित बालूभाँग पंचयात के पचफेड़ी ग्राम निवासी रामेश्वर गंझु का घर मे लगे अलवेस्टर उड़कर क्षातिग्रहत हो गया। जिससे चालीस हजार से भी अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ। शनिवार रात्रि लगभग 11 बाजे के आस-पास तेज रफ्तार के साथ आंधी तूफान आया और लगभग एक घंटे तक आंधी तूफान चलते रहा। जिससे दर्जनों किसान का मचान मे रखे पुआल हवा से उड़ गया। अंधी तूफान इतना भयावह था की अंधी-तूफान का रफ़्तार का कहर से लोग घर मे ही दुबके रहे।

# पीएम मोदी द्वारा दिए गए 400 पार के नारे को सफल बनाना है: आदित्य साहू

खबर मन्त्र संवाददाता



मंचासिन अतिथि।

**बालूमाथ।** बालूमाथ होटल देव इन में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, पांकी विधायक शशि भूषण मेहता समेत कई वरिष्ठ नेता पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने राज्यसभा सांसद आदित्य साहू पार्टी विधायक शशि भूषण मेहता भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का फूल माला पहनकर एवं भगवा गमछा ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए नारे अबकी बार 400 पार को सफल बनाना है। आज देश तरक्की की राह पर है। परिवारवाद की पार्टियां सिर्फ देश को लूटने के लिए राजनीति में आई है। लेकिन भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो देश का विकास चाहती है। कालीचरण सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हम जैसे एक छोटे कार्यकर्ता को टिकट देकर सम्मान देने का कार्य किया है। पांकी विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसा राष्ट्रीय पार्टी है जो आजादी के बाद से आज तक स्थानीय लोगों को टिकट नहीं नहीं मिला था और यह कलंक भाजपा ने दूर करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता का अपार समर्थन मिल रहा है इस बार चतरा लोकसभा के साथ-साथ पूरे देश में एनडीए गठबंधन 400 पार करेगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, प्रेम प्रसाद गुप्ता, छोटा अर्जुन, अखिलेश भोगता, चेतलाल राम, रामजी सिंह, रामकुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, सोहराय उरांव, सतनारायण साहू, त्रिवेणी साव, प्रेम गुप्ता,छोटू राजा सूरज शाह, संजय गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## राजकीय सरहुल परब को लेकर बैठक संपन्न, कमिटी गठित

# 11 अप्रैल को मनाया जाएगा राजकीय सरहुल महोत्सव, तैयारी में जुटी समिति

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल पड़हा समिति के लोग।

**चंदवा।** आगामी राजकीय सरहुल परब को धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को प्रखंड पडहा समिति की बैठक चंदवा के सरहुल टांड कृषि फार्म परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 11 अप्रैल को मनायी जाने वाली राजकीय सरहुल परब को भव्यता प्रदान करने को लेकर गम्भीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर संचालन कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से कमेटी का अध्यक्ष हरि कुमार भगत, उपाध्यक्ष प्रदीप मिंज, सचिव मंजय उरांव, सह सचिव जतरु मुंडा व रामपाल उरांव, कोषाध्यक्ष विनोद उरांव, उप कोषाध्यक्ष सुरेश नाथ लोहरा को बनाया गया। वहीं पडहा राजा धनेश्वर उरांव, जितेंद्र सिंह, अनूप बड़ाइक, लाल बिहारी उरांव, सुरेश उरांव, बसंत लोहरा, सितमोहन मुंडा, मंगल देव उरांव, कर्मा मुंडा, भुटू उरांव, मांडू उरांव, चंद्रदेव उरांव, रामधन गंझू, पुष्पा लकड़ा, लालमुनि देवी, सोमर उरांव, मंजू भगत, अमृता मिंज, आशुतोष उरांव, रामसहाय उरांव व लालदेव उरांव को संरक्षक बनाया गया। इसके अलावे रंजीत उरांव, रवि गंझू, चंद्रदेव उरांव, बीरबल उरांव समेत दर्जनों लोगों को कार्यकारिणी सदस्य भी बनाया गया है। समिति के लोगो ने बताया कि राजकीय सरहुल परब के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईपीएस हरिनारायण महली व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सीओ गंगाधर लाल भगत मौजूद रहेंगे।

## डीसी गरिमा सिंह के नाम फेक आइडी मामले में प्रशासन अलर्ट



फेक आईडी।

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह के नाम और तस्वीर का उपयोग कर फेक मोबाइल नंबर 7874086569 से किसी भी प्रकार का व्हाट्सएप मैसेज आने पर सावधान रहें और तुरंत इसकी सूचना साइबर थाना या निकटतम थाने को दे, ताकि साइबर सेल की ओर से त्वरित कार्रवाई की जा सके। आमजनों से अपील है कि किसी नये या अनजाने नंबर से कॉल या मैसेज के माध्यम से राशि की मांग किये जाने पर विशेष सावधानी बरतें। मोबाइल फोन/सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी का प्रयास किये जाने पर अविलम्ब इसकी सूचना नजदीकी थाना में दें।

# सीसीएल द्वारा प्रदत्त शौचालय निर्माण में घोर अनियमितता को लेकर उपायुक्त को सौंपा आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल में सीसीएल द्वारा प्रदत्त शौचालय निर्माण कार्य में घोर अनियमितता को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद ने शनिवार को उपायुक्त के नाम आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि सीसीएल द्वारा प्रदत्त शौचालय निर्माण में संवेदक द्वारा सारे नियम को ताक पर रखकर घटिया किस्म का सीमेंट इट,बालू, छड़ व अन्य सामग्री का उपयोग कर शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही 8.10 एमएम के छड़ से टाई बिम का ढलाई किया जा रहा है. कार्य स्थल पर किसी प्रकार का सुचना पट्ट नहीं लगा हुआ है। कार्य करा रहे मुंशी बीनोद लोहरा से कार्य के संबंध में इस्टीमिट मांगे जाने पर दिखाने से इनकार करता है. जिसके बाद प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा काम को रोक दिया गया। परंतु संवेदक द्वारा दबंगई से निर्माण कार्य जारी रखा है। उपायुक्त से प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद,पदेन सचिव श्रवण कुमार मिश्रा,प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,सदस्य योगेन्द्र पासवान, शांति देवी, सोनी देवी, शहनाज खातून, निर्मला देवी सहीत कई सदस्यों ने उपायुक्त से शौचालय निर्माण कार्य का जांच कर संवेदक पर कारवाई कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का मांग किया है। इस संबंध में मगघ के एमडी दिग्विजय कुमार ने बताया कि सीसीएल के सीविल कार्यालय से टेंडर द्वारा कार्य किया जा रहा है मुझे इस कार्य का जानकारी नहीं है उच पदाधिकारीयों से बात कर जांच कराई जाएगी।

एक नजर में

## भाजपा के चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का हेरहंज में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



मौके पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ता।

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मंडल कार्यालय में चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का आगमन होने पर भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल, जिला मंत्री संतोष यादव और रूपेंद्र जायसवाल ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर मंडल उपाध्यक्ष कैलाश कुमार ठाकुर, महामंत्री कन्हाई साहू, श्यामलाल गोस्वामी, बिजय गुप्ता भाजयुमो अध्यक्ष अवधेश यादव, सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु रंजन, मंडल कोषाध्यक्ष मनोज यादव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय यादव, रंजन प्रसाद, मुरली प्रसाद, बुलबुल जायसवाल प्रमोद सिंह, मनोहर सिंह, अजय सिंह, जीतेश यादव, पिंटू यादव, सरहूली दीपक सिंह अखलेश साहू रविन्द्र साहू शिव सिंह, रोशन गुप्ता, राजेश साहू, नवीन सिंह, सहित भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता ने स्वागत किया।

## स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक



जागरूक करते सखी मंडल व अन्य।

**लातेहार।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। रविवार को बरियातू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सखी मंडल की दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाये, सहिया द्वारा स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता शपथ कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में 25 मई को अपने घरों से निकलकर वोट करने की अपील की गई।

# श्रीरामनवमी पूजा को लेकर महावीर मंडल देवी मंडप की बैठक संपन्न, कमिटी गठित

## अध्यक्ष हरिनंदन दुबे व बबलू गिरी बने सचिव



श्री रामनवमी पूजा को लेकर बैठक में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** आगामी श्रीरामनवमी पूजा महोत्सव को धूमधाम के मनाने को लेकर रविवार की शाम महावीर मंडल देवी मंडप की बैठक स्थानीय मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सत्येंद्र यादव व संचालन दीपू सिन्हा कर रहे थे। बैठक के दौरान पूजा समिति के पुनर्गठन, श्रीरामनवमी के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम, मंदिर का रख रखाव व मरम्मत समेत कई बिंदुओं पर गम्भीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय भी लिए गए साथ ही श्रीरामनवमी पूजा कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर कमिटी का भी गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से हरिनंदन दुबे को अध्यक्ष व बबलू गिरी को सचिव बनाया गया। वहीं कोषाध्यक्ष दीपू सिन्हा, उपाध्याय अनिल कुमार, विनय कुमार, नरेश यादव, सूरजदेव प्रसाद, उप सचिव पप्पू यादव, संरक्षक सत्येंद्र प्रसाद यादव, रामप्रवेश यादव, राजू सिंह, सत्येंद्र प्रसाद साहू, विजय दुबे, मनोज दुबे सुशील सिन्हा, उदय तिवारी व शंकर सिंह को बनाया गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य नीरज कुमार, शिकेश्वर यादव, किशोर वर्मा, लक्ष्मण यादव, कौशल कुमार व रूपेश ठाकुर को बनाया गया है।

## दो अलग-अलग मामलो के चार अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे, गए जेल

**चंदवा।** लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेशानुसार पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस ने चंदवा व बालूमाथ के विभिन्न स्थानों पर विशेष छापामारी अभियान चलाकर दो अलग अलग मामलों के 3 अभियुक्त व एक वारंटी कुल 4 लोगो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि विगत कुछ दिनों से लगातार गुप्त सूचना मिल रही थी कि अवैध रूप से कोयला चोरी कर सेरक व आसपास के इलाकों में बाइक से सप्लाई किया जा रहा है, इसी आलोक में कार्रवाई की गई जिसमें रौशन कुमार तुरी पिता कजरु तुरी, दीपक कुमार व जागेश्वर कुमार पिता करम तुरी (पकरी बालूमाथ) को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान लगभग 25 क्विंटल कोयला व पांच बाइक भी जब्त किया गया। मामले को लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 33/24 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं चंदवा थाना कांड संख्या 124/19 में वारंटी सुरेंद्र उरांव पिता बालाजी उरांव (डेमटोली चंदवा) की गिरफ्तारी हुई है। जिन्हें रविवार को मंडल कारा भेज दिया। छापामारी अभियान में पुअनि शशि कुमार व सअनि सुरेश कुमार समेत चंदवा थाना के जवान शामिल थे।

# खलिहान में रखे भारी मात्रा मे सरसों जलकर हुआ खाक



जला हुआ सरसो।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत साल्वे ग्राम के टोला गजुआ निवासी मजदूर किसान फुलचंद गंझू पिता स्व पुनु गंझु का खलिहान मे रखा हुआ लगभग अस्सी हजार रुपए का सरसो जलकर राख हो गया। घटना बिते रात लगभग साढे दस बजे घटी। जब क्षेत्र मे तेज अंधी तूफान चल रही थी। अचानक बहुत तेज हवा चलने के कारण लोग घर से बाहर निकले। आग की लपटो को देखकर शोर मचाने लगे, शोर सुनकर ग्रामीण रामचंद्र ठाकुर, जगदिश गंझु, दसरथ गंझु, प्रभुवन गंझु, भुनेश्वर गंझु, महेश गंझु सुरेश ठाकुर सहित दर्जनों लोग पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास किया, बगल के जलमिनार से पाईप जोडकर पानी की व्यवस्था की लेकिन आग की इतनी तेज लपटे और तेज हवा के चलने से सफलता नही मिली और देखते ही देखते सारा सरसो जलकर राख हो गया। इस संबंध मे पुछे जाने पर मजदूर किसान फुलचंद गंझू ने बताया कि उन्होंने एक एकड़ भुमि पर सरसो का उत्पादन किया था। पैदावार भी अच्छी हुई थी। इस सरसो से लगभग उन्नीस क्विंटल दाना निकलता। मौजुदा सरसो के बाजार भाव के हिसाब से लगभग 80,000/- रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने आपदा विभाग से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

## अभाविप ने युवा मतदाता सम्मेलन का किया आयोजन



युवा मतदाता सम्मेलन में हिस्सा लेने जाते अभाविप कार्यकर्ता।

**बरवाडीह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बरवाडीह नगर इकाई द्वारा रविवार को मेदिनीनगर साहित्य समाज चौक में किया युवा मतदाता सम्मेलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने शिरकत की। इस दौरान अभाविप कार्यकताओं ने देशहित के लिए देश की रक्षा- सुरक्षा के लिए युवाओं को अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान किया और शत प्रतिशत हो मतदान का संदेश दिया। वहीं युवा मतदाता सम्मेलन में बरवाडीह से पूर्णकालीन अतुल कुमार सिंह, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सागर कुमार वर्मा, नगर मंत्री रुपेश यादव नगर सह मंत्री रंजित राम, विशिष्टा गुप्ता, बेबी कुमारी, नेहा कुमारी, सरिता कुमारी, रेखा कुमारी, सलोनी बेक, शुशीला कुमारी, रेखा कुमारी, चंदा कुमारी, कविता कुमारी, राघनी कुमारी, लाजवंती कुमारी, दिव्या कुमारी, काजल कुमारी, पुष्पा कुमारी, नीलम कुमारी, अशोक कुमार, दानियेल दोदराय, अमूल कुमार, प्रदीप कुमार, चंद्रवंश सिंह, दीपक कुमार, अरुण कुमार, सुगंधा कुमारी, उमेश सिंह, सूरज कुमार, अगस्त कुमार और रतनी कुमारी समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## अभाकिस ने कोडरमा संसदीय सीट वामपंथी के लिए छोड़े जाने पर इंडी गठबंधन का जताया आभार




बैठक में शामिल अभाकिस के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** अखिल भारतीय किसान सभा प्रखंड कमेटी चंदवा की बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक में इंडिया गठबंधन के द्वारा वामपंथी के लिए कोडरमा संसदीय सीट छोड़े जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया एवं इंडी गठबंधन को धन्यवाद देते हुए नेताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने बड़ा दिल दिखाते हुए हजारीबाग लोकसभा सीट भी लाल झंडा के लिए छोड़ने का मांग किया गया। वहीं बैठक में सर्व समिति से इंडिया गठबंधन समर्पित उम्मीदवार कामरेड विनोद सिंह के समर्थन में कोडरमा संसदीय क्षेत्र में प्रचार प्रसार के लिए जाने का निर्णय भी लिया गया। 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती किसान सभा कार्यालय में मनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में किसान नेता प्रमोद साहू, मो. अलाउद्दीन पप्पू, अनिल साहू, संजय कुमार, तेजू उरांव, निर्मल भगत, प्रकाश गंझू, धनेश्वर तुरी, मछिंद्र लोहार, बाबूलाल गंझू, बलिंदर उरांव व अन्य मौजूद थे।

# तेज आंधी तूफान ने मचाई तबाही पेड़ के नीचे दबने से युवक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



चर्च में गिरा विशाल पेड़।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र में शनिवार की देर शाम 9 बजे के बाद तेज आंधी-तूफान आने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इस दौरान प्रार्थना के लिए चर्च गए एक युवक की मौत पेड़ के नीचे दबने से हो गई। दरअसल तेज आंधी व पानी के कारण चर्च के बाहर एक विशाल पेड़ धराशाही हो गया। पेड़ गिरने से नीचे खड़े युवक की दब कर मौत हो गई है। वहीं कई लोगों ने भाग कर जान बचाई। इस दौरान कई लोग जख्मी भी हुए। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और चर्च में अफरा तफरी का माहौल बन गया। इधर दूसरे दिन रविवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक मनमोद बाड़ा 35, पिता थोमस बाड़ा बरवाडीह थाना क्षेत्र के खुरा पंचायत अंतर्गत बभन्डीह ग्राम का निवासी है। इस घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। तेज आंधी तूफान के कारण देर रात तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

### घटना पर जताया दुख

उधर जेएमएम वरिष्ट नेता सह बरवाडीह बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी ने घटना पर दुख प्रकट करते हुए मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में जेएमएम परिवार पीड़ित परिजनों के साथ है।

## ईस्टर (पास्का) परंपरागत तरीके से मनाया गया



मौके पर मौजूद लोग।

**महुआडांड़।** प्रखंड भर मे मसीह विश्वासीओ ने रविवार को ईस्टर (पास्का) का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर संत जोसेफ बड़े गिरजाघर समेत महुआडांड़ के अन्य पल्लीयो में विशेष मिस्सा पूजा, बाइबल पाठ और अनुष्ठान की गई। संत जोसेफ बड़े गिरिजाघर में मुख्य अनुष्ठानकर्ता मनजीत लकड़ा थे। इस मौके पर फादर मनजीत ने कहा कि ईस्टर(पास्का) पर्व हमारे लिए आस्था और विश्वास का पर्व है। इस दिन प्रभु यीशु ने पाप, दुख और तकलीफ से पार पाया। प्रभु यीशु ने अपने बहुमूल्य जीवन को लोगो की भलाई और खुशी के लिए कुर्बान कर दी और मृत्यु के तीसरे दिन पुनः जी उठे। ईस्टर के मौके पर गिरजाघरो मे फादर रौशन, फादर बरथोलोमी समेत मसीह विश्वासी उपस्थित रहे।

### ईस्टर अंधकार से प्रकाश में आना: फा. सुरेश

ईस्टर रविवार मिस्सा के दौरान अपने संदेश में मुख्य फादर सुरेश ने कहा कि प्रभु यीशु पुण्य शुक्रवार क्रूस पर अपना बलिदान देकर समस्त मानव जाति को उसके पापों से उद्धार किया। उनका यह बलिदान ईश्वर के प्रति सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है।

# बिहार 10वीं बोर्ड का रिजल्ट गत साल से बेहतर, पूर्णिया के आदर्श स्टेट टापर

## लड़कियों ने एक बार फिर मारी बाजी

एजेंसी

**पटना।** बिहार परीक्षा बोर्ड ने रविवार को 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस साल का रिजल्ट पिछले साल से बेहतर रहा। इसबार भी लड़कियों ने फिर बाजी मारी है। कुल 16,64,252 विद्यार्थियों में से 13,79,842 पास हुए हैं। इस बार पास प्रतिशत 82.91 फीसदी। कुल 4,52,302 छात्रों को प्रथम श्रेणी, 524965 को द्वितीय और 380732 छात्रों को तृतीय श्रेणी मिली। बीएसईबी परीक्षा में बैठने वाले कुल 16,64,252 छात्रों (8,58,785 लड़कियां और 8,05,467 लड़के) में से 13,79,842 छात्र (6,99,549 लड़कियां और 6,80,293 लड़के) उत्तीर्ण हुए हैं। आदित्य कुमार, सुमन कुमार पूर्वे, पलक कुमारी और साजिया परवीन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया है। चारों ने 486 अंक हासिल किए हैं। पिछले साल बिहार बोर्ड 10वीं में 81.04 फीसदी परीक्षार्थी सफल हुए थे। मेरिट लिस्ट में 90 विद्यार्थी शामिल थे। टॉप-पांच में 21 विद्यार्थी शामिल थे। इस बार पूर्णिया के शिवांकर कुमार ने 500 में से 489 अंक लाकर पूरे राज्य में टॉप किया है। वहीं समस्तीपुर के आदर्श कुमार 488 अंकर लाकर दूसरे स्थान पर रहे।

### लड़कियां फिर अव्वल

बिहार बोर्ड 10वीं रिजल्ट में 13 लाख 79 हजार 842 छात्र सफल हुए हैं। 452302 पहली डिविजन पास हुए हैं। 6 लाख लड़के पास हुए हैं और 699549 लड़किया पास हुईं।

### टॉप 10 स्टूडेंट्स में 51 विद्यार्थी :

पूर्णिया जिला स्कूल के शिवांकर ने इस टॉप किया है। समस्तीपुर के आदर्श दूसरे स्थान पर रहे। टॉप 10 स्टूडेंट्स में 51 विद्यार्थी शामिल रहे। आदित्य कुमार, सुमन कुमार पूर्वे, पलक कुमारी और साजिया परवीन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया है। चारों ने 486 अंक हासिल किए हैं।

## पूर्णिया के शिवांकर कुमार टापर



बिहार बोर्ड 10वीं के टॉप 10 स्टूडेंट्स में 51 विद्यार्थी शामिल हैं। इस बार पूर्णिया के शिवांकर कुमार ने 500 में से 489 अंक लाकर पूरे राज्य में टॉप किया है। वहीं समस्तीपुर के आदर्श कुमार 488 अंकर लाकर दूसरे स्थान पर रहे। पटना जिले में, राहुल कुमार ने 485 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया है। उनके बाद रिमझिम कुमारी ने 479 अंकों के साथ और फरहान अख्तर ने 477 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है। किशनगंज में 467 अंकों के साथ सृष्टि कुमारी ने और मुंगेर में शालिनी कुमारी ने 483 अंकों के साथ टॉप किया है।

## मास्टरमाइंड अबेकस क्लासेस का उद्घाटन



उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** शांति निकेतन विद्यालय भवनाथपुर में 5 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों के लिए अबेकस क्लासेस का उद्घाटन रविवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामनाथ रावत एवं हरि शरण रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर क्लास का उद्घाटन किया। मौके पर रामनाथ रावत ने कहा कि ज्ञान किताबों में सिमट कर नहीं रहना चाहिए। इसे व्यावहारिक जीवन में उतारने पर जोर दिया। देवाशिष कुमार चौबे ने कहा कि सभी विषयों में गणित जैसे कठिन विषय को यह तकनीक और आसान कर देगा। मौके पर रांची से आए मास्टरमाइंड अबेकस रांची के डायरेक्टर सोनी सिंह एवं देवाशीष सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र के लिए अबेकस क्लास रामबाण सिद्ध होगा एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। जिससे बच्चों में सुनने की क्षमता, लिखने की क्षमता, बोलने की क्षमता और हर गतिविधि को तेज गति से करने की क्षमता में वृद्धि होगी। मास्टरमाइंड अबेकस भवनाथपुर के डायरेक्टर कंचन कुमारी ने कहा कि मेरा लक्ष्य यहां के बच्चों को ऐसा बनाना है ताकि वह मेट्रो सिटी के बच्चों तरह हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा सके। मौके पर सत्य प्रकाश यादव, देवेंद्र मेहता, संतोष कुमार, संगम कुमारी, रेणु देवी, जितेंद्र सिंह, आशीष कुमार, दीपक तिवारी, बृजेश यादव, अजय कुमार वर्मा, चंद्रधन राम, ऋषभ कुमार आदि उपस्थित थे।

## मुर्गा फार्म क्षतिग्रस्त होने से 70 चूजों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरडीहा।** प्रखंड क्षेत्र में तेज तूफान के कारण पेड़ पौधे सहित कई लोगों की झोपड़ी को नुकसान पहुंचा है। वहीं दूसरी ओर प्रखंड क्षेत्र के जिका गांव निवासी रामकरेश पाल के मुर्गा फार्म का झोपड़ी तेज तूफान से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे लगभग मुर्गी के 70 चूजों की मौत हुई है और कई चुजें घायल हो भी हैं। रामकरेश ने कहा कि लगभग 25 हजार के नुकसान पहुंचा है। रामकरेश ने मिडिया के माध्यम से मुआवजा के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीओ सहित संबंधित पदाधिकारी से मांग किया है।

## प्रत्येक बूथों पर चला जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



जागरुक करते थाना प्रभारी

**धुरकी।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शांतिपूर्ण और स्वतंत्र होकर मतदान के लिए धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने अपने पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक बूथों पर जागरूकता अभियान चलाया। जागरूकता अभियान के साथ प्रत्येक बूथों पर सुरक्षा के मद्देनजर उन्होंने डोर टू -डोर निरीक्षण भी किया। थाना प्रभारी ने राज्य के सीमावर्तीय गावों का भी जायजा लिया। उन्होंने लोगो को जागरूक करते हुए कहा की सभी लोग स्वतंत्र होकर मतदान करें। किसी तरह का चुनाव के दौरान डर-भय नहीं रखें। किसी तरह का लालच में आकर मतदान न करें। मतदान स्वयं अपनी मन से करें। यदि कोई व्यक्ति या राजनीतिक दल के लोग डराता है या धमकी देता है तथा लालच देने की बात करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को करें। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस शांतिपूर्ण तरीके से और निर्भीक होकर मतदान कराने के लिए सदैव तत्पर है। मौके पर सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार राम सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## चिराग के पक्ष में 4 को जमुई में पीएम मोदी पहली चुनावी रैली

एजेंसी



**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी चार अप्रैल को बिहार में अपनी पहली चुनावी रैली करेंगे। पीएम मोदी की सभा जमुई में होगी जहां से एनडीए के उम्मीदवार चिराग पासवान के जीजा अरुण भारती हैं। लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है। पहले चरण में बिहार की चार सीटों पर वोटिंग होगी, जिसमें गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई शामिल हैं। इन सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब 19 अप्रैल को वोटिंग होगी जिसके लिए पार्टियों का प्रचार अभियान शुरू हो गया है। इसी कड़ी में पीएम नरेंद्र मोदी बिहार में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत जमुई लोकसभा क्षेत्र से करेंगे। वे 4 अप्रैल को जमुई के खैरा के बल्लोपुर गांव में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए एनडीए के सहयोगी दल एलजेपी (रा) प्रत्याशी और चिराग पासवान के बहनोई अरुण भारती के पक्ष में वोट मांगेंगे।

**मोदी का आभार जताया :** पीएम नरेंद्र मोदी के बिहार आने की सूचना देते हुए लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने रविवार को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से एक पोस्ट किया। उन्होंने अपने पोस्ट के माध्यम से प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हुए विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एनडीए देश में 400 पार सीट का लक्ष्य भी हासिल करेगी। चिराग पासवान ने एक्स पर लिखा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कार्यकताओं के लिए यह गर्व की बात है कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी बिहार में लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत जमुई से करने जा रहे हैं. इसके लिए मैं जमुई की समस्त जनता की ओर से प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री जी के इस निश्चय से हम सभी अभिभूत हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एनडीए ना सिर्फ बिहार की सभी 40 सीटें जीतकर प्रधानमंत्री जी की झोली में डालेगी, बल्कि देश में 400 पार का लक्ष्य भी हासिल करेगी।

**पहले चरण की सीट पर एनडीए उम्मीदवार :** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले फेज में बिहार की चार सीटों पर 19 अप्रैल को चुनाव होना है। इसमें एनडीए की ओर से औरंगाबाद में सुशील कुमार सिंह और नवादा में विवेक ठाकुर भाजपा के उम्मीदवार होंगे।

### दिल्ली रैली में तेजस्वी का मोदी सरकार पर हमला

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित इंडी गठबंधन की महारैली में राजद नेता व बिार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा है कि देश में आपातकाल जैसे हालात हैं। उन्होंने दावा किया कि जो आंधी की तरह सत्ता तक पहुंचे हैं वो तूफान की तरह चले जायेंगे। उन्होंने भाजपा के दावे को हवा हवाई बताया।

## तेज आंधी के कारण कई घर व कई पेड़ उजड़े, 24 घंटे तक बिजली आपूर्ति रहा ठप



बिजली का गिरा पोल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** शनिवार की देर रात्रि अचानक तूफान आने से मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में भारी नुकसान पहुंचा है। इस तूफान में कई लोगों के घर उजड़ गए, जगह-जगह पेड़ पौधे गिरे और बिजली खंभा एवं तार भी गिर गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़वा के मेढ़ना में 33 हजार बिजली टावर गिर जाने के कारण मझिआंव, बरडीहा, कांडी, मेराल, विशुनपुरा, वंशीधर नगर, भवनाथपुर, केतार सहित कई जिला के कई प्रखंड 20 घंटे से ब्लैक आउट का दंश झेल रहा है। जगह जगह 11 हजार बिजली खंभा एवं तार गिर गया है। वहीं बिजली विभाग के पदाधिकारी के जानकारी के अनुसार 33 हजार केवी बिजली टावर सोमवार यानी आज के दिन ठीक होने की बात बताई जा रही है।

वहीं मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोरबे में विनोद साह के पुत्र उपेंद्र प्रसाद के करकट का मकान बुरी तरह हवा में उखड़ गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपेंद्र प्रसाद ने बताया कि पिता विनोद साह, माता अनीता देवी, पत्नी सोनी देवी, बच्चे शिवानी, रितेश, कृष्णा और मैं स्वयं घर में थे और अचानक तेज आंधी आने के कारण मेरा आशियाना उजड़ गया। जिसमें मां अनीता देवी एवं पत्नी सोनी देवी को चोट भी लग गया है। उपेंद्र प्रसाद ने कहा कि एक तो पहले से ही हम लोग छोटे से घर में किसी तरह गुर्जर बसर कर रहे थे लेकिन वह भी उजड़ गया।

कहां की घर नहीं होने के कारण भाई अरुण प्रसाद उनकी पत्नी गीता देवी एवं दो बच्चे बाहर रहने पर मजबूर हैं।

## तूफान से मुसहर टोला में आधा दर्जन मुसहर का घर ध्वस्त



गिरा हुआ घर दिखाता ग्रामीण

**भवनाथपुर।** शनिवार की रात आयी तूफान ने भवनाथपुर में भारी तबाही मचाई है। तेज हवा के साथ आयी तूफान ने सेल के टाउनशिप स्थित आवासीय परिसर में आधा दर्जन बिजली पोल ध्वस्त कर दिया। जिस कारण रात से ही बिजली ब्लैक आउट है। इसके अलावे भवनाथपुर प्रखंड में भी बिजली ब्लैक आउट है। प्रखंड के विभिन्न पंचायत में करीब बड़े छोटे मिलाकर दो से से अधिक पेड़ ध्वस्त हो गए है। भवनाथपुर पंचायत के दक्षिणी बीडीसी सरिता देवी पति अविनाश राम का मिट्टी के मकान पर लगा सीमेंट सिट तेज तूफान में उड़ कर ध्वस्त हो गया। पुरा परिवार प्लास्टिक के नीचे रहने को मजबूर है। पंडरिया पंचायत के चेपली में अजय साह के खपरैल घर के उपर पेड़ गिर गया जिससे काफी नुकसान हुआ। जिनका झोपड़ी उजड़ गया है उनमें अनिल मुसहर, सुनील मुसहर, रिंकू मुसहर, बिहारी मुसहर, छेवी मुसहर, विक्रम मुसहर, गोकुल मुसहर का नाम शामिल है। अचानक तूफान में घर उजड़ने के बाद सभी मुसहर मुसहर टोला विधालय में रात भर शरण लिया। मकरी पंचायत के बरवाबांध टोला निवासी विजय राम का झोपड़ी नुमा घर पूरी तरह ध्वस्त हो गया। उसी घर में परिवार के साथ रहता था तथा दुकान भी चलाता था जो पूरी तरह दुकान भी ध्वस्त हो गया।

## खबर एक नजर में

### बिहार कांग्रेस को लगा झटका, पूर्व अध्यक्ष का इस्तीफा

**पटना।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि हाल ही में पप्पू यादव का महिमामंडन किया गया, इससे कांग्रेस में समझदार लोगों के लिए मुश्किल हो रही है। पटना में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने बताया कि यह इस्तीफा उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेज दिया है। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सोनिया गांधी ने अगर जंगल राज के लिए बिहार के लोगों से क्षमा मांगी होती तो आज बिहार में कांग्रेस बेहतर स्थिति में होती, लेकिन सोनिया गांधी और राहुल गांधी समझौतावादी और अवसरवादी हो गए हैं।

**सोनिया गांधी कम्युनल लीडर :** इससे पहले अनिल कुमार शर्मा ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाये। साथ ही खरगे के बारे में कहा कि वे रिमोट से संचालित हो रहे हैं। वहीं सोनिया राममंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होने के सोनिया गांधी के फैसले पर उनको कम्युनल लीडर बताया। उन्होंने कहा कि यदि लोकसभा चुनाव में बिहार में राजद तीन-चार सीट भी जीतेगी तो यहां फिर से जंगल राज आ जायेगा। बिहार में कांग्रेस और राजद के बीच हो परमानेंट सेटलमेंट हो चुका है। हालांकि कांग्रेस छोड़कर वे कहां जायेंगे? इस संबंध में पत्रकारों के सवालों पर उन्होंने कहा कि उन्हें कहीं से कोई ऑफर नहीं है और किसी से बातचीत नहीं हुई।

**कांग्रेस झराजद समझौते का विरोध :** अनिल शर्मा ने कहा कि सीताराम केसरी के अध्यक्ष रहते 1998 में जब से जनता दल के साथ कांग्रेस का गठबंधन हुआ था उसका मैं विरोधी रहा हूं। उस समय भी लालू प्रसाद के कहने पर सीट शेयरिंग हुई थी। तब कांग्रेस को वोटकटवा पार्टी कहा गया। उस दौर में राजद के शासन काल को जंगल राज कहा जाता था और हम लोग उसके सहयोग में थे। बिहार में राजद को सहयोग कर कांग्रेस ने भी अपराध किया है।

**कांग्रेस का जंगल राज से समझौता :** कांग्रेस इसलिए पनप नहीं पा रही है क्योंकि सोनिया गांधी ने भी अगर जंगल राज के लिए बिहार के लोगों से क्षमा मांगी होती तो आज बिहार में कांग्रेस बेहतर स्थिति में होती। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस समझौतावादी और अवसरवादी रही। अध्यादेश फाड़ने वाले राहुल गांधी आज लालू प्रसाद के घर जाकर उनके साथ मटन खाकर और अवसरवादिता का परिचय दे रहे हैं। 1999 के बाद कांग्रेस में जो आंतरिक लोकतंत्र था वह खत्म हो चुका है।

### कांग्रेस ने बिहार की 3 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

**पटना।** कांग्रेस ने 3 सीट पर उम्मीदवारों के नामों का एलान किया, जिसमें किशनगंज से मो जावेद को टिकट मिला है। कटिहार से तारिक अनवर को मैदान में उतारा गया है, जबकि भागलपुर से अजीत शर्मा को पार्टी के द्वारा टिकट दिया गया है। मो. जावेद 2019 में जीतनेवाले इकलौते विपक्षी सांसद थे। कटिहार से तारिक अनवर पर कांग्रेस ने एक बार फिर दांव लगाया है, जबकि सदानंद सिंह के बाद भागलपुर में कांग्रेस पहली बार अपना उम्मीदवार दे रही है। बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर लोजपा और भाकपा-माले के बाद अब कांग्रेस के भी 3 सीट पर उम्मीदवारों के नामों सामने आ रहे हैं। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन में 9 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करनी है। वहीं अब केवल राजद द्वारा अपने उम्मीदवारों के नामों का एलान करना बाकी रह गया है। पहले चरण में जिन सीटों पर चुनाव है, उनमें कोई भी सीट कांग्रेस के पास नहीं है, जिसके चलते कांग्रेस ने दूसरे चरण के लिए तीन सीटों पर अपने कैंडिडेट्स के नाम का एलान कर दिया है। महागठबंधन में हुए सीट बंटवारे में कांग्रेस के खाते में 9 सीटें हैं।

### बिहार को चुनाव में पसंद नहीं भोजपुरी सितारे? राजनीतिक दल क्यों नहीं आजमाते दांव?

**पटना।** भोजपुरी सितारे राष्ट्रीय राजनीति में तो धूम मचा रहे हैं, लेकिन वे बिहार में चुनावी मुकाबले में उनकी अनुपस्थिति साफ दिखायी देती है। भोजपुरी एक ऐसी भाषा है जो विदेश में मॉरीशस, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो जैसे देशों में भी बोली जाती है। बिहार के कैमूर जिले के अतरवलिया गांव के निवासी मनोज तिवारी ने दिल्ली को अपनी राजनीतिक कर्मभूमि" बनाया है, जबकि रवि किशन और दिनेश लाल यादव ह्यनिरहुआ' उत्तर प्रदेश से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। पवन सिंह की बिहार में नहीं बनी बात? लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले आरा के मूल निवासी पवन सिंह के चुनावी मैदान में उतरने की काफी चर्चा थी। उन्हें टिकट भी मिला लेकिन पश्चिम बंगाल से। पवन सिंह ने एक विवाद के बाद चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया. चर्चा यह थी कि पवन सिंह बीजेपी से बिहार की आरा सीट से ही टिकट मांग रहे थे हालांकि पार्टी ने उनके ऊपर विश्वास नहीं जताया। वहीं चर्चा यह भी रही कि पवन सिंह चुनाव लड़ने के लिए विपक्षी दलों के संपर्क में भी हैं। हालांकि अभी तक उनके नाम का ऐलान नहीं किया गया है. अटकलें हैं कि अपने गानों से इंटरनेट पर सुर्खियां बटोरने वाली नेहा सिंह राठौड़ को कांग्रेस का टिकट मिल सकता है. वह राहुल गांधी की ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्रा' सहित पार्टी के कई कार्यक्रमों में शामिल होने दिखी हैं।

## पेज एक का शेष

### भ्रष्टारियों को जेल जाना ही होगा

**राम मंदिर आिज बनकर तैयार है:** उन्होंने कहा, मोदी को आज के साथ आने वाली पीढ़ियों की चिंता है। इसका भी इंतजाम कर रहा हूं। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनेगा, ये लोगों को असंभव लगता था। आज मंदिर भी बना है और रोज लाखों लोग दर्शन के लिए जा रहे हैं। मोदी 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने पर काम कर रहा है। ये मोदी की गारंटी है। नमो ड्रोन दीदी योजना भी गांव में बहनों का भाग्य बदलने जा रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण, आर्टिकल 370 भी लोगों को असंभव लगता था। 370 हटा और जम्मू-कश्मीर का विकास भी हो रहा है।

### पांच की मौत, 100 से अधिक घायल

**बंगाल में भारी तबाही:** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में बारिश और ओलावृष्टि से भारी तबाही मची है। जलपाईगुड़ी एसपी ने बताया चक्रवात की घटना में चार लोगों की मौत हो गयी है। एसपी ने बताया, कई हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि हुई है, जिससे घरों, इमारतों और फसलों को नुकसान हुआ। वहीं मणिपुर के कई हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि से कई इमारतों व फसलों को नुकसान पहुंचा है। यही हाल असम का भी है। आंधी-तूफान से कई पेड़ उखड़कर गिर गये हैं। फिलहाल राहत और बचाव कार्य चलाये जा रहे हैं। गुवाहाटी में भारी बारिश और हवा के मौसम की स्थिति के कारण उड़ान संचालन प्रभावित हुआ। पेड़ गिरने से संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो गया। छत के आउटलेट में भारी मात्रा में पानी भर गया और टर्मिनल भवन के अंदर पानी भर गया। मौसम की स्थिति के कारण कुल छह उड़ानें अगरतला और कोलकाता की ओर मोड़ दी गयीं। पंजाव व हरियाणा के भी कई इलाकों में बारिश व तूफान से क्षति की खबर है।

### आज से बदलेंगे कई नियम, जनता पर पड़ेगा बोझ

**आधार से पेन लिंक नहीं, तो जुर्माना:** केंद्र सरकार ने पैन को आधार से लिंक करने की डेडलाइन 31 मार्च 2024 तय की थी। आगर पैन को आधार कार्ड से लिंक नहीं किया तो पैन डिएक्टिवेट हो जायेगा। 31 मार्च के बाद पैन को आधार से लिंक करने के लिए आपको 1000 रुपये का जुमार्ना भरना होगा। नये नियमों के तहत, अगर पॉलिसी होल्डर तीन साल के भीतर अपनी पॉलिसी सरेंडर करते हैं तो सरेंडर वैल्यू समान या कम होगा, जबकि चार से सात साल के बीच इंश्योरेंस पॉलिसी को सरेंडर करने पर पॉलिसी होल्डर को ज्यादा सरेंडर वैल्यू मिलेगी। एक अप्रैल से एसबीआई के ग्राहकों को डेबिट कार्ड के मेटेनेंस के लिए ज्यादा फीस देनी होगी।

स्पीड न्यूज

# विपक्ष ने नरेंद्र मोदी के खिलाफ भरी हुंकार

## पाक में आतंकवादी हमले में दो सैनिकों की मौत, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के ग्वादर जिले में रविवार को एक आतंकवादी हमले में कम से कम दो सैनिक मारे गये और चार अन्य घायल हो गये। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक सैन्य सूत्र ने बताया कि अज्ञात आतंकवादियों ने ग्वादर शहर से लगभग 25 किमी उत्तर पश्चिम में अकरा कौर बांध क्षेत्र में सैजी पर्वत पर पाकिस्तानी सेना की बम निरोधक टीम पर घात लगाकर हमला किया और दो सैनिकों की मौत हो गयी और चार घायल हो गये।

## मप्र के जबलपुर में वंदे भारत ट्रेन में लगी आग

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर जैसे ही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन रुकी, एकदम तेज चिंगारी आग में तब्दील हो गई। रेल के एक कोच में यह घटना घटी, जिसे तत्काल समय रहते काबू कर लिया गया। घटना इटारसी से जबलपुर जाते समय हुई है। फिलहाल तक घटना में जनहानि की जानकारी नहीं है। सूत्रों ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस के सी-5 कोच में विद्युतीय गतिरोध से (इलेक्ट्रिक शॉर्ट) के चलते यह आग भड़की थी, जिसे समय रहते तत्काल काबू में कर लिया गया। आग निकलते ही सभी यात्री ट्रेन से नीचे उतर गए थे।

## गाजा पर इजरायली बमबारी में 12 मरे

**गाजा।** गाजा शहर में सहायता प्रदान करने के लिए जिम्मेदार लोगों पर इजरायली बमबारी में कम से कम 12 फिलिस्तीनी मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए।फिलिस्तीन टीवी ने बताया कि बमबारी शनिवार रात हुई। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि मेडिकल टीमें हताहतों को ले जाने के लिए संघर्ष कर रही हैं, जबकि कुछ लोग अब भी सहायता के इंतजार में हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या बढ़कर 32,705 हो गई है।
म्यांमार में विस्फोट से दो बच्चों समेत तीन की मौत

## म्यांमार में विस्फोट से तीन की मौत

**यांगून।** म्यांमार के यांगून क्षेत्र के हमावबी टाउनशिप में शनिवार को हुए विस्फोट में दो बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हमावबी टाउनशिप प्रशासन कार्यालय के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि स्थानीय समयानुसार शनिवार को शाम चार बजे यांगून क्षेत्र के हमावबी टाउनशिप में यांगून-पाय रोड पर एक बस स्टॉप के पास विस्फोट हुआ।

## कैलिफोर्निया में विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो मरे

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में एक हवाई अड्डे के पास छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, एकल इंजन वाला टीबीएम विमान एन960एलपी उत्तरी कैलिफोर्निया के छोटे से पहाड़ी शहर ट्रकी में स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम 6:38 बजे ट्रकी ताहो हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास करते समय ग्लेनशायर डीआर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## मप्र में सिलेंडर फटने से दंपति की मौत

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर फटने से झुलसे पति पत्नी ने उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। वहीं, उनके बच्चों की हालत गंभीर बनी हुयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिंधिया नगर में अवधेश प्रजापति पत्नी बच्चों के साथ रहता था। वह कल दोपहर खाना खा रहा था और उसकी पत्नी पानी की टिकिया तल रही थी। तभी गैस सिलेंडर के लीक होने से निकली गैस में लगी आग ने सिलेंडर और चूल्हे को चपेट में ले लिया।

## देश में लोकतंत्र खत्म करना चाहती है सरकार : खड़गे

### चुनाव आयोग को समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए : प्रियंका





एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विपक्षी दलों के प्रमुख नेता रविवार को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में इंडिया समूह के नेतृत्व में जुटे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोकतंत्र और संविधान कुचलने का आरोप लगाते हुए एकजुटता से संघर्ष करने का संकल्प व्यक्त किया। इंडिया समूह ने भाजपा की सरकार की कथित जन विरोधी नीतियों और श्री मोदी की कथित तानाशाही के विरोध में लोकतंत्र बचाओ रैली में हुंकार भरी। महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी, पार्टी की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव,राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के शरद पवार, शिवसेना (उद्धव गुट) के उद्धव ठाकरे, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, आम आदमी पार्टी के गोपाल राय, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के डी राजा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सीताराम येचुरी,नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती और द्रविड़ मुनेत्र कषगम के तिरुचि शिवा समेत 28 पार्टियों के नेता शामिल हुए। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों ने इस महारैली का आयोजन दिल्ली के मुख्यमंत्री और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी, भाजपा की केंद्र सरकार की कथित तानाशाही, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार के विरोध में किया। महारैली में दोनों मुख्यमंत्रियों की तत्काल रिहाई, चुनावी बांड की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में विशेष कार्यबल का गठन और चुनाव आयोग को स्वतंत्र रूप से काम करने देने की मांग की गयी। सभी दलों ने भाजपा के विरुद्ध एकजुटता से संघर्ष करने का संकल्प व्यक्त किया। महारैली को संबोधित करते हुए श्री खड़गे ने कहा कि यह एकजुटता संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए है। देश में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो रहा है। श्री मोदी लोकतंत्र नहीं चाहते हैं। वह तानाशाही तरीके से देश को चलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों और नेताओं को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है जिससे वे चुनाव नहीं लड़ सकते। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तत्काल रिहा करने की मांग करते हुए रविवार को कहा कि चुनाव आयोग को सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने ऐतिहासिक रामलीला मैदान में इंडिया समूह की लोकतंत्र बचाओ महारैली में पांच सूत्रीय मांगें देश के सामने रखीं। उन्होंने कहा कि इंडिया समूह की पहली मांग है कि चुनाव आयोग को लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए। दूसरी मांग है कि चुनाव आयोग को चुनाव में हेरा-फेरी करने के उद्देश्य से विपक्षी राजनीतिक दलों के खिलाफ आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की कार्रवाई को रोकना चाहिए। तीसरी मांग है कि श्री सोरेन और श्री केजरीवाल की तत्काल रिहाई की जाए। चौथी मांग चुनाव के दौरान विपक्ष के राजनीतिक दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने की जबरन कार्रवाई तुरंत बंद कराने की है। पांचवी मांग है कि चुनावी बॉन्ड का उपयोग करके भाजपा द्वारा बदले की भावना, जबरन वसूली और धनशोधन के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एक एसआईटी गठित होनी चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि अलोकतांत्रिक बाधाओं के बावजूद इंडिया समूह लड़ने, जीतने एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए दृढ़ और आश्वस्त है।

### महारैली में पत्नी सुनीता ने पढ़ा अरविंद केजरीवाल का संदेश, देश को दी 6 गारंटी



अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनिता केजरीवाल ने रविवार को विपक्षी इंडी गठबंधन के साझा मंच से जेल में बंद अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़ा। इसमें इंडी गठबंधन की ओर से देश को छह गारंटी दी गई। इसमें 24 घंटे बिजली, गरीबों को मुफ्त बिजली, मोहल्ला किलिनिक, मुफ्त एवं समान शिक्षा, किसानों को एमएसपी, दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा जैसी गांरटी शामिल रही। साथ ही केजरीवाल की ओर से गठबंधन से पूछे बिना घोषणा करने को लेकर माफी भी मांगी गई। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि आज आपके अपने केजरीवाल ने जेल से संदेश भेजा है, मैं इससे पहले कुछ पूछना चाहती हूं। क्या प्रधानमंत्री ने मेरे पति को जेल में डालकर सही किया? क्या आप मानते हैं कि केजरीवाल एक सच्चे और ईमानदार आदमी हैं? क्या अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए? सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल शेर हैं, ये इनको ज्यादा दिनों तक जेल में नहीं रख पाएंगे। अभी भी मुझे लगता है कि अरविंद केजरीवाल को इस जन्म में संघर्ष के लिए भेजा है। मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ते हुए सुनीता ने उनकी छह गारंटी दी। उन्होंने कहा, ह्ययदि आप सब इंडिया गठबंधन को मौका देते हैं तो हम सब मिल कर एक महान राष्ट्र का निर्माण करेंगे।

## भाजपा 180 भी पार करने की हालत में नहीं : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि लोकसभा चुनावों में भाजपा 180 से ज्यादा सीटें जीतने की स्थिति में नहीं है। श्री गांधी ने इंडिया समूह की लोकतंत्र बचाओ महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट में मैच फिक्सिंग शब्द होता है।

श्री मोदी इस चुनाव में मैच फिक्सिंग करने की कोशिश कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का 400 पार का नारा, बिना ईवीएम, बिना मैच फिक्सिंग के 180 पार नहीं होने जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि नरेंद्र मोदी मैच फिक्सिंग से चुनाव जीत कर संविधान बदलना चाहते हैं। प्लेयर खरीद कर, कैप्टन को डरा कर, अंपायर पर दबाव डाल कर और ईवीएम के दम पर 400 पार का नारा लगा रहे हैं।

जबकि हकीकत में सब मिलाकर भी वह 180 पार करने की हालत में नहीं हैं। श्री गांधी ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने और संविधान की रक्षा का चुनाव है।

## उद्धव ठाकरे बोले-पूरा देश कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल साथ



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि आप लोग (कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल) चिंता मत करो, सिर्फ हम ही नहीं पूरा देश आपके साथ है। कुछ दिन पहले आशंका थी कि क्या हमारा देश तानाशाही की ओर चल रहा है? लेकिन अब ये आशंका नहीं सच्चाई हो गई है। भाजपा पार्टी को लग रहा होगा कि अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने से लोग डर जाएंगे लेकिन उन्होंने अपने देशवासियों को कभी पहचाना नहीं। बहन लड़ रही तो भाई क्यों पीछे रहे। उन्होंने कहा कि मेरे भारत में हर कोई डरने वाला नहीं, लड़ने वाला है। भाजपा सरकार ने किसानों को दिल्ली आने से रोका। अब भाजपा को दिल्ली आने से रोकना होगा। ईडी, आईटी और सीबीआई ये सभी बीजेपी की साथी पार्टियां हैं। बीजेपी देश के लिए खतरनाक हो गई है।

## केजरीवाल को परेशान कर रही भाजपा : मुफ्ती



जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को इसलिए परेशान किया गया ताकि वो भाजपा में चला जाए। भ्रष्टाचारी बता रहे हैं। उसका क्या कसूर था। उन्होंने अच्छे स्कूल और अस्पताल बनाए। भाजपा पर हमला करते हुए मुफ्ती ने कहा कि इनको अगर परिवारवाद से दिक्कत होती तो सिंधिया जैसे नेताओं को ना लेते। इनको बस नेहरू गांधी परिवार से दिक्कत है। उन्होंने कहा कि दो करोड़ नौकरियां देने की बात की गई थी, लेकिन इन्होंने नौजवानों का अपराधीकरण किया उनसे दंगा कराए। कौन क्या खा रहा है ये दिखाया।

## राष्ट्रपति ने लालकृष्ण आडवाणी को आवास पर जाकर दिया भारत रत्न



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया। इस अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति कार्यालय से सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी गई। इसके अनुसार राष्ट्रपति ने लालकृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर जाकर भारत रत्न प्रदान किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य उपस्थित थे। एक दिन पहले यानी शनिवार को राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह एवं पीवी नरसिम्हा राव और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर एवं वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। इन विभूतियों के स्वजनों ने राष्ट्रपति से भारत रत्न सम्मान प्राप्त किया।

आडवाणी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और नानाजी देशमुख के बाद ये सम्मान पाने वाले भाजपा एवं संघ परिवार से जुड़े तीसरे व्यक्ति हैं। आडवाणी ने सात दशक से अधिक समय तक अटूट समर्पण और असाधारण कौशल के साथ देश की सेवा की है। वर्ष 1927 में कराची में जन्मे आडवाणी 1947 में विभाजन की पृष्ठभूमि में भारत चले आए। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अपने दृष्टिकोण के साथ उन्होंने पूरे देश में दशकों तक कड़ी मेहनत की और सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन किया। एक सांसद के रूप में संवाद पर उनकी आस्था ने संसदीय परंपराओं को समृद्ध किया।

## अमित शाह ने सीकर में किया रोड शो



**सीकर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत कर दी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को राजस्थान के सीकर में पार्टी प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती के समर्थन में रोड शो किया। श्री शाह ने चुनाव प्रचार की शुरूआत सायं सवा पांच बजे कल्याणजी मंदिर से रोड शो शुरू करके की ।रोड शो शहर के कल्याण जी के मंदिर से शुरू होकर घंटाघर, जाट बाजार होते हुए तापड़िया बगीची पहुंचा। शाह के रोड में जन सैलाब उमड़ पड़ा और सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में खड़े पार्टी कार्यकताओं सहित लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करके श्री शाह का स्वागत किया।

## फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फर्स्ट के बीच है चुनाव : योगी

- चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों का किया सम्मान



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक ओर भाजपा और सहयोगी दल नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने को कार्य कर रही है। जबकि दूसरी ओर विभाजनकारी ताकतें परिवारवाद, जातिवाद से सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न करने का काम रहे हैं। यह चुनाव फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फर्स्ट के बीच का है। मोदीजी की गारंटी पर देश को यकीन है। योगी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के बाद प्रदेश व देश की तकदीर बदल दी और नए भारत का दर्शन कराया है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न का सम्मान देकर प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों का सम्मान किया है। इससे देश के किसान प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं और आभार प्रकट करता है। आजादी के अमृत काल में देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्माई नेतृत्व प्राप्त हुआ है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले दस वर्ष में देश के अंदर नए भारत का दर्शन कराया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव मात्र चुनाव नहीं है, बल्कि उन लोगों को सही जगह दिखाने का का समय है। जिन्होंने सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न करने का काम किया है। फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फर्स्ट के बीच का है। माफिया राज बनाम कानून के बीच का है। भ्रष्टाचार बनाम जीरो टोलरेंस के बीच का है। तुष्टिकरण बनाम सबका साथ, सबका विकास के बीच का है।

## संघ प्रमुख भागवत ने की मां नर्मदा की पूजा



**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार अमरकंटक में नर्मदा उद्गम स्थल पर मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। उन्होंने मंदिर परिसर का अवलोकन भी किया। इस दौरान सरसंघचालक डॉ. भागवत के साथ अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य भैयाजी जोशी भी मौजूद रहे। डॉ. भागवत अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम पहुंचे और यहां शिव अभिषेक पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रमुख संतों, प्रचारकों के साथ उन्होंने यहां हवन और आरती में हिस्सा लिया।

## इंदिरा गांधी ने श्रीलंका को सौंपा था काचाथीवु द्वीप

एजेंसी

**आरटीआइ का खुलासा**

- तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष अन्नामलाई को सूचना अधिकार के तहत मिली जानकारी
- भारत से 20 किलोमीटर दूर है और 1.9 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है यह द्वीप
- यह बात आंखें खोलने वाली और चौंका देने वाली है : मोदी




**नयी दिल्ली।** तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष अन्नामलाई ने सूचना अधिकार के तहत बेहद चौकाने वाले जानकारी सामने लाई है। भारत और श्रीलंका बीच रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण द्वीप तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1974 में श्रीलंका को सौंप दिया था। वर्तमान में काचाथीवु नाम के इस द्वीप पर श्रीलंका का अधिकार है और वहां एक चर्च बना हुआ है। हिंद महासागर में कचातिवु द्वीप भारत के दक्षिणी सिरे पर और श्रीलंका के मध्य में स्थित है। हालाँकि ज्वालामुखी विस्फोट के कारण यह द्वीप निर्जन है, फिर भी यह द्वीप रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। वर्तमान में यह पूरी तरह से श्रीलंका के नियंत्रण में है। इस द्वीप पर एक चर्च है और यह द्वीप मछुआरों के लिए बहुत उपयोगी है। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, यह द्वीप भारत से 20 किलोमीटर दूर है और 1.9 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। भारत की स्वतंत्रता के बाद इस द्वीप पर श्रीलंका (सीलोन) ने दावा किया। 1955 में सीलोन नौसेना ने इस द्वीप पर सैन्य अभ्यास किया था। इसके बाद भारतीय नौसेना ने इस स्थान पर युद्धाभ्यास किया था। हालांकि, श्रीलंका ने इस पर आपत्ति जताई थी। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने एकबार संसद में कहा था कि मैं नहीं चाहता कि इस द्वीप के मुद्दे पर दोबारा संसद में चर्चा हो। हम इस द्वीप पर अपना दावा छोड़ने में संकोच नहीं करेंगे। तत्कालीन राष्ट्रमंडल सचिव वाईडी गुंडेविया ने इस संबंध में एक रिपोर्ट बनाई थी। इस रिपोर्ट को 1968 में सलाहकार समिति द्वारा पृष्ठभूमि के रूप में उपयोग किया गया था। इस द्वीप पर 17वीं शताब्दी तक मदुरै के राजा रामनाद का शासन था। फिर यह द्वीप ब्रिटिश शासन के दौरान मद्रास प्रेसिडेंसी के तहत भारत आया। इस द्वीप का उपयोग मछुआरों द्वारा किया जाता था। यह द्वीप हमेशा से दोनों देशों के बीच तनाव का कारण रहा है। इसके बाद 1974 में दोनों देशों के बीच बैठकें हुईं। पहली बैठक कोलंबो और दूसरी नई दिल्ली में हुई थी। इसके बाद इंदिरा गांधी ने यह द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया। कच्चदीवु रामेश्वरम से 20 किमी की दूरी पर स्थित एक निर्जन द्वीप है, जहां केवल एक चर्च मौजूद है। द्वीप 1974 तक भारत के पास था। इसके बाद इसे श्रीलंका को दे दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक समाचार साझा करते हुए सोशल मीडिया पर कहा कि यह बात आंखें खोलने वाली और चौंका देने वाली है। नए तथ्यों से पता चलता है कि कैसे कांग्रेस ने लापरवाही करते हुए कच्चतीवु को छोड़ दिया। इससे हर भारतीय नाराज है और लोगों के मन में यह बात बैठ गई है कि हम कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर सकते।

## कंगना ने गृह हलके में शुरू किया प्रचार



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने गृह हलके में चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। कंगना को शनिवार को नुक्कड़ सभाओं और स्वागत के बहाने चुनाव प्रचार का आगाज करना था, लेकिन इसमें मौसम ने खलल डाल दिया। शनिवार को उन्होंने घर में ही कार्यकताओं से मुलाकात की। कंगना के पक्ष में फिलहाल स्थानीय भाजपा विधायक दिलीप ठाकुर और भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने मोर्चा संभाला है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !